31
अक्टूबर 2026
शनिवार
विक्रम 2083, हिजरी 1448
कार्तिक कृष्ण षष्ठी

बदलते जमाने का अखबार

पीपुल्स समाचार

स्थापना वर्ष 2009
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, नई दिल्ली और उत्तरप्रदेश से प्रकाशित

भोपाल
सिटी
14 पृष्ठ ₹3.00
■ वर्ष-18 ■ अंक-241



राष्ट्रीय एकता दिवस

epapers.peoplessamachar.in peoplesupdate.com @PeoplesUpdate @peoplesupdateofficial PeoplesUpdateOfficial whatsapp 9644644460 @peoplesupdateofficial

INS विक्रांत पर पहली बार उतरा राफेल मरीन

■ नौसेना की ताकत बढ़ाने की दिशा में बड़ी उपलब्धि ■ चरणबद्ध तरीके से मिग-29के की जगह लेगा यह

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

नौसेना के स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत पर गुरुवार, 29 अक्टूबर को पहली बार राफेल मरीन लड़ाकू विमान ने सफल लैंडिंग की। अरब सागर में चल रहे परीक्षण के दौरान करीब 45 हजार टन वजनी विक्रांत पर राफेल-एम ने पहली ही कोशिश में अरेस्टेड लैंडिंग की। यह भारतीय नौसेना के विमानन इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे राफेल मरीन के विक्रांत के स्वदेशी तकनीकी सिस्टम के अनुकूल होने की पुष्टि हुई है। इसमें शॉर्ट टेक-ऑफ बट अरेस्टेड रिकवरी (स्टोबार) तकनीक का इस्तेमाल होता है।



राफेल मरीन की विशेषताएं

■ राफेल मरीन विमानवाहक पोत से उड़ान भरने में सक्षम। हवा में ईंधन भरने, कम ऊंचाई पर उड़ान भरने की भी क्षमता।

■ राफेल मरीन आधुनिक एईएसए रडार और लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों से लैस हैं।

■ इनमें मीटियोर हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल, एक्सोसेट एंटी-शिप मिसाइल और स्कैल्प क्रूज मिसाइल शामिल हैं।

टेक-ऑफ, लैंडिंग, डेक संचालन का परीक्षण

- **26** राफेल मरीन विमान फ्रांस से खरीदे जाएंगे
- **22** विमान सिंगल-सीटर लड़ाकू खरीदे जाएंगे, **4** विमान ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान होंगे
- **63,000** करोड़ रुपए कुल सौदे की कीमत
- **5** प्रमुख परीक्षण टेक-ऑफ, लैंडिंग, डेक संचालन, रात में लैंडिंग और हथियारों का एकीकरण।

मप्र के कर्मचारियों का डीए 60%, पेंशनर्स की महंगाई राहत 2% बढ़ी

7.50 लाख कर्मचारी और 4.50 लाख पेंशनर्स होंगे लाभान्वित

पीपुल्स ब्यूरो ● भोपाल
मो.नं. 9425174141

दिवाली से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 2-2 प्रतिशत वृद्धि की सौगात दी है। वित्त विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

वृद्धि के बाद कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) 58 से बढ़कर 60 प्रतिशत और पेंशनर्स की महंगाई राहत (डीआर) भी 60 प्रतिशत हो जाएगी। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के करीब 7.50 लाख शासकीय कर्मचारी और 4.50 लाख पेंशनर्स यानी कुल 12 लाख हितग्राही लाभान्वित होंगे।

कर्मचारियों को बढ़े हुए डीए का लाभ जनवरी 2026 से मिलेगा। जनवरी से सितंबर तक नौ महीने के एरियर का भुगतान तीन समान मासिक किस्तों में किया जाएगा। अक्टूबर के वेतन का भुगतान नवंबर में बढ़ी हुई दर से होगा। वहीं पेंशनर्स को जुलाई 2026 से बढ़ी हुई महंगाई राहत का लाभ मिलेगा।

केंद्र-राज्य के डीए में 3% का अंतर: केंद्र ने 28 अक्टूबर को डीए-डीआर में 3% वृद्धि को मंजूरी दी थी। इससे केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 63 % हो गया है। मप्र में 2% वृद्धि के बाद यह 60 प्रतिशत पहुंचेगा।

1 जनवरी 2026 से लंबित 2% और 1 जुलाई 2026 से 3% महंगाई राहत के भुगतान आदेश जल्द जारी करने की मांग मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव को पत्र लिखकर की थी। -**आमोद सक्सेना,** प्रदेश अध्यक्ष, पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन

इनसाइड स्टोरी

घरों पर सड़क बनेगी तो वोट नहीं मिलेंगे के पोस्टर लगे

▸ पेज-02

न्यूज ब्रीफ

मनीषा विमेंस वर्ल्ड रेसलिंग जीतने वाली पहली भारतीय

कजाकिस्तान। मनीषा भानवाला विमेंस वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उन्होंने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में अमेरिका की एबिगेल नेट को 59 किग्रा वर्ग के फाइनल में 8-6 से हराया। मनीषा ने आखिरी 3 मिनट में 7 पॉइंट हासिल कर मुकाबला अपने नाम किया। **पेज-9 देखें**

नेवी के लिए आठ स्टील्थ वॉरशिप बनाने को मंजूरी

नई दिल्ली। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) ने भारतीय नौसेना के लिए 8 अगली पीढ़ी के कार्वेट यानी नेक्स्ट जनरेशन कॉरवेट्स बनाने का विशाल प्रोजेक्ट मंजूर कर दिया है। इस प्रोजेक्ट की लागत करीब 40 हजार करोड़ रुपए है। हाल के समय में यह पहला बड़ा रक्षा प्रोजेक्ट है, जिसे शीर्ष स्तर पर मंजूरी मिली है।

पीपुल्स बुलेटिन

अब पीपुल्स अपडेट पर 5 मिनट में देखिए प्रमुख खबरें। स्कैन करें।

कार्टून कोना



मेट्रो स्टेशनों पर शॉपिंग के साथ खानपान की सुविधा, छह माह में खुलेंगे बाजार

भोपाल-इंदौर के 5 स्टेशनों पर 4,630 वर्गमीटर में खुलेंगी दुकानें, आउटलेट

अशोक गौतम ● भोपाल
मो.नं. 9827334317

भोपाल और इंदौर में मेट्रो का सफर अब केवल आवाजाही तक सीमित नहीं रहेगा। यात्रियों को स्टेशन परिसर में ही खरीदारी, खानपान और रोजमर्रा की जरूरतों का सामान मिल सकेगा। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने दोनों शहरों के पांच स्टेशनों पर अगले छह महीने में व्यावसायिक गतिविधियां शुरू कराने की तैयारी की है। इसके लिए कुल 4,630 वर्गमीटर जगह चिह्नित की गई है।

पीपुल्स समाचार स्पेशल

भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहा और सुभाष नगर मेट्रो स्टेशनों पर 3,230 वर्गमीटर क्षेत्र में दुकानें और आउटलेट खोलने के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। वहीं, इंदौर के आईएसबीटी, हीरानगर और बापट स्टेशनों पर 1,400 वर्गमीटर जगह व्यावसायिक उपयोग के लिए अधिसूचित करने की तैयारी है। यहां जल्द टेंडर जारी होंगे। इस पहल से करीब दस हजार लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।



भोपाल मेट्रो: भोपाल में लगभग 7 से 7.1 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर मेट्रो का संचालन हो रहा है और इस मार्ग पर 8 स्टेशन बने हुए हैं।

इंदौर मेट्रो: इंदौर में लगभग 17 से 17.5 किलोमीटर लंबे मेट्रो रूट पर मेट्रो सेवा का संचालन हो रहा है। इस रूट पर कुल 16 स्टेशन हैं।

दो साल तक नहीं छोड़ सकेंगे आवंटित जगह

टेंडर की शर्तों के मुताबिक, चयनित फर्म को दस साल के लिए व्यावसायिक स्थान मिलेगा। शुरुआती दो साल की लॉक-इन अवधि रहेगी। अनुबंध समाप्त करने के लिए 180 दिन पहले नोटिस देना होगा। आवंटित जगह का आंशिक समर्पण नहीं किया जा सकेगा।

अपने खर्च पर विकसित करने होंगे आउटलेट

व्यावसायिक स्थान का विकास चयनित फर्म को अपने खर्च पर करना होगा। मेट्रो की अनुमति से केवल अस्थायी संरचनाएं बनाई जा सकेंगी। यात्रियों के आवागमन में बाधा नहीं आनी चाहिए। सुरक्षा और स्टेशन की संरचना से जुड़े मानकों का पालन अनिवार्य होगा।

हर तीन महीने में देना होगा किराया: फर्म को प्रति वर्गमीटर मासिक दर के आधार पर बोली लगानी होगी। निर्धारित लाइसेंस शुल्क का भुगतान प्रत्येक तिमाही अग्रिम करना होगा। जीएसटी, बिजली, पानी और अन्य शुल्क अलग से देय होंगे।

बोर्ड आफिस स्टेशन के लिए

- **710** वर्गमीटर व्यावसायिक जगह
- **10** साल की लाइसेंस अवधि
- **02** साल की लॉक-इन अवधि
- **1.20** लाख रुपए अमानत राशि
- **86.27** लाख रुपए न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर की पात्रता
- **16** नवंबर बोली जमा करने की अंतिम तारीख होगी
- **17** नवंबर ऑनलाइन टेंडर खोलने की तारीख होगी

सुभाष नगर स्टेशन के लिए

- **2,520** वर्गमीटर व्यावसायिक जगह आवंटित जगह होगी।
- **4.20** लाख रुपए निविदा की अमानत राशि होगी।
- **3.13** करोड़ रुपए न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर की पात्रता
- **05** प्रतिशत हर साल लाइसेंस शुल्क में वृद्धि की जाएगी
- **ऑनलाइन बोली** जमा करने की अंतिम तारीख 16 नवंबर होगी
- **ऑनलाइन टेंडर** खोलने की तारीख 17 नवंबर होगी।

व्यावसायिक स्थान तैयार करने के लिए 6 माह का समय

फर्म को जगह मिलने के बाद व्यावसायिक उपयोग के अनुरूप तैयार करने के लिए 180 दिन की फिटमेंट अवधि मिलेगी। इसके बाद लाइसेंस शुल्क लागू होगा। यदि व्यावसायिक संचालन पहले शुरू होता है, तो शुल्क भी नियमानुसार पहले लग सकता है।

हर साल 5 प्रतिशत बढ़ेगा किराया: चयनित फर्म को प्रत्येक तिमाही का लाइसेंस शुल्क अग्रिम जमा करना होगा। इसमें हर साल पांच प्रतिशत चक्रवृद्धि वृद्धि होगी।

नॉन टिकिटिंग रेवन्यू पर काम किया जा रहा है। इसमें स्टेशनों के नामकरण, उत्घोषणा, सहित विज्ञापनों के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। अब भोपाल इंदौर के स्टेशनों पर आउटलेट सहित अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने के लिए विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं।

-**एस कृष्ण चैतन्य,** एमडी, मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

इंदौर में भाजपा ने निकाली पदयात्रा

युवा पीढ़ी को भ्रम व भटकाव से बचाकर सही दिशा देंगे: सीएम



इंदौर। पदयात्रा सुभाष नगर चौराहे से शुरू होकर पाटनीपुरा चौराहे पर समाप्त हुई।

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9584460010

इंदौर में शुक्रवार को भाजपा ने 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' के नारे के साथ पदयात्रा निकाली। सुभाष नगर चौराहे से शुरू होकर पाटनीपुरा चौराहे पर समाप्त हुई इस यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पदयात्रा में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद रहे।

सभा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोगों को संविधान, कानून के शासन और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं को उचित दिशा देने और निजी हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम अपनी युवा पीढ़ी को भ्रम और भटकाव से बचाकर सही दिशा देंगे। राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे।



सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

विस्तृत खबर के लिए स्कैन करें।

कूनो के चीता गोलीकांड केस में छह वनकर्मी निलंबित

एसटीएफ ने 3 संदेहियों को हिरासत में लिया

पीपुल्स ब्यूरो ● भोपाल
मो.नं. 9425018933

कूनो क्षेत्र में 19 माह के नर चीता शावक KNG22 की गोली लगने से हुई मौत के मामले में वन विभाग ने छह वनकर्मियों पर प्रकरण (पीओआर) दर्ज कर उन्हें निलंबित कर दिया है।

इनमें मुरैना और श्योपुर वन मंडल के मैदानी अमले के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद चीते की सुरक्षा और निगरानी में हुई चूक को लेकर विभागीय जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मुरैना वन मंडल से रेंजर आकाश तोमर, पहाड़गंज सबरेंज के डिप्टी रेंजर कीर्ति कुमार शांडिल्य और बीट गार्ड दिनेश गरैया को निलंबित किया गया है। वहीं, श्योपुर वन मंडल से विजयपुर रेंज के रेंजर जाहर सिंह गौड़, डिप्टी रेंजर गब्बर सिंह बजोरिया और बीट गार्ड कुलदीप सिंह गुर्जर पर कार्रवाई हुई है। वहीं, एसटीएफ ने तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शावक की गोली लगने से मौत के बाद वन विभाग की ट्रैकिंग, निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे थे।

उत्तराखंड के जोशीमठ में हेलिकॉप्टर क्रैश, छह लोगों की मौत

चमोली। बदरीनाथ से देहरादून लौट रहा एक हेलिकॉप्टर जोशीमठ के नजदीक छाई गांव वनक्षेत्र में क्रैश हो गया है। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी ने बताया कि हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई है।

उन्होंने बताया कि सेना मौके पर पहुंची और शवों का रेस्क्यू किया। जिलाधिकारी चमोली गौरव कुमार के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। हेलिकॉप्टर ट्रांस भारत कंपनी का है। मृतकों में सभी यात्री कर्नाटक के और पायलट दिल्ली का है।

भूटान में ग्लेशियर झील टूटी, बंगाल-असम में अलर्ट



भूटान में ग्लेशियर फटने की वजह से सोलर सिंचाई सिस्टम तबाह हो गया है। फोटो सोर्स: X

कोलकाता। भूटान में गुरुवार देर रात शिंताफू ग्लेशियर झील फटने से भारी तबाही हुई। पानी के तेज बहाव में यहां का मशहूर गर्म पानी का कुंड 'गासा त्साचु' पूरी तरह बह गया। इससे पुनाखा-गासा हाईवे का एक हिस्सा भी टूट गया, जिससे वहां ट्रैफिक बंद करना पड़ा। हालांकि, किसी की मौत की खबर नहीं है। झील से निकले पानी के कारण संकोश नदी का जलस्तर बढ़ गया है। यह नदी भूटान से निकलकर असम और पश्चिम बंगाल की सीमा वाले इलाकों से गुजरती है और आगे ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है। दोनों राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा प्रबंधन की टीमें भी तैनात की गई हैं।

पीपुल्स समाचार

कोर्ट तक पहुंची तकरार, करवा चौथ पर 29 जोड़ों में फिर जगा प्यार

प्रदेश में एक ही दिन फैमिली कोर्ट पहुंचकर दंपतियों ने वापस लिए केस, फिर थामा एक-दूसरे का हाथ

पल्लवी वाघेला ● भोपाल
मो.नं. 9827229058

कभी इसी रिश्ते में साथ जीने-मरने की कसमें खाई थीं, लेकिन वक्त के साथ छोटी-छोटी बातें इतनी बढ़ी कि मामला पुलिस थाने और फिर फैमिली कोर्ट तक पहुंच गया। नौबत अलगाव तक आ गई, लेकिन करवा चौथ के मौके पर रिश्तों की इस कड़वाहट पर प्यार भारी पड़ा।

पीपुल्स समाचार वीकेंड स्पेशल

व्रत, पूजा और एक-दूसरे के प्रति भावनाओं ने ऐसी पहल की कि भोपाल में छह परिवारों में फिर से खुशियां लौट आईं। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में भी करीब 29 परिवारों के बीच इसी तरह सुलह हुई है।



प्रदेश के प्रमुख नगरों में आए मामले	इंदौर	भोपाल	ग्वालियर	जबलपुर	अन्य
	04	06	03	06	10

इंदौर: नाराजगी हुई दूर

इंदौर के दंपति के बीच शादी के कुछ समय बाद विवाद शुरू हो गया था। मामला कोर्ट पहुंच गया। तीन साल बाद एक हफ्ते पहले कोर्ट की तारीख लगी। उन्हें कहा गया कि करवा चौथ साथ मनाएं। पत्नी ने व्रत रखा तो पति भी पूजा में शामिल हुआ। इसके बाद दोनों ने साथ रहने का फैसला किया।

भोपाल: 6 साल पहले किया केस

अयोध्या बायपास निवासी महिला ने छह साल पहले पति पर दहेज प्रताड़ना का केस लगाया था। कोर्ट में पत्नी ने कहा कि अब सारे त्योहार भी वो अकेली मनाती है। जज ने करवा चौथ एक साथ मनाने की सलाह दी। दोनों ने करवा चौथ मनाया और अब केस वापस ले लिया है।

करवाचौथ जैसे अवसर पर पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रति अपने लगाव और जिम्मेदारियों को नए सिरे से महसूस कर सकते हैं। कई बार वैवाहिक विवाद की वजह कोई बड़ी समस्या नहीं, बल्कि संवाद की कमी, अहंकार और एक-दूसरे को पर्याप्त समय न देना होती है।

-**शैल अवस्थी,** काउंसलर, फैमिली कोर्ट, भोपाल

रिश्ता टूटने पर सहमति से बने संबंध को दुष्कर्म नहीं माना जा सकता: SC

असफल रिश्तों को आपराधिक मामलों में बदलने के चलन पर जताई चिंता

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी रिश्ते के दौरान आपसी सहमति से बने यौन संबंध को केवल इसलिए दुष्कर्म नहीं माना जा सकता, क्योंकि बाद में रिश्ता खराब हो गया या टूट गया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने असफल रिश्तों को आपराधिक मामलों में बदलने के बढ़ते चलन पर चिंता जताई। पीठ ने कहा कि दुष्कर्म गंभीर अपराध है और इसका आरोप उन्हीं मामलों में लगाया जाना चाहिए, जहां वास्तव में यौन हिंसा, जबरदस्ती या सहमति हासिल करने के लिए धोखाधड़ी हुई हो। पीठ ने केरल के निवासी संतोष कुमार एनपी को दुष्कर्म और धोखाधड़ी के आरोपों से बरी करते हुए यह टिप्पणी की। आरोपी ने केरल हाई कोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उसकी आरोप मुक्त करने करने की याचिका खारिज कर दी गई थी।



पुरुषों को भी रिश्ता खत्म करने का अधिकार

- पुरुष को रिश्ता खत्म करने का अधिकार है। उसके इस फैसले को अपने आप छल या धोखाधड़ी नहीं कहा जा सकता।
- आपसी सहमति से बने यौन संबंध को सिर्फ रिश्ता टूटने के आधार पर दुष्कर्म नहीं माना जा सकता।
- शुरुआत से ही धोखे या छल से हासिल की गई सहमति और बाद में रिश्ते के टूटने पर पछतावे के मामलों में अंतर करना जरूरी है।





Powered by

PEOPLE'S UPDATE
TRUSTED · TIMELY · TRANSPARENT

क्यूआर कोड स्कैन करें और peoplesupdate.com पर पढ़ें यह समाचार

- जर्मन शिक्षिका फर्जी तरीके से 16 साल तक पेड सिक लीव पर रही, बिना ड्यूटी लिया वेतन...
- हवाई सफर या खतरे की घंटी? स्पाइसजेट की खिड़की पर टेप देख भड़के यात्री...
- भारत का अपना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म AboutUs लॉन्च, एक ही जगह मिलेंगी नौकरी....
- चंद्रमा पर इतिहास रचने को तैयार HPE का सुपर कंप्यूटर, होगा AI व GPU का परीक्षण
- एंटीबायोटिक लेते समय ज्यादा चीनी खाना खतरनाक, अच्छे बैक्टीरिया को होता है नुकसान...

राजधानी के कई इलाकों में आज 6 घंटे तक होगी बिजली कटौती

भोपाल। राजधानी के कई इलाकों में शनिवार को बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। इस दौरान 2 से 6 घंटे तक बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी।

- साउथ एन्क्लेव, सेवॉय अपार्टमेंट, श्वेता कॉम्पलेक्स, आयकर कॉलोनी, भारत नगर, बसंत कुंज, डीके गोल्ड, दानापानी, अंशल प्रधान, आकांक्षा एन्क्लेव, साई आर्चेड, दूरसंचार नगर एवं आसपास दोपहर 1 से 3 बजे तक।
- यादवपुरा, पंजाब ज्वैलर्स, राज भवन 1 नं. आपूर्ति एवं आसपास दोपहर 12 से 3 बजे तक।
- ग्वाल मुहल्ला, कठपुतली मुहल्ला, 24 क्वार्टर, रोशनपुरा जेजे, मालवीय नगर शारदा अपार्टमेंट, जीवन सागर अपार्टमेंट, श्री राम अपार्टमेंट, काशी कॉम्पलेक्स, आंचल टावर एवं आसपास दोपहर 12 से 4 बजे तक।
- केवड़ावाला बाग, पात्रा रोड, पात्रा सॉ मिल्स, भारत टॉकीज चौराहा, पुष्पम अपार्टमेंट पटेल नगर, संगम टॉकीज, शीतल हाइट्स, साईं पार्क नगर, निर्मल एस्टेट, एक्सेल एस्टेट, फॉर्च्यून सौम्या हेरिटेज, झरनेश्वर, ड्रीम लैंड कॉलोनी एवं आसपास सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक।
- ग्लोबस ग्रीन, ग्रीन एसर, ओम शिव नगर, लेबर कॉलोनी, अजंता कॉम्पलेक्स, अप्सरा कॉम्पलेक्स, रविदास नगर, शांति नगर, भारत नगर, कर्मवीर नगर, राज सम्राट, भवानी नगर, जनता नगर, जनता क्वार्टर, पंचवटी फेज- I, II, नबी बाग, आराधना नगर, रतन कॉलोनी, मोती लाल नगर, कृष्णा कॉलोनी, व्यंजन ढाबा, थाना नबी बाग एवं आसपास सुबह 10 से शाम 4 बजे तक।
- यादगार ए शाहजानी पार्क, लेडी हॉस्पिटल एवं आसपास सुबह 11 से शाम 5 बजे तक।

विंध्य प्रदेश की मांग को लेकर 1 नवंबर से शुरू होगा अभियान

भोपाल। विंध्य प्रदेश के पुनर्गठन की मांग को लेकर बघेलखंड विंध्य आदर्श समाज की ओर से एक नवंबर से भोपाल में ऐतिहासिक 'विंध्य प्रदेश अभियान' शुरू किया जाएगा। अभियान की शुरुआत डॉ. अंबेडकर पार्क, सेकंड स्टॉप तुलसी नगर से होगी। इस संबंध में शुक्रवार को समाज के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी सूरज ने बताया कि अभियान के तहत क्षेत्र के विकास, अधिकारों और जनहित से जुड़े मुद्दों को शामिल करते हुए 9 सूत्रीय मांग पत्र की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। इस अभियान से जुड़ने के लिए लोगों से अपील की है।

मांग

लोक रंगों से सजी राजधानी: सड़कों पर दिखी प्रदेश की लोक सांस्कृतिक विरासत







भोपाल। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उत्सव से पहले शुक्रवार को राजधानी की सड़कों पर लोक संस्कृति के रंग बिखरे। सांस्कृतिक गौरव यात्रा में मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों के 400 से अधिक लोक एवं जनजातीय कलाकार शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा, रंग-बिरंगे परिधानों और लोकवाद्यों की धुनों के बीच कलाकारों ने लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इस आयोजन के जरिए प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और जनजातीय विरासत को प्रदर्शित किया गया। स्थापना दिवस के पूर्व 30 अक्टूबर को संतनगर से और दूसरी यात्रा जवाहर चौक से निकाली गई। वहीं, 1 से 3 नवंबर तक लाल परेड ग्राउंड में तीन दिवसीय राज्योत्सव होगा। इस बार आयोजन की थीम 'विरासत से विकास' रखी गई है।

पीपुल्स समाचार

मिसरोद गांव से 45 मीटर चौड़ी सड़क निकालने का विरोध

घरों पर सड़क बनेगी तो वोट नहीं मिलेंगे के पोस्टर लगे, नेताओं की भी नो एंट्री

एक नजर में प्रस्तावित सड़क

- **25** फीट के करीब वर्तमान में चौड़ाई
- **45** मीटर चौड़ाई करना प्रस्तावित
- **01** किलोमीटर से अधिक लंबी सड़क
- **400** मकान चौड़ीकरण की जद में आएंगे

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9977029213

भोपाल मास्टर प्लान 2047 के ड्राफ्ट में मिसरोद गांव आबादी के बीच से प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क को लेकर रहवासियों और किसानों ने विरोध जताते हुए मोर्चा खोल दिया है। पिछले सप्ताह टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी) कार्यालय में आपत्तियां दर्ज कराने के बाद अब रहवासियों ने अपने घरों की दीवारों पर पोस्टर चस्पा कर विरोध शुरू कर दिया हैं। पोस्टरों में लिखा है कि सड़क नहीं हटेगी तो नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में वोट नहीं मिलेगा। इतना ही नहीं मिसरोद गांव में राजनीतिक व्यक्तियों के प्रवेश पर भी पूरी तरह से रोक लगाई है।

मिसरोद का पोस्टर अभियान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है,जिसे शहर के अन्य लोगों का भी समर्थन मिला। गांवों के लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग है कि आबादी के बीच से प्रस्तावित सड़क को हटाकर वैकल्पिक बायपास मार्ग पर विचार किया जाए। साथ ही सार्वजनिक सुनवाई कर गांव की आबादी, किसानों की जमीन, जल स्रोतों, पेड़ों और पर्यावरण को सुरक्षित रखा जाए।



घर के बाहर लगे पोस्टर।

मकानों पर मंडराने लगा विस्थापन का खतरा

सड़क यदि ग्राम आबादी के बीच से गुजरती है तो कई परिवारों के मकान इसकी जद में आएंगे। ग्रामीणों को आशंका है कि वर्षों से बसे घरों को हटाने की नौबत आएगी। इससे परिवारों के सामने संकट खड़ा हो सकता है।

खेती की जमीन के साथ आजीविका पर भी संकट

प्रस्तावित सड़क से उनकी कृषि भूमि प्रभावित होगी। जमीन का हिस्सा सड़क में जाने से खेती का रकबा घटेगा और परिवारों की आय पर असर पड़ेगा। जमीन प्रभावित होने पर आर्थिक परेशानियां बढ़ेंगी।

कार रैली से पहले भी जता चुके हैं विरोध

मिसरोदवासी पहले कारों की रैली निकालकर टीएंडसीपी कार्यालय पहुंचे थे। यहां उन्होंने मास्टर प्लान 2047 के ड्राफ्ट में प्रस्तावित सड़क के खिलाफ आपत्तियां दर्ज कराई थीं। स्थानीय स्तर पर इसे ड्राफ्ट के खिलाफ दूसरी बड़ी आपत्ति बताया है। अब पोस्टर अभियान से ग्रामीण अपनी मांगों को सार्वजनिक रूप से उठा रहे हैं।



इस तरह के लोगों ने लगाए पोस्टर।

बायपास बनाने और सार्वजनिक सुनवाई की मांग : ग्रामीणों की मांग है कि 45 मी. चौड़ी सड़क को ग्राम आबादी के बीच से निकालने के बजाय वैकल्पिक बायपास मार्ग पर विचार किया जाए। इसके लिए ग्रामवासियों की सार्वजनिक सुनवाई हो।

मास्टर प्लान के ड्राफ्ट हो लेकर दावे-आपत्तियां आए हैं। दावे-आपत्तियों व सुझावों को देखा जा रहा है। मिसरोद के लोगों ने भी सड़क चौड़ीकरण को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई हैं। जल्द ही सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। **-कौशलेंद्र विक्रम सिंह,** आयुक्त सह-संचालक टीएंडसीपी

क्या कहते हैं ग्रामीण


मिसरोद की ग्राम आबादी के बीच से 45 मीटर चौड़ी सड़क निकालने का प्रस्ताव यहां के लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। **-अजय पाटीदार,** समाजसेवी


प्रस्तावित 45 मीटर सड़क को हटाया जाए। सड़क बनने से हमारे घर, खेत और वर्षों से बसा गांव प्रभावित होगा। **-रामविलास पाटीदार,** रहवासी


मिसरोद पुराना गांव है। सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान है। ग्राम आबादी को सुरक्षित रखा जाए। **-पं. भंवरलाल शर्मा,** रहवासी


प्रस्तावित सड़क बनने से किसानों की कृषि भूमि, मकान, पेड़ प्रभावित होने की आशंका है। **-नर्मदा प्रसाद,** रहवासी

इज्तिमा की तैयारियों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

भोपाल। ईंटखेड़ी में 4 से 7 दिसंबर तक आयोजित होने वाले आलमी तब्लीगी इज्तिमा की तैयारियों को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और एसपी ग्रामीण पंकज पांडे ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर समीक्षा बैठक की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि देश-विदेश से आने वाली जमातों के लिए पेयजल, बिजली, स्वच्छता, स्वास्थ्य और पहुंच मार्गों की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस काम में किसी भी तरह की लापरवाही सामने नहीं आनी चाहिए। खाद्य सामग्री और पेयजल की नियमित जांच के साथ चिकित्सकों व एंबुलेंस की 24 घंटे उपलब्धता रखने को कहा।

1 नवंबर से भोपाल मंडल होकर चलेगी पुणे-दानापुर हड़पसर स्पेशल ट्रेन

भोपाल। त्योहारी सीजन और यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष किराये पर पुणे-दानापुर-हड़पसर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 01441/01442 का संचालन 1 नवंबर से 15 नवंबर 2026 तक किया जाएगा। पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन (01441) रविवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को 1 से 13 नवंबर तक कुल 9 ट्रिप संचालित होगी। दानापुर-हड़पसर स्पेशल ट्रेन (01442) मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार, रविवार एवं सोमवार को 3 से 15 नवंबर तक 9 ट्रिप लगाएगी। यह दानापुर से सुबह 8:30 बजे रवाना होगी।

बिना तैयारी के वैल्यू एडेड कोर्स की परीक्षा देंगे 35 हजार विद्यार्थी

बीयू ने परीक्षा से कुछ दिन पहले जारी किया सिलेबस

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9893231237

बरकतउल्ला विवि (बीयू) में पीजी सेकंड सेमेस्टर के विद्यार्थियों को बिना पढ़ाई और स्टडी मटेरियल के ही वैल्यू एडेड कोर्स की परीक्षा देनी होगी। एमए, एमएससी, एमकॉम और होम साइंस के करीब 35 हजार विद्यार्थी 4 नवंबर से शुरू होने वाली परीक्षाओं में पहली बार इस नए कोर्स का पेपर हल करेंगे।

ज्ञात हो कि सेमेस्टर की पढ़ाई के दौरान न तो विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं लगीं और न ही प्रोफेसरों को अध्यापन के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश मिले। अब परीक्षा से चंद दिन पहले विश्वविद्यालय ने इसका सिलेबस जारी किया है।

सात जिलों में 50 परीक्षा केंद्र

बीयू की परीक्षाएं 4 से 19 नवंबर तक चलेंगी। इसके लिए सात जिलों में 50 से अधिक केंद्र बनाए गए हैं। ढाई सौ से अधिक कॉलेजों के विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा एक ही पाली में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने नकल रोकने निगरानी के लिए इंतजाम किए हैं।

वैल्यू एडेड कोर्स का सिलेबस जारी कर दिया है। स्टूडेंट्स को परेशानी नहीं होगी। परीक्षा सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से कराने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।
- प्रो. समर सिंह, कुलसचिव, बीयू

गलत पते पर पेड़ काटने की अनुमति का आरोप

चंदनपुरा बाघ भ्रमण क्षेत्र में टॉवर निर्माण पर उठे सवाल, अनुमति निरस्त की मांग

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9300697983

कलियासोत बांध के डूब क्षेत्र, खुशीलाल अस्पताल के पीछे और चंदनपुरा बाघ भ्रमण क्षेत्र में पेड़ कटाई और टॉवर निर्माण को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। शिकायतकर्ता राशिद नूर खान ने कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि चंदनपुरा बाघ भ्रमण क्षेत्र में चल रहे टॉवर निर्माण के लिए ऐसी अनुमति का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसमें कार्यस्थल का पता अलग दर्शाया गया है।

उन्होंने इसे गंभीर पर्यावरणीय मामला बताते हुए तत्काल काम और पेड़ कटाई रुकवाने की मांग की है। शिकायतकर्ता राशिद नूर के मुताबिक, 30 अक्टूबर को चंदनपुरा बाघ भ्रमण क्षेत्र के 13 शटर के पास पहुंचे। यहां टॉवर निर्माण का काम चलता मिला। मौके पर मौजूद इंजीनियर से अनुमति पत्र मांगा गया तो उसमें कार्यस्थल के रूप में चंदनपुरा बाघ भ्रमण क्षेत्र का पता दर्ज नहीं था। अनुमति पत्र में खुशीलाल अस्पताल के पीछे एवं कलियासोत बांध का डूब क्षेत्र अंकित होने का दावा किया गया है। शिकायतकर्ता ने इसी आधार पर पेड़ काटने की अनुमति की वैधता और उसके इस्तेमाल को लेकर जांच की मांग की है।


चंदनपुरा बाघ भ्रमण क्षेत्र में काटे गए पेड़।

61 व 24 पेड़ों की कटाई की अनुमति का भी हवाला

शिकायतकर्ता ने नगर निगम उद्यान विभाग की दो अनुमतियों का भी उल्लेख किया है। इनमें 23 जुलाई 2026 की अनुमति में कलियासोत बांध डूब क्षेत्र में 61 पेड़ों की कटाई तथा 18 जून 2026 की अनुमति में खुशीलाल अस्पताल के पीछे 24 पेड़ों की कटाई की अनुमति दिए जाने का उल्लेख है। ये अनुमतियां मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के कार्यों से संबंधित बताई गई हैं।

मामले की जांच कराई जाएगी

इस तरह की कोई शिकायत मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर गलत तरीके से पेड़ काटे गए हैं तो मामले की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।
- रामप्रकाश अहिरवार, आयुक्त, नगर निगम

पिता पर लगाए मारपीट के आरोप, दो दिन शेल्टर होम में रहने के बाद बताई सच्चाई, परिवार को सौंपा

ऑनलाइन गेम में गंवाए रुपए, मार पड़ी तो राजस्थान पहुंचा किशोर

पल्लवी वाघेला ● भोपाल
मो.नं. 9827229058

ऑनलाइन गेम में हजार रुपए गंवाने के बाद जब एक किशोर को इसके लिए सजा मिली तो उसका मन बगावत से भर गया। गुस्से में किशोर राजस्थान जा पहुंचा। यहां रेस्क्यू होने पर भी उसने सच्चाई नहीं बताई बल्कि इस बात पर अड़ा रहा कि पिता से उसकी जान को खतरा है। हालांकि, जब उसे शेल्टर होम रखा गया और मोबाइल नहीं मिला तो उसने खुद सारी सच्चाई बयां कर दी। यह 15 वर्षीय किशोर भोपाल के छोला थाना क्षेत्र का रहने वाला है और काउंसलिंग के बाद अब उसे भोपाल में परिवार को सौंप दिया गया है।



यह है मामला

छोला क्षेत्र निवासी किशोर के पिता सरकारी कर्मचारी हैं। कुछ दिन पहले उसकी मां ने उसे एक हजार रुपए देकर किराना सामान खरीदने भेजा था। करीब दो घंटे बाद भी जब वह घर नहीं लौटा तो पिता उसकी तलाश में निकले तो वह ऑनलाइन गेम खेलता मिला। किशोर गेम में पूरी रकम हार चुका था। पता चला कि उसके दोस्त ने नकद रुपए लेकर ऑनलाइन पेमेंट किया था।

पिटाई से नाराज था किशोर

पेमेंट की बात पर पिता नाराज हो गए और बेटे को घर लाकर उसकी पिटाई कर दी। इस बात से नाराज किशोर उसी रात घर से निकल गया और गुजरात की ओर जाने वाली ट्रेन में बैठकर रतलाम पहुंच गया। वहां से बांसवाड़ा जाने वाली बस मिलने पर वह उसमें सवार हो गया। किशोर ने बताया कि उसका परिवार मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है। हालांकि, उसने यहां आना तय नहीं किया था। भोपाल में उसे रात में जो ट्रेन मिली वह उसमें बैठ गया। रतलाम वह पहले भी आया है, इसलिए वहीं उतर गया।

पिता जान से मार देंगे

किशोर घर से पिता का महंगा मोबाइल फोन भी लेकर निकला था। रेस्क्यू होने पर किशोर ने मोबाइल बंद कर रखा था और बताया कि नई सिम खरीदने के बाद ही उसे चालू करने वाला था। रेस्क्यू होने के बाद पहले उसने नई कहानी बताई। उसने कहा कि शराबी पिता उसके साथ मार-पीट करते हैं, मां जीवित नहीं है। ऐसे में उसे जाने दिया जाए। हालांकि, जब उसे रेस्क्यू कर शेल्टर होम में रखा गया और फोन ले लिया गया तो किशोर परेशान हो गया और सारी सच्चाई बता दी। इसके बाद परिवार से संपर्क कर बच्चे और परिवार की काउंसलिंग के बाद बच्चे को सौंप दिया गया।

भोपाल रेलवे स्टेशन से जब्त पनीर के पांचों सैंपल जांच में अमानक

भोपाल। भोपाल रेलवे स्टेशन पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की ओर से बुधवार को जब्त 7 क्विंटल 5 किलो पनीर के सभी पांच सैंपल जांच में अमानक पाए गए हैं।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन भोपाल ने पनीर के एनालॉग होने की आशंका पर इसके 5 सैंपल लेकर ईदगाह हिल्स स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए थे। जांच रिपोर्ट में सभी सैंपलों को अमानक (सब-स्टैंडर्ड) घोषित किया गया है। जांच के बाद सैंपल अमानक मिलने के बाद नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश मनोज पुष्प के निर्देश पर मुरैना की डेयरियों पर जिला खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने छापामार कार्रवाई कर रही है। यह त्योहार तक जारी रहेगी।

न्यूज ब्रीफ

घर जाते युवती का मोबाइल झपटकर भागा बाइक सवार

भोपाल। ड्यूटी खत्म होने के बाद सहेली और उसके चाचा के साथ बाइक से घर लौट रही युवती झपटमारी का शिकार हो गई। शाहपुरा जोड़ के पास पीछे से आए बाइक सवार ने हाथ से मोबाइल छीन कर भाग गया। पुलिस के मुताबिक, ग्राम मुगालियाहाटा की 22 वर्षीय नीलम अहिरवार पिता केसर सिंह गांधी नगर स्थित आईटी पार्क की निजी कंपनी में काम करती है। गुरुवार शाम साढ़े सात बजे वह अपनी सहेली निक्की और उसके चाचा के साथ बाइक से घर के लिए रवाना हुई थी। तभी वारदात हुई।

सौतेली बेटी से दुष्कर्म करने वाले को उम्रकैद

भोपाल। 12 वर्षीय सौतेली बेटी से दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश ने आजीवन कारावास और 400 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने पीड़िता को चार लाख रुपए की प्रतिकर राशि दिलाने का भी आदेश दिया है। विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार पटेल ने बताया कि पीड़िता के पिता की मौत के बाद उसकी मां आरोपी के साथ रहने लगी थी। पीड़िता भी साथ रहती थी। मां की गैरमौजूदगी में 4 से 21 जुलाई 2024 के बीच आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया।

नायब तहसीलदारों की पदस्थापना के आदेश जारी

भोपाल। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शुक्रवार को चार तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। इस फेरबदल के अनुसान सौरभ वर्मा को नजूल गोविंदपुरा वृत्त से स्थानांतरित कर हुजूर तहसील की जिम्मेदारी सौंपी । वहीं, हुजूर तहसील के अतुल शर्मा को नई जिम्मेदारी दी गई है। वहीं करुणा दंडोतिया को टीटी नगर वृत्त से स्थानांतरित कर नजूल गोविंदपुरा वृत्त का दायित्व दिया है, निधि तिवारी को नजूल टीटी नगर वृत्त में पदस्थ किया गया है।

डीए वृद्धि पर गुरुजी संघ ने सीएम का जताया आभार

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गुरुजी, संविदा शिक्षक, अध्यापक एवं अन्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाए जाने पर मध्यप्रदेश शिक्षा गारंटी गुरुजी एवं संविदा अध्यापक संघ ने आभार जताया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश पटेल ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से कर्मचारियों को राहत मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि प्रदेश सरकार गुरुजी साथियों की वर्षों से लंबित मांगों पर भी ध्यान देगी।

सीमेंट के नाम पर ठगी की आरोपी युवती को जमानत

भोपाल। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के प्रतिनिधि बनकर 2.75 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में आरोपी अनीता पाण्डेय निवासी गोरखपुर को अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने जमानत दी है। कोर्ट ने 25 हजार रुपए की जमानत और इतनी ही राशि के निजी मुचलके पर रिहाई के आदेश दिए। बचाव पक्ष से अधिवक्ता खालिद हफीज और संतोष साहू ने पैरवी की। अभियोजन ने आरोपी के खाते में ठगी की रकम जमा होने और निकाले जाने का हवाला देकर जमानत का विरोध किया।

ड्रोन, सैटेलाइट से सीमांकन, एफटीएल से 33 से 50 मीटर तक चिह्नित होगा क्षेत्र

सीमांकन पूरा...केरवा-कलियासोत डैम की सीमा डिजिटल नक्शे में होगी दर्ज

अतिक्रमण की पहचान के लिए तैयार हुई तकनीकी रिपोर्ट

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9827363130

भोपाल के केरवा और कलियासोत डैम की सीमाएं अब डिजिटल नक्शे में दर्ज होंगी। एनजीटी के निर्देश पर गठित समिति ने दोनों जलाशयों का तकनीकी सीमांकन पूरा कर 28 अक्टूबर को रिपोर्ट प्रस्तुत की है। सर्वे में फुल टैंक लेवल (एफटीएल) के साथ पानी की सीमा से 33 और 50 मीटर तक के क्षेत्र को चिह्नित किया गया। इसके लिए ड्रोन, डीजीपीएस, ग्राउंड ट्रूथिंग, रिमोट सेंसिंग और सैटेलाइट तस्वीरों की मदद ली गई। मौजूदा सीमाओं का 3 अक्टूबर 2017 की सैटेलाइट तस्वीरों से मिलान कर संभावित अतिक्रमण और सीमा में बदलाव की पहचान की गई।

केरवा की एफटीएल सीमा 509.93 मीटर ऊंचाई पर सत्यापित की गई। एनजीटी के 30 सितंबर के निर्देश के बाद समिति ने 22 अक्टूबर को निरीक्षण किया। जलस्तर एफटीएल से नीचे मिला। 22 अक्टूबर दोपहर 12.30 बजे डीजीपीएस कंटूर सर्वे शुरू हुआ, जो 24 अक्टूबर तक चला। पेड़ों, दलदली और असमतल हिस्सों सहित पूरी परिधि में निर्धारित ऊंचाई के बिंदु दर्ज किए गए।


कलियासोत डैम का इन क्षेत्रों में ड्रोन से किया गया सर्वे।

कलियासोत का 120 मीटर ऊंचाई से ड्रोन सवे किया

कलियासोत डैम का 8 सितंबर को करीब 10 .8 वर्ग किमी क्षेत्र में 120 मीटर ऊंचाई से ड्रोन सर्वे किया गया। इससे पांच सेंटीमीटर प्रति पिक्सल स्पष्टता वाली तस्वीरें मिलीं। डीजीपीएस से ग्राउंड कंट्रोल प्वाइंट दर्ज कर ऑर्थोमोजेक नक्शा बनाया गया। पेड़ों के कारण सीमा स्पष्ट नहीं होने पर लीका डीजीपीएस से जमीन पर बिंदु लिए गए। 505 .67 मीटर के एफटीएल स्तर के बिंदुओं को जोड़कर डिजिटल सीमा बनाई गई। जलाशय का एफटीएल क्षेत्र 484 .431 हेक्टेयर, 33 मीटर क्षेत्र 569 .590 हेक्टेयर और 50 मीटर क्षेत्र 607 .514 हेक्टेयर पाया गया।

यहां किया गया सर्वे : सर्वे को 8 सेक्टर में बांटा गया। मेंडोरा, मेंडोरी, कुशालपुरा, फतेहपुर डोबरा, महुआखेड़ा, केरवा नदी और भानपुर केकड़िया समेत डैम तक का क्षेत्र है। इसकी सीमाओं का भी 2017 की सैटेलाइट तस्वीर से मिलान किया।

नौ सेक्टर में हुआ सर्वे: सर्वे को नौ सेक्टर में पूरा किया। भदभदा डैम, पुलिस लाइन नेहरू नगर, पं .खुशीलाल शर्मा ऑडिटोरियम, 13 गेट, संस्कार वैली स्कूल, कंट्रीसाइड मीडोज, भदभदा कब्रिस्तान व नेशनल जुडिशियल एकेडमी शामिल हैं।

7.88 लाख रुपए का भुगतान मांगा

समिति के अनुसार सीमांकन, जियो-टैगिंग, वीडियोग्राफी और सर्वे पूरा है। जियोलिंक सर्वे ने कलियासोत के लिए 3,82,320 और केरवा के लिए 4,06,448 रुपए मांगे हैं। कुल राशि 7,88,768 रुपए है। एजेंसी ने विशेष लाइसेंस वाले सॉफ्टवेयर की जरूरत बताते हुए भुगतान के बाद डाटा देने की बात कही है। 6 अक्टूबर 2026 के एनजीटी आदेश में ऐसे सर्वे का शुल्क पर्यावरण क्षतिपूर्ति निधि से देने का उल्लेख भी किया गया है।

ग्राउंड ट्रूथिंग के जरिए हमें केरवा और कलियासोत की सही जानकारी मिली। यहां कई जगह लोगों ने डैम में मिट्टी डालकर भराव किया गया था। इसके एफटीएल कम होने से सामने आया कि कई जगह मुनारे ही नहीं है। निर्देश के बावजूद अबतक कोपरा पड़ा हुआ है। इन सब बिंदुओं की रिपोर्ट बनाकर एनजीटी को सौंप दी गई है।
राशिद नूर खान, समिति सदस्य

शाहपुरा तालाब मामले में 3 सप्ताह में रिपोर्ट पेश के निर्देश

शाहपुरा तालाब को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की भोपाल स्थित सेंट्रल जोन बेंच ने राज्य सरकार और संबंधित विभागों को कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने तीन सप्ताह का समय दिया है। सुनवाई शुक्रवार को हुई। एनजीटी ने निर्देश दिए कि रिपोर्ट विपक्षी पक्षों को उपलब्ध कराने के बाद 3 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत की जाए। मामले में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बताया गया कि कलेक्टर ने क्षेत्र की सीमांकन और पहचान के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए थे।

राज्य की ओर से बताया गया कि संबंधित क्षेत्र तीन से चार संभागों और तहसीलों में आता है, इसलिए अलग-अलग तहसीलों के प्रभारियों के समन्वय से स्थल का दौरा किया गया। राज्य की ओर से एनजीटी को बताया कि विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है और इसे पेश करने कम समय मांगा गया।

स्पा सेंटर में मिलीं विदेशी युवतियां, थाने में रिकॉर्ड नहीं

अयोध्या नगर पुलिस ने छह स्पा सेंटरों का किया निरीक्षण


स्पा सेंटर में औचक निरीक्षण के दौरान जांच करती हुई पुलिस अफसर।

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9425620522

राजधानी में संचालित स्पा सेंटरों की गतिविधियों और वहां काम करने वाले कर्मचारियों के सत्यापन को लेकर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। इसी क्रम में अयोध्या नगर इलाके में छह स्पा सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मीनाल के पास स्थित एक स्पा सेंटर में युगांडा की दो युवतियों और 7 कर्मचारी काम करते मिले। इन कर्मचारियों की स्थानीय थाने को कोई सूचना नहीं दी गई थी। विदेशी युवतियां भी मौके पर अपने पासपोर्ट व वीजा संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकीं। पुलिस ने स्पा सेंटर की संचालिका के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गुरुवार रात करीब 8 बजे निरीक्षण के दौरान टीम थाई आरोमा वेलनेस सेंटर पहुंची। वहां एक पुरुष और 6 महिलाओं समेत 7 कर्मचारी थे। इनमें युगांडा की दो युवतियां भी थीं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे नौकरी की तलाश में भारत आई हैं।

युगांडा की युवतियों के पास दस्तावेज नहीं मिले

दोनों के पास उस समय पासपोर्ट और वीजा संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। इनमें से एक युवती ने बताया कि वह गुरुवार को ही स्पा सेंटर में काम पर आई है। जांच के दौरान वहां भोपाल की अलग-अलग कॉलोनियों की चार अन्य महिला कर्मचारी भी मिलीं। इनमें पिपलानी की 25 वर्षीय महिला, करोद की 35 वर्षीय महिला, भानपुर की 22 वर्षीय युवती और निशातपुरा की 24 वर्षीय युवती शामिल थीं। मैनेजर पूजा से भी पुलिस ने पूछताछ की। मौके पर आदित्य चौरसिया नाम का युवक भी मौजूद था। पुलिस ने कर्मचारियों के बयान दर्ज किए, लेकिन पहचान संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं थी। इसे पुलिस के आदेश का उल्लंघन माना गया। इसके बाद स्पा सेंटर की संचालिका साधना सेन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

फर्जी एसटी प्रमाण-पत्र से हासिल कर ली CISF में आरक्षक की नौकरी

वर्ष 2023 में भोपाल में हुई भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुआ था अभ्यर्थी

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9425620522

सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए दस्तावेजों में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। एक युवक ने एसटी वर्ग का कथित फर्जी जाति प्रमाण-पत्र और गलत स्थायी पता प्रस्तुत कर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में आरक्षक की नौकरी हासिल कर ली।

भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में तैनाती भी मिल गई, लेकिन नौकरी के बाद कराए गए पुलिस सत्यापन में उसके जाति प्रमाण-पत्र और निवास संबंधी जानकारी की हकीकत सामने आ गई। जांच के बाद उसके खिलाफ श्रीहरिकोटा में जीरो एफआईआर दर्ज कराई है। इस मामले की जांच भोपाल की गोविंदपुरा पुलिस करेगी।

एसआई साहेब लाल के मुताबिक, वर्ष 2023 में गोविंदपुरा स्थित सिक्योरिटी लाइन के सीआईएसएफ ग्राउंड में आरक्षक भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई थी। इसमें बंशीलाल पिता बहादुर ने भी अभ्यर्थी के रूप में हिस्सा लिया था। उसने शारीरिक दक्षता सहित भर्ती के अन्य चरण पूरे किए और चयनित होने के बाद नियुक्ति हासिल कर ली।

एसपी में पहली पोस्टिंग

भर्ती के दौरान बंशीलाल ने अनुसूचित जनजाति वर्ग का जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। इसमें उसका स्थायी पता संघवानिया, जिला सतना दर्ज था। इसके साथ उसने उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल की अंकसूची व अन्य दस्तावेज भी जमा किए थे। चयन प्रक्रिया के बाद 22 अगस्त 2023 को उसे नियुक्ति पत्र जारी किया और श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश में पदस्थ किया गया। संदिग्ध मिला जाति प्रमाण पत्र-नियुक्ति के बाद सीआईएसएफ ने उसके प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन कराया।

निगम ने 72 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केंद्र भेजा

भोपाल। नगर निगम द्वारा शहर में आवारा श्वानों की नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को निगम के डॉग स्क्वाड ने विभिन्न क्षेत्रों से 72 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केंद्रों में भेजा। वहीं, नसबंदी के बाद 81 श्वानों को वापस उसी स्थान पर छोड़ा गया। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर डॉग स्क्वाड की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 24 श्वानों को कजलीखेड़ा स्थित एबीसी सेंटर, 22 को आदमपुर एबीसी सेंटर और 26 को अरवलिया एबीसी सेंटर भेजा। इस तरह कुल 72 श्वानों को नसबंदी के लिए केंद्रों में पहुंचाया गया।

बाइक सवार के रास्ता नहीं देने पर कार चालक ने पिस्टल से धमकाया

न्यू मार्केट के सिग्नल पर बाइक सवार यूट्यूबर के कैमरे में कैद हुई घटना

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9425620522

राजधानी के व्यस्त न्यू मार्केट चौराहे पर मामूली बात पर एक कार सवार ने पिस्टल निकालकर बाइक चालक को धमका दिया। रास्ता नहीं देने से नाराज कार चालक ने पहले गाली-गलौज की और फिर हथियार यूट्यूबर पर तान दिया। पूरी घटना बाइक में लगे कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद टीटी नगर पुलिस ने वीडियो के आधार पर खुद कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


कार चालक,पिस्टल से धमकाते हुए।

पुलिस ने बनाया केस

घटना के दौरान बाइक में लगा कैमरा लगातार रिकॉर्डिंग कर रहा था। अगले दिन पुलिस ने वीडियो में नजर आ रहे यूट्यूबर रजा अंजुम से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराने को कहा, लेकिन उन्होंने किसी तरह की कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते वीडियो को आधार बनाकर शुक्रवार को कार चालक के खिलाफ गाली-गलौज, धमकी देने, आर्म्स एक्ट और लापरवाही से वाहन चलाने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

तीन सड़क हादसों में दो युवक व किशोर की मौत

गोल जोड़ तिराहे पर बाइक डिवाइडर से टकराई

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9425620522

शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार और असावधानी जानलेवा साबित हो रही है। गुरुवार को अलग-अलग इलाकों में हुए तीन सड़क हादसों में दो युवकों और एक किशोर की जान चली गई। कहीं बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा भिड़ी, तो कहीं सड़क पर हुए हादसे के बाद मजदूर की जान चली गई। एक अन्य घटना में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। तीनों घटनाओं ने तीन परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल किसी भी हादसे की वजह पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

कोलार डैम जा रहा युवक डिवाइडर से टकराया

पहली घटना में पुराने शहर में रहने वाले 36 वर्षीय कासिब अहमद की जान चली गई। वह राइडिंग का काम करते थे। गुरुवार सुबह बाइक लेकर कोलार डैम की तरफ जा रहे थे। गोल जोड़ तिराहे के पास अचानक उनकी बाइक बेकाबू हो गई और सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कासिब को गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

वकील और पुलिसकर्मियों में विवाद, बाद में सुलह

कोलार थाने में वकील पीड़ित महिला की शिकायत दर्ज कराने गए थे

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9425620522

जहांगीराबाद थाने में अधिवक्ता के साथ मारपीट का मामला अभी चर्चा से बाहर भी नहीं हुआ था कि शुक्रवार को कोलार थाने में पुलिसकर्मियों और एक वकील के बीच विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

अधिवक्ता ने पुलिसकर्मियों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए अपने हाथों पर चोट के निशान भी दिखाए। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच सुलह हो गई। संबंधित पुलिसकर्मी ने अधिवक्ता से माफी मांगी, जिसके बाद विवाद शांत हो गया। जानकारी के मुताबिक, अधिवक्ता मृदुल जावड़े एक पीड़ित महिला को लेकर शिकायत दर्ज कराने कोलार थाने पहुंचे थे। उनका आरोप है कि थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनके साथ मारपीट की।



वकील ने लगाए मारपीट के आरोप

घटना के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। अन्य वीडियो में अधिवक्ता पुलिसकर्मियों से बहस करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने हाथों पर चोट के निशान दिखाते हुए कार्रवाई की मांग भी की। मामले में पुलिस अफसरों ने दोनों पक्षों से चर्चा की। इसके बाद पुलिसकर्मी ने अधिवक्ता से माफी मांगी और आपसी सहमति से विवाद खत्म हो गया। बता दें कि कुछ समय पहले जहांगीराबाद टीआई अहिरवार पर वकील के साथ मारपीट के आरोप थे, उनको निलंबित करने के साथ एफआईआर दर्ज की थी।

छह दिन बाद महिला ने अस्पताल में तोड़ा दम

चरित्र संदेह पर पति ने कुल्हाड़ी मारकर, खुद रेता गला

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9425620522

चरित्र पर शक में पति के कुल्हाड़ी से किए जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल महिला ने छह दिन तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद दम तोड़ दिया। वारदात के बाद पति ने भी ब्लेड से अपना गला काटकर जान देने की कोशिश की थी। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। दंपति के चार बच्चे हैं। कोलार थाना पुलिस के मुताबिक, 22-23 अक्टूबर की दरमियानी रात अब्बास नगर में यह वारदात हुई थी। यहां रहने वाले रमेश कन्नोज ने सोते समय 38 वर्षीय पत्नी किरण कंछिया पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था।

परिवार का खर्च चलाती थी मृतिका, पति की हालत गंभीर

पुलिस जांच में यह भी पता चला कि रमेश वाहन चलाने का काम करता था, लेकिन कुछ महीने पहले एक दुर्घटना के बाद उसका काम छूट गया था। इसके चलते परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी किरण पर आ गई थी। वह घरों में काम करके परिवार का खर्च चला रही थी। दंपति के चार बच्चे हैं, जिनमें सबसे बड़ी बेटी 16 वर्ष की है। एसीपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना के बाद से दंपति हमीदिया अस्पताल में वेंटीलेटर पर थे, जहां किरण कंछिया की गुरुवार शाम करीब साढ़े चार बजे उपचार के दौरान मौत हो गई।

हमीदिया के डॉक्टरों ने 2.4 किलोग्राम वजन के स्वस्थ शिशु का सुरक्षित जन्म कराया

गर्भाशय के बाहर विकसित हो रहे भ्रूण का सफल ऑपरेशन

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9827363130

गर्भाशय के बाहर विकसित हो रही गर्भावस्था में मां और बच्चे दोनों की जान को गंभीर खतरा रहता है। ऐसी ही दुर्लभ और जटिल स्थिति का हमीदिया अस्पताल के डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक उपचार किया है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की टीम ने सेकंडरी एब्डॉमिनल प्रेग्नेंसी का ऑपरेशन कर 2.4 किलोग्राम वजन के स्वस्थ शिशु का जन्म कराया। जटिल सर्जरी के बाद मां और नवजात दोनों की हालत स्थिर रही और उन्हें स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।


हमीदिया अस्पताल में ऑपरेशन के बाद जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित।

गर्भाशय के बाहर था रक्तस्राव का खतरा

इस तरह के मामलों में ऑपरेशन के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ती है, क्योंकि गर्भाशय के बाहर विकसित हो रही गर्भावस्था में गंभीर रक्तस्राव और अन्य जटिलताओं का खतरा रहता है।

विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में हुई जटिल सर्जरी

यह ऑपरेशन गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ .कविता सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ .रेखा वाधवानी और एनेस्थीसिया विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ .सोनल अवासे के मार्गदर्शन में किया गया। सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट डॉ .पल्लवी सिंह और डॉ .नंदिनी सिंह ने ऑपरेशन की जिम्मेदारी संभाली। एनेस्थीसिया टीम में डॉ .संदीप राठौर और सीनियर रेजिडेंट डॉ .शेरिन शामिल रहे।

मां और बच्चे दोनों को सुरक्षित बचाना थी चुनौती

सेकंडरी एब्डॉमिनल प्रेग्नेंसी में भ्रूण गर्भाशय के बाहर विकसित होता है। यह सामान्य गर्भावस्था से अलग और बेहद दुर्लभ स्थिति है। इसमें गर्भावस्था के दौरान मां के आंतरिक अंगों और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचने तथा अत्यधिक रक्तस्राव का जोखिम रहता है। ऐसे मामलों में समय पर निर्णय और विशेषज्ञों की संयुक्त टीम की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। हमीदिया अस्पताल की टीम ने बेहतर समन्वय से मामले का सफल प्रबंधन किया।

करवा चौथ पर पत्नी के बाद पति ने भी दी जान

व्रत खुलवाने के बाद दोस्तों से मिलने निकला था

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9425620522

करवा चौथ पर पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखने वाली महिला ने रात में फांसी लगाकर जान दे दी। देर रात घर लौटे पति ने जब पत्नी को फंदे पर लटका देखा तो वह खुद को संभाल नहीं सका। पत्नी की मौत से बदहवास पति उसकी ही साड़ी लेकर घर से निकला और कुछ दूरी पर जंगल में एक पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। एक ही रात में दंपति की मौत से परिवार में मातम छा गया। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। खजूरी सड़क



टीआई राजेंद्र सोलंकी के मुताबिक ग्राम बरखेड़ा बोदर निवासी 27 वर्षीय सूरज अहिरवार मजदूरी करता था। 24 वर्षीय पत्नी शिवानी अहिरवार से पांच साल पहले शादी हुई थी। दंपति की कोई संतान नहीं थी। शिवानी का मायका गांधीनगर में है। पुलिस को पता चला कि शिवानी ने करवा चौथ का व्रत रखा था।

फर्जी दस्तावेजों से टैक्स चोरी के मामले में एक साल कैद

भोपाल। आयकर विभाग में फर्जी दस्तावेज पेश कर टैक्स चोरी करने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कपिल बौरासी ने कैलाश नारायण पाटीदार को दोषी करार देते एक साल के कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी ने वर्ष 2011-12 में कर योग्य पूंजीगत लाभ कम दिखाने और अघोषित आय व धन के स्रोतों को सही साबित करने के लिए फर्जी दस्तावेज पेश किए थे। साथ ही संपत्ति खरीदी के नाम पर 8.17 करोड़ रुपए का नकद भुगतान दिखाने फर्जी पुष्टि पत्र पेश किए। जांच में 9.77 करोड़ से अधिक का टैक्स फर्जीवाड़ा सामने आया था।

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार
peoplesupdate.com
प्रशासनिक & राजनीतिक
भोपाल, शनिवार, 31 अक्टूबर 2026
04



लोकतंत्र की रक्षा और वोट के अधिकार की बड़ी लड़ाई कांग्रेस पार्टी और नेता विपक्ष राहुल गांधी जी लड़ रहे हैं। वोट चोरी के खिलाफ 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली होने जा रही है। मेरी अपील है- आप सभी बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचकर इस महारैली को सफल बनाएं और लोकतंत्र की रक्षा में योगदान दें।
@ **दिग्विजय सिंह**, वरिष्ठ कांग्रेस नेता

जबलपुर के चिकित्सकों से डिप्टी सीएम का संवाद



भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जबलपुर संभाग के अंतर्गत जबलपुर, मंडला एवं नरसिंहपुर जिलों में पदस्थ चिकित्सकों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की।

पीपुल्स समाचार

हर घर दिवाली.. प्रदेश के 55 हजार घरों में बंटेगी खुशहाली

नवाचार : राज्य आनंद संस्थान का अभियान, वंचित वर्गों में 8 नवंबर तक बांटेंगे मिठाई-उपहार

राजीव सोनी ● भोपाल
मो.नं. 9425144091

राज्य आनंद संस्थान ने प्रदेश के 55 हजार वंचित-गरीब परिवारों में रोशनी और मिठास के पर्व दिवाली पर खुशहाली बांटने का निर्णय लिया है। इसके तहत हर जिले में एक हजार घर चिन्हित किए जाएंगे। आनंद के वालंटियर्स इन परिवारों के बीच 8 नवंबर तक मिठाई, पूजन सामग्री और उपहारों के साथ पहुंचेंगे। अभियान का मकसद सिर्फ सामग्री बांटना नहीं बल्कि उन परिवारों के साथ त्यौहार की खुशियां मनाना है। संस्थान की ओर से सभी जिला कलेक्टरों को पत्र भेज कर सहयोग मांगा गया है।

पीपुल्स समाचार खास खबर



जॉय ऑफ गिविंग: हॉस्टल्स व अस्पताल में भी

स्वयं सेवी संगठनों के अलावा आनंद संस्थान ने हर जिले में समाज के प्रमुख और समृद्ध लोगों से संपर्क कर उन्हें सहयोग के लिए प्रेरित भी किया है। इस नवाचार के तहत दिवाली पर हर जिले में आनंद क्लब,विभाग के वालंटियर्स मास्टर ट्रेनर्स एवं डिस्ट्रिक्ट प्रोगाम लीडर्स एक हजार चिन्हित परिवारों से संपर्क करेंगे। टीम के लोग वंचित और गरीब लोग, ईंट-भट्ठा व प्रवासी मजदूर, हॉस्टल्स में रहने वाले बच्चे, वृद्धाश्रमों में रह रहे बुजुर्ग, झुग्गी बस्तियों और अस्पतालों में जाकर त्यौहार की खुशियां मनाएंगे।

राज्य आनंद संस्थान का नेटवर्क
55 हजार परिवारों तक पहुंचने का टारगेट
637 आनंद क्लब, प्रदेश में
150,000 कुल वालंटियर्स (आनंदक)

कलेक्टरों को भेजे पत्र

संस्थान के मुख्य कार्य पालन अधिकारी **प्रवीण कुमार गंगराड़े** बताते हैं कि अभियान के संदर्भ में सभी जिला कलेक्टरों को भी पत्र भेजे गए है। इसके तहत समाज के समृद्ध वर्ग, दानदाताओं, स्वयंसेवी संगठनों और आनंदकों से प्राप्त मदद - जैसे नए कपड़े, मिठाइयां, पूजन-सामग्री, दीये, तेल, रंगोली सामग्री, खिलौने, किताबें और खाद्य सामग्री जरूरतमंद परिवारों के बीच वितरित की जाएगी।

दिवाली पर वंचित वर्ग के बीच बांटेंगे खुशहाली

'हर घर दिवाली' अभियान का मूल मंत्र यही है कि सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाते हुए पूरे समाज को एक परिवार की तरह देखा जाए। कई लोग अपने घरों से दूर रहते हैं। अस्पतालों में मरीज, प्रवासी मजदूर, साधनहीन व मलिन बस्तियों के लोग भी हमारे समाज के हिस्सा हैं। इनके त्यौहार की भी खुशियां बनी रहें इसमें संपन्न लोग सहयोग करें।
-सत्य प्रकाश आर्य, निदेशक राज्य आनंद संस्थान

31 अक्टूबर 2026 को कौन-कहां

- **डॉ. मोहन यादव** — सीएम, मप्र, बैतूल।
- **जगदीश देवड़ा** — उपमुख्यमंत्री, मंदसौर।
- **कैलाश विजयवर्गीय** — मंत्री, नगरीय विकास, इंदौर।
- **उमंग सिंघार** — नेता प्रतिपक्ष, भोपाल।
- **हेमंत खंडेलवाल** — प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, बैतूल।
- **राजेंद्र शुक्ल** — उपमुख्यमंत्री, रीवा।
- **तुलसी सिलावट** — मंत्री जल संसाधन, इंदौर।
- **नरेंद्र शिवाजी पटेल** — राज्य मंत्री, स्वास्थ्य, बैतूल।

सार समाचार

प्रतिभा पाल ने किया मप्र पर्यटन निगम के प्रबंध संचालक का पदभार ग्रहण



भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की नवागत प्रबंध संचालक प्रतिभा पाल ने शुक्रवार को पर्यटन भवन, निगम मुख्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निगम के मुख्य महाप्रबंधक एवं समस्त विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में निगम द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों, पर्यटन विकास की योजनाओं, वर्तमान परियोजनाओं एवं विभागीय कार्यों पर विस्तृत चर्चा करने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी हासिल की।

मुख्यमंत्री आज तेंदूपत्ता संग्राहकों को 30 करोड़ रुपए बोनस राशि करेंगे ट्रांसफर

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार, 31 अक्टूबर को बैतूल में 3.69 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को 30 करोड़ रुपए से अधिक की बोनस राशि का अंतरण करेंगे। इससे दक्षिण बैतूल, पश्चिम बैतूल, उत्तर बैतूल, पांढुर्णा (दक्षिण छिंदवाड़ा), पूर्व छिंदवाड़ा, पश्चिम छिंदवाड़ा एवं नर्मदापुरम वन मंडल के तेंदूपत्ता संग्राहक लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम वन समितियों को 13 करोड़ से अधिक काष्ठ लाभांश का भी ट्रांसफर किया जाएगा। तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस वितरण का मुख्य कार्यक्रम पुलिस ग्राउंड, बैतूल में आयोजित किया जाएगा।

मुख्य सचिव आज राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ में शामिल होंगे

भोपाल। मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल शनिवार को मंत्रालय स्थित वल्लभ भाई पटेल पार्क में सुबह 10 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने वल्लभ भवन, विंध्याचल एवं सतपुड़ा भवन के अधिकारी/कर्मचारियों को शपथ में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए निर्देश दिये हैं।

सड़कों के चौड़ीकरण के साथ शहरों में बनेंगे फ्लाईओवर और बायपास

एमपीआरडीसी से एनएचएआई को मिले 10 हाईवे अब होंगे सिक्सलेन

अशोक गौतम, ● भोपाल
मो.नं. 9827334317

प्रदेश से निकलने वाले दस नेशनल हाईवे अब सिक्सलेन किए जाएंगे। इन पर लगातार बढ़ते भारी ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इन्हें मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) से लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) को सौंप दिया है। इन हाईवे पर प्रतिदिन 15 हजार से लेकर 35 हजार से अधिक पीसीयू (पैसेंजर कार यूनिट) का ट्रैफिक दबाव है। अब इनके चौड़ीकरण, शहरी क्षेत्रों में फ्लाईओवर और ग्रामीण इलाकों में बायपास निर्माण की तैयारी की जा रही है।

एनएचएआई इन सड़कों के विकास की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराने के लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने जा रहा है। डीपीआर में ट्रैफिक का आकलन, सड़क की चौड़ाई, फ्लाईओवर, बाईपास और अन्य जरूरी निर्माण कार्यों का खाका तैयार होगा।

पीपुल्स समाचार विशेष



पांच राज्यों की कनेक्टिविटी होगी मजबूत

इन दस में से सात हाईवे महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदेश से जोड़ते हैं। इनसे 30 से अधिक जिलों के बीच आवागमन आसान होगा। 70 से अधिक जिलों के मुख्य मार्ग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के रास्ते इनसे जुड़ते हैं। भोपाल, इंदौर और जबलपुर सहित कई शहरों तक पहुंच भी बेहतर होगी।

यहां से गुजरेंगी सड़क

- मनगवां-रीवा-कटनी-जबलपुर-बरेला- मंडला
- छतरपुर-हीरापुर-दमोह-जबलपुर-लखनादौन
- मनगवां-मऊगंज-हनुमना
- नौगांव-छतरपुर-बमीठा-पन्ना-सतना-रीवा-सीधी
- औबेदुल्लागंज-बरेली-कोड़ा जमानिया-जबलपुर-शाहपुर-डिंडोरी-कबीर चबूततरा
- शिवपुरी-गुना-व्यावरा-भोपाल-औबेदुल्लागंज-नर्मदपुरम
- राजगढ़-व्यावारा- देवास- इंदौर-सेंधवा
- महाराष्ट्र की सीमा से बुरहानपुर खंड
- उज्जैन-पानबिहार-खेड़ा खजुरिया-सुहागड़ी से राजस्थान के हसमदी गांव तक
- इंदौर-बैतूल-महाराष्ट्र की सीमा खंड तक

एनएच 30 और एनएच 135 में ज्यादा ट्रैफिक

नेशनल हाइवे नम्बर पूर्व में सात और वर्तमान में एनएच 30 और एनएच 135 में बहुत ज्यादा ट्रैफिक का दबाव है। ट्रैफिक दबाव के चलते छोटे-छोटे कस्बों में शाम के समय जाम की स्थिति बनती है। वाहनों के दबाव के चलते सड़क हादसे भी बहुत ज्यादा हो गया है। इसके चलते इसको चौड़ीकरण करने की जरूरत है।

-पवन तिवारी,
निवासी मनगवां, जिला रीवा

बायपास और फ्लाईओवर बनाने की जरूरत है

कैबिनेट ने मध्यप्रदेश की दस सड़कों को एनएचएआई को ट्रांसफर किया है। इन सड़कों को चौड़ीकरण करने के लिए इनके सर्वे की तैयारी की जा रही है। इस सर्वे में यह तय होगा कि इन सड़कों को कहां-कहां 4,6 और 8 लेन करना है। कहां बायपास और फ्लाईओवर बनाने की जरूरत है।

-एनएल येवतकर, क्षेत्रीय अधिकारी मप्र, एनएचएआई

डॉ. मोहन कैबिनेट की बैठक गांधी-सागर में संभावित, तैयारियां तेज

GAD से जिला प्रशासन को मिले संकेत

पीपुल्स ब्यूरो ● भोपाल
मो.नं. 9425174141

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मोहन कैबिनेट की अगली बैठक मंदसौर जिले के गांधीसागर में आयोजित हो सकती है। इसके लिए 17 नवंबर की तारीख प्रस्तावित बताई जा रही है। सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से मंदसौर जिला प्रशासन को बैठक की तैयारियों के संबंध में संकेत दिए जा चुके हैं। इसके बाद स्थानीय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि, बैठक का आधिकारिक कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है।


डॉ. मोहन यादव

गांधीसागर में प्रस्तावित बैठक में सिंचाई परियोजनाओं और किसानों से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठ सकते हैं। गांधीसागर बांध में प्रस्तावित 2000 मेगावाट के पंप स्टोरेज प्लांट को लेकर भी चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा चंबल क्षेत्र की जल संसाधन और सिंचाई योजनाओं से जुड़े प्रस्तावों पर विचार किया जा सकता है।

बैठकें करने की यह है मंशा: तत्कालीन मुख्यमंत्री उमा भारती और शिवराज सिंह चौहान अपने कार्यकाल में राजधानी के बाहर कैबिनेट की बैठकें आयोजित कर चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इसे आगे बढ़ाया। इसका उद्देश्य ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और जनजातीय महत्व वाले स्थानों को पहचान दिलाने के साथ क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देना है।

भोपाल के बाहर इन स्थानों पर बैठकें हो चुकी हैं

- **3 जनवरी 2024:** जबलपुर के शक्ति भवन में।
- **5 अक्टूबर 2024:** दमोह जिले के सिंग्रामपुर में, रानी दुर्गावती की स्मृति में।
- **24 जनवरी 2025:** खरगोन जिले के महेश्वर में, अहिल्याबाई होल्कर की नगरी में।
- **20 मई 2025:** इंदौर के राजवाड़ा में, अहिल्याबाई की 300वीं जयंती वर्ष।
- **3 जून 2025:** पचमढ़ी के राजभवन में, राजा भभूत सिंह की स्मृति में।
- **9 दिसंबर 2025:** छतरपुर जिले के खजुराहो में।
- **2 मार्च 2026:** बड़वानी जिले के नागलवाड़ी स्थित भीलट बाबा देवस्थल पर।
- **19 जुलाई 2026:** भोपाल के निकट ऐतिहासिक गांव जगदीशपुर में।

मप्र हाईकोर्ट का फैसला: ग्राम रोजगार सहायकों के ट्रांसफर के नियम वैध

दूर ट्रांसफर पर मिलेगा भत्ता, 23 हजार सहायकों को होगा फायदा

पीपुल्स संवाददाता ● जबलपुर
मो.नं. 7999388569

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य के ग्राम रोजगार सहायकों की सेवा से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में फैसला सुनाते हुए राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल द्वारा 24 जून 2025 को जारी नई मार्गदर्शिका में ट्रांसफर से जुड़े नियमों को सही ठहराया है।

जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने कहा है कि रोजगार सहायकों का संविदा आधार पर ट्रांसफर करना असंवैधानिक या मनमाना नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा है कि यदि किसी रोजगार सहायक का ट्रांसफर दूरस्थ ग्राम पंचायत में किया



जाता है, तो उसे शिफ्टिंग के लिए स्थानांतरण भत्ता और मकान किराया भत्ता दिया जाना चाहिए। इस फैसले से प्रदेश में काम कर रहे करीब 23 हजार ग्राम रोजगार सहायकों को लाभ मिलेगा।

5 याचिकाओं पर अदालत ने सुनाया फैसला: अदालत ने यह फैसला सिंगरौली जिले की देवसर तहसील के ग्राम सरोंधा निवासी अमित कुमार मिश्रा और चार अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनाया। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि वे मूल रूप से स्थानीय निवासी हैं और उनकी नियुक्ति संविदा पर एक निश्चित ग्राम पंचायत के लिए हुई थी। उनके अनुबंध के मुताबिक यह पद गैर-स्थानांतरणीय है, इसलिए उन्हें दूसरे स्थान पर नहीं भेजा जा सकता। नए नियमों के अनुसार, तीन साल की संतोषजनक सेवा पूरी करने वाले ग्राम रोजगार सहायक का उसी जिले के भीतर दूसरी ग्राम पंचायत में ट्रांसफर किया जा सकता है। इसके बाद उन्हें नई पंचायत के साथ नया संविदा अनुबंध करना होगा।

शिवराज की माता की अंतिम यात्रा में शामिल हुए सीएम



सीहोर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी काशीबाई का शुक्रवार सुबह भोपाल के एम्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। जैत में उना अंतिम संस्कार किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हेलीकॉप्टर द्वारा बुधनी के डोबी हेलीपैड पहुंचे और वहां से सड़क मार्ग से जैत गांव पहुंचकर दिवंगत माता काशीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में सीएम डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

पीपुल्स समाचार

हाजिर नहीं हुए पीएस, आदेश का पालन करने HC ने दिया मौका

15 दिन पहले कोर्ट ने जारी किया था जमानती वारंट

पीपुल्स संवाददाता ● जबलपुर
मो.नं. 7999388569

मप्र हाईकोर्ट द्वारा जारी किए गए जमानती वारंट के बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल शुक्रवार को हाजिर नहीं हुए। उनकी ओर से पिछले आदेश का पालन करने फिर से समय मांगा गया।


डॉ. संजय गोयल

जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने दो सप्ताह का समय देकर कहा कि इस बार आदेश पालन नहीं हुआ, तो कोष एवं लेखा विभाग के तत्कालीन कमिश्नर भास्कर लक्षाकर और छिंदवाड़ा के डीईओ गोपाल सिंह बघेल 17 नवम्बर को होने वाली अगली सुनवाई पर हाजिर रहें। गौरतलब है कि अवमानना का यह मामला छिंदवाड़ा की रिटायर्ड सहायक शिक्षिका सुषमा गादरे ने दायर कर आरोप लगाया है कि 23 सितंबर 2024 के आदेश के बाद भी उनसे वेतन की वसूली की जा रही, जो अवैधानिक है। इस मामले पर हाई कोर्ट ने 14 अक्टूबर को स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल सहित 3 के खिलाफ 5-5 हजार रुपए के जमानती वारंट जारी किए थे।

मक्का, सोया किसानों के हित में अवकाश में भी खुलेंगी मंडियां

भोपाल। राज्य सरकार ने सोया और मक्का उत्पादन किसानों की सुविधा के लिए अवकाश के दिनों में भी खरीदी के लिए मंडियां खुली रखने का निर्णय लिया है। मंडी बोर्ड के सभी संयुक्त संचालक को निर्देश दिए गए हैं कि वे अवकाश के दिनों में भी किसानों के लिए मंडी खुली रखें। वर्तमान में प्रदेश की मंडियों में अधिसूचित कृषि उपज की आवक अधिक मात्रा में हो रही है। इस अवधि में कृषकों को अपनी कृषि उपज का शीघ्र विक्रय कर उसकी राशि प्राप्त करने की आवश्यकता रहती है। ऐसी स्थिति में मंडियों में अवकाश रहने से कृषकों को अपनी उपज के विक्रय के लिए आगामी कार्य दिवस तक प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।

टिंबर कारोबारियों पर छानबीन में मिली करोड़ों की टैक्स चोरी

IT की टीमें सभी एक दर्जन ठिकानों से लौटीं

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9425144091

आयकर इन्वेस्टीगेशन विंग द्वारा इंदौर, जबलपुर, कटनी और मंडला जिले के टिंबर कारोबारी और आरा मिल संचालकों के एक दर्जन ठिकानों पर चल रही छापे की कार्रवाई संपन्न हो गई। विभागीय अधिकारियों को करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी से जुड़े दस्तावेज आदि मिले है। हवाला और कच्चे बिलों के साथ लकड़ी के अवैध कारोबार का खुलासा भी हुआ है।

चारों शहरों के इन ठिकानों पर विभाग के करीब 90-100 अधिकारी-कर्मचारियों का स्टाफ लगाया गया था। चारों जिलों के सभी ठिकानों से छापामार दल लौटने लगे हैं। बताया जाता है कि छानबीन के दौरान स्टॉक और बुक्स आॅफ एकाउंट्स में काफी अंतर मिला। कच्चे बिल और कैश में खरीद-फरोख्त के डिटेल भी मिले हैं।

टिंबर कारोबारी बिलिंग और टैक्स चोरी के लिए खासतौर पर 'बादशाह साफ्ट बिजनेस मैनेजमेंट ऐप' का इस्तेमाल कर रहे थे। इस ऐप में कैश बिक्री और अघोषित कारोबार को छिपाने के लिए हिडन 'फीचर' भी मिला है। इसके जरिए ट्रेडिंग और बिलिंग में हेरा-फेरी की जा रही थी।

केंद्रीय मंत्री पुरी पहुंचे भोपाल, आज जमा करेंगे नामांकन

भोपाल। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी मध्यप्रदेश से राज्यसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी के बतौर 31 अक्टूबर को अपना नामांकन पत्र जमा करेंगे। शुक्रवार देर रात पुरी भोपाल पहुंच गए। विधानसभा परिसर स्थित निर्वाचन कार्यालय में नामांकन पत्र जमा करने केंद्रीय मंत्री पुरी के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित मंत्री, विधायक और सांसद आदि भी मौजूद रहेंगे। नामांकन पत्र जमा करने के पहले सुबह सवा 9 बजे केंद्रीय मंत्री पुरी करूणाधाम मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद वह अरेरा कालोनी स्थित गुरुद्वारा जाएंगे।

पुरी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

प्रदेशभर में प्रदर्शन करने की चेतावनी

पीपुल्स ब्यूरो ● भोपाल
मो.नं. 9425174141

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को मप्र से राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर भाजपा की राजनीतिक और नैतिक प्राथमिकताओं पर सवाल उठाए हैं।


जीतू पटवारी


हरदीप सिंह पुरी

शुक्रवार को पटवारी ने प्रेस वार्ता में एप्स्टीन प्रकरण से जुड़े दस्तावेजों, ईमेल और मुलाकातों में पुरी का नाम सामने आने का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से 2017 के बीच हुई मुलाकातों की परिस्थितियों पर भाजपा और पुरी को तथ्यात्मक जवाब देना चाहिए। यह किसी को दोषी ठहराने का नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही का सवाल है। पटवारी ने पूछा कि पहले उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्य रहे पुरी को मध्यप्रदेश से उम्मीदवार बनाने की क्या वजह थी? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के एक दलित राज्यसभा सदस्य से इस्तीफा दिलाकर सीट खाली कराई गई।

न्यूज ब्रीफ

मई से बुजुर्गों और महिलाओं को नहीं मिली पेंशन

भोपाल। शहर के कई बुजुर्गों, विधवाओं और बेसहारा महिलाओं को पिछले कई महीनों से 600 रुपए मासिक पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। हितग्राहियों के अनुसार, उन्हें मई से अब तक पेंशन राशि नहीं मिली है। इसके चलते दवा, राशन और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में कई लोगों ने शिकायत भी की है। मामले में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। आयोग ने की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक सप्ताह में मांगा है।

स्वच्छता के लक्ष्यों पर 'प्रगति 50' शहरों की समीक्षा

भोपाल। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत भोपाल समेत 50 शहरों की स्वच्छता गतिविधियों की समीक्षा की जा रही है। शुक्रवार को मंत्रालय के सचिव सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई। इसमें नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार व अपर आयुक्त अमन मिश्रा शामिल हुए। सचिव ने निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार कार्ययोजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कचरा पृथक्करण, प्रसंस्करण, जल प्रबंधन और सफाई मित्रों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा।

आर्मी-डे की तैयारी...टूट रहीं भेल की 60 साल पुरानी रोटरी, 80 फीट चौड़ी हो रही सड़क

भेल की ऐतिहासिक पहचान और सांप्रदायिक सद्भाव के प्रतीकों को सुरक्षित रखने की मांग

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9752479963



गोविंदपुरा थाने से आगे की ओर जाने वाला रास्ता।

राजधानी में 15 जनवरी 2027 को होने वाली आर्मी-डे परेड की तैयारियों के तहत भेल क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है। जंबूरी मैदान से बीएचईएल दशहरा मैदान तक करीब 3 किमी लंबे मार्ग को 80 फीट चौड़ा किया जाएगा। सैन्य टुकड़ियों और टैंकों की आवाजाही के लिए डिवाइडर और 4 प्रमुख रोटरियां हटाई जाएंगी। फैसले पर लोगों और श्रमिक नेताओं ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि ये चौराहे करीब 60 वर्षों से भेल की पहचान हैं।

सद्भावना चौक से गांधी चौराहे तक हटेंगी रोटरियां : प्रस्तावित मार्ग पर सद्भावना चौक, प्रगति चौक, बरखेड़ा पठानी चौक और गांधी चौक की रोटरियां हटाई जाएंगी। इसके अलावा डिवाइडर और बाधक संरचनाएं भी हटेंगी या स्थानांतरित होंगी। भारी सैन्य वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क मजबूत की जाएगी। निर्माण एजेंसियां सेना के अधिकारियों के समन्वय से तय समय सीमा में काम पूरा करने में जुटी हैं।

दोबारा स्थापित करने की मांग : दीपक गुप्ता ने मांग की है कि इन स्थानों से जुड़ी प्रतिमाओं और प्रतीक चिह्नों को हटाने से पहले व्यवस्थित तरीके से सुरक्षित रखा जाए, साथ ही, संभव हो तो उन्हें उनके मूल स्थान पर दोबारा स्थापित किया जाए। उनका कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन भेल की वर्षों पुरानी पहचान और सांप्रदायिक सद्भाव के प्रतीकों को भी कायम रखा जाना चाहिए। इस मुद्दे को लेकर हाल ही में कांग्रेस की ओर से प्रदर्शन भी किया गया था।

दिसंबर से बंद हो सकती है बीएचईएल रोड : आर्मी-डे परेड की तैयारियों के चलते दिसंबर से बीएचईएल रोड पर आम यातायात बंद हो सकता है। इससे मेट्रो निर्माण के कारण पहले से प्रभावित रायसेन रोड पर दबाव बढ़ेगा। ट्रैफिक पुलिस वैकल्पिक मार्गों की योजना बना रही है। अतिरिक्त डीसीपी बसंत कौल ने मेट्रो एजेंसी को प्रभात चौराहे से पिपलानी तक चल रहे डायवर्जन संबंधी कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया है।

60 साल से भेल की पहचान बने हैं चौराहे : रोटरियां हटाने के फैसले पर श्रमिक नेता दीपक गुप्ता ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भेल की कई रोटरियां और चौराहे पिछले करीब 60 वर्षों से क्षेत्र की पहचान बने हुए हैं। महात्मा गांधी चौराहा, सद्भावना चौराहा, गुरुद्वारा चौराहा और गोविंद थाने के सामने स्थित हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई सद्भावना से जुड़े स्थल भेल की ऐतिहासिक और सामाजिक विरासत का हिस्सा हैं। इनसे क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और आपसी भाईचारे का संदेश जुड़ा हुआ है।



परेड के बाद दोबारा विकसित होंगी व्यवस्थाएं

अधिकारियों के अनुसार, परेड संपन्न होने के बाद हटाई गई रोटरियों और सड़क की व्यवस्थाओं को दोबारा विकसित करने की योजना है। ऐसे में चुनौती यह है कि भव्य सैन्य आयोजन की तैयारियों के साथ भेल की ऐतिहासिक पहचान, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सद्भाव के प्रतीकों को भी सुरक्षित रखा जाए।

व्यापारियों की मांग-दिवाली तक मेट्रो का काम बंद करो

काम रोकने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव से की मांग

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9752479963

राजधानी भोपाल में दिवाली की तैयारियों के बीच मेट्रो निर्माण कार्य व्यापारियों के लिए चिंता का कारण बन रहा है। शहर में चल रहे मेट्रो निर्माण कार्यों के चलते लग रहे लंबे जाम, धूल-मिट्टी और अव्यवस्थित यातायात का असर बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही पर पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि मेट्रो निर्माण कार्य से त्योहार की खरीदारी प्रभावित होने के साथ कारोबारियों को आर्थिक नुकसान की आशंका है। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से दिवाली तक मेट्रो निर्माण कार्य अस्थायी रूप से बंद रखने की मांग की है।

शहर के जवाहर चौक, न्यू मार्केट, रायसेन रोड, पिपलानी, करोंद सहित पुराने और नए भोपाल के कई इलाकों में मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है। इससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और कई मार्गों पर जाम की स्थिति बन रही है। व्यापारियों का कहना है कि ग्राहक बाजार आने से बच रहे हैं, जिसका सीधा असर बिक्री पर पड़ रहा है।

व्यापारियों के अनुसार दिवाली के दौरान बाजारों में सबसे अधिक कारोबार होता है। इस समय लोग कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, सजावटी सामान, मिठाई और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी के लिए बाजार पहुंचते हैं, लेकिन निर्माण से पार्किंग की जगह कम हो गई है और दुकानों तक पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है।



दिवाली व्यापारियों के लिए सालभर का सबसे बड़ा कारोबारी अवसर है। व्यापारी त्योहार के लिए ब्याज पर कर्ज लेकर दुकानों में सामान भरते हैं। ऐसे में व्यापारियों पर कर्ज चुकाने और आर्थिक नुकसान का दबाव बढ़ सकता है। **-रिंकू भटेजा,** अध्यक्ष, गोविंद गार्डन व्यापारी संघ

दिवाली के दौरान इछावर, सिरोंज, गंजबासौदा, रायसेन, सांची, विदिशा और बरेली समेत कई शहरों से व्यापारी व ग्राहक भोपाल आते हैं। यातायात बाधित होने से उन्हें बाजारों तक पहुंचने में परेशानी होती है। इसका असर खरीदारी पर पड़ता है। प्रशासन से जरूरी कदम उठाने की मांग की। **-अनुपम अग्रवाल,** महासचिव, भोपाल व्यवसायी महासंघ

जिला प्रशासन, नगर निगम और मेट्रो प्रशासन से आपसी समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की जाए, ताकि खरीदारी के लिए ग्राहकों व व्यापारियों को वाहन पार्किंग में परेशानी न हो। **-अजय देवनानी,** उपाध्यक्ष, न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति

लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भूमिका अहम : सांसद आलोक शर्मा

पीपुल्स संवाददाता • संत नगर
मो.नं. 8602467816



उत्तर विधानसभा क्षेत्र के ईदगाह हिल्स स्थित सिंधी कम्युनिटी हॉल में भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत 'लोकतंत्र बनाम अराजकता' विषय पर छात्र प्रतियोगिता एवं युवा संवाद आयोजित किया गया। इसमें भोपाल सांसद आलोक शर्मा मुख्य अतिथि और जिला टोली संयोजक राकेश कुकरेजा अध्यक्षता के रूप में शामिल हुए।

सांसद शर्मा ने कहा कि जागरूक युवा सशक्त लोकतंत्र की नींव हैं। लोकतंत्र की मजबूती जागरूक नागरिकों, सकारात्मक संवाद और संवैधानिक मर्यादाओं के सम्मान पर निर्भर है। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को पारदर्शिता और पात्र मतदाताओं के नाम सुनिश्चित करने की प्रक्रिया बताया। कहा कि वर्ष 2002-2004 में भी ऐसी प्रक्रिया अपनाई गई थी। वहीं, राकेश कुकरेजा ने कहा कि एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। युवाओं को सोशल मीडिया पर खबर साझा करने से पहले उसकी सत्यता जांचनी चाहिए।

कार्यक्रम में निबंध, क्विज और कंटेंट क्रिएटर प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल-श्रीफल भेंटकर दी विदाई

भोपाल। नगर निगम भोपाल में सेवा अवधि पूरी कर सेवानिवृत्त हुए तीन कर्मचारियों को शुक्रवार को निगम मुख्यालय अटल भवन में आयोजित समारोह में ससम्मान विदाई दी गई। उपायुक्त हीरेंद्र सिंह कुशवाह ने कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल, प्रमाण पत्र और मिष्ठान भेंटकर उनके उज्ज्वल एवं सुखमय भविष्य की कामना की। सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में निम्न श्रेणी लिपिक अब्दुल असद, सुपरवाइजर अशोक कुमार और श्रमिक बिहारी लाल को सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने कर्मचारियों की सेवाओं की सराहना करते हुए उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

डीआरएम पंकज त्यागी ने 25 रेलकर्मियों को किया सम्मानित

विभिन्न पदों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को दी विदाई

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9752479963

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में अक्टूबर में सेवानिवृत्त हुए 25 रेलकर्मियों के सम्मान में मंडल कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने की।

उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके लंबे सेवाकाल और रेल संगठन में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया। साथ ही सभी के सुखद, स्वस्थ और समृद्ध सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त होने वालों में मुख्य कार्यालय अधीक्षक, तकनीशियन, हेल्पर, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता, ट्रैक मेंटेनर, शंटिंग मास्टर और सब इंस्पेक्टर सहित विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारी शामिल रहे। समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक जान्हवी तिवारी, सहायक कार्मिक अधिकारी वाईबी गुप्ता सहित यूनियन और सेवानिवृत्त रेलकर्मी फेडरेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ICICI Bank | रजिस्टर्ड ऑफिस : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्कल, वडोदरा- 390007
कॉरपोरेट ऑफिस : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई- 400051.
ब्रांच ऑफिस : ऑफिस नंबर 201-B, दूसरी मंजिल, वाईफाई आईटी पार्क, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर B/3, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे (पश्चिम), ठाणे- 400604

मृतक कर्जदार के कानूनी वारिसों की जानकारी देने के लिए नोटिस
सार्वजनिक सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि ICICI बैंक लिमिटेड (बैंक) ने कंचन मेघानी, परमानंद मेघानी, सुशीला मेघानी और माया मेघानी को, दिवंगत सच्चानंद मेघानी के साथ मिलकर, होम लोन (क्रेडिट सुविधा) LBITA00004898457 प्रदान किया था। यह क्रेडिट सुविधा, सच्चानंद मेघानी द्वारा संपत्ति को गिरवी रखकर (मॉर्गेज के माध्यम से) सुरक्षित की गई थी। यह संपत्ति हाउस नंबर 11 और 12, सिंधी कॉलोनी, गुरु गोविंद सिंह नगर, वार्ड नंबर 28, पीएच नंबर 9, होशंगाबाद, मध्यप्रदेश, इटारसी - 461110 पर स्थित है।
हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि बैंक अधिकारियों द्वारा फील्ड विजिट और रजिस्टर्ड कॉन्टैक्ट नंबरों पर टेलीफोनिक बातचीत के दौरान हमें सच्चानंद मेघानी के निधन की जानकारी मिली है। इस संबंध में, मृतक उधारकर्ता सच्चानंद मेघानी के कानूनी उत्तराधिकारियों (लीगल हेयर्स) की जानकारी मांगने के लिए, उनके और अन्य उधारकर्ताओं के रजिस्टर्ड पते पर 26 अक्टूबर, 2026 को एक पत्र भेजा गया था।
इसलिए, इस नोटिस के माध्यम से आपसे अनुरोध है कि आप मृतक सच्चानंद मेघानी के कानूनी उत्तराधिकारियों का विवरण और उससे जुड़े सहायक दस्तावेज, इस नोटिस के प्रकाशित होने के <15> दिनों के भीतर बैंक को उपलब्ध कराएं, ताकि बैंक के रिकॉर्ड को अपडेट किया जा सके।
आप ये विवरण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, विनायक भवन, मीनाक्षी चौक, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश - 461001 पर जाकर श्री संदीप सोंनर को सौंप सकते हैं।
दिनांक : 31 अक्टूबर 2026
स्थान : इटारसी (होशंगाबाद)
अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

आयुर्वेद की सेवा करने वाले 21 चिकित्सक सम्मानित



पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

आयुर्वेद के संरक्षण और संवर्धन में योगदान देने वाले वरिष्ठ चिकित्सकों के सम्मान में भाई उद्धवदास मेहता स्मृति न्यास ने कार्यक्रम आयोजित किया।

पं. खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय के रजत जयंती सभागार में हुए समारोह में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मुख्य अतिथि और एनसीआईएसएम अध्यक्ष डॉ. मनीषा उपेंद्र कोटेकर विशिष्ट अतिथि रहीं। देवड़ा ने कहा कि न्यास 28 वर्षों से सराहनीय कार्य कर रहा है। समारोह में धनवंतरि पूजन के साथ 21 चिकित्सकों का सम्मान किया गया। निबंध प्रतियोगिता में हरिद्वार के डॉ. पवन कुमार त्रिपाठी, नई दिल्ली के डॉ. मो. फैजल खान और भोपाल की डॉ. पूजा सोलंकी को क्रमशः 21 हजार, 11 हजार और 7 हजार रुपए के पुरस्कार दिए गए।

बुद्ध के शांति और समानता के संदेश के साथ निकली धम्म रैली

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9752479963

तुलसी नगर स्थित करुणा बुद्ध विहार में पूज्य भन्ते प्रियबोधि जी के वर्षावास समापन समारोह का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के ताडोबा अभयारण्य से पधारे पूज्य भदन्त ज्ञानज्योति महाथेरो सहित भिक्षु संघ की विशेष उपस्थिति रही।

समारोह का शुभारंभ बुद्ध वंदना के साथ हुआ। इसके बाद प्रबुद्ध महिला मंडल की ओर से भिक्षु संघ को श्रद्धापूर्वक भोजनदान किया गया। साथ ही महापरित्राण पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें भिक्षु संघ ने श्रद्धालुओं को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण धम्म रैली रही।

डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर पार्क, अंबेडकर नगर से भिक्षु संघ के नेतृत्व में शुरू हुई रैली माता मंदिर और पंचशील नगर चौराहे से होते हुए करुणा बुद्ध विहार पहुंची। रैली के माध्यम से भगवान बुद्ध के शांति और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया। विहार पहुंचने पर भदन्त ज्ञानज्योति महाथेरो ने धम्म देशना दी। उन्होंने श्रद्धालुओं को बुद्ध के बताए धम्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इसके बाद भिक्षु संघ को श्रद्धापूर्वक संघदान अर्पित किया। समारोह में दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के विधायक सबनानी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के ट्रस्टी चेयरमैन डॉ. चन्द्रबोधि पाठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर धम्मरतन सोमकुंवर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भीमराव कांबले व केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य यूजी चवरे उपस्थित रहे।

जाहिर सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने **1. संजुबाई पत्नी राजेंद्र,** जाति तेली, निवासी ग्राम सुकलिया, जिला देवास, म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम मचवासा, तहसील खातेगाँव, जिला देवास स्थित **सर्वे क्रमांक 121/2, रकबा 1. 0000 हेक्टेयर** कृषि भूमि **2. राजेंद्र पिता राधेश्याम,** जाति- तेली, निवासी ग्राम सुकलिया, जिला देवास, म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम मचवासा, तहसील खातेगाँव, जिला देवास स्थित **सर्वे क्रमांक 121/1, रकबा 0.9100 हेक्टेयर, 583/351/1, रकबा 0.0800 हेक्टेयर,** इस प्रकार कुल 2 नग कुल रकबा 0.9900 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। यदि, उक्त कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, अन्य किसी भी वित्तीय संस्था इत्यादि का भार, बोझ, बंधक, हित, अधिकार, अंतरण, डिकी, अटेचमेंन्ट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित आपत्ति हमारे कार्यालय में प्रस्तुत करें, अवधि पश्चात् विक्रय-पत्र का पंजीयन हमारे पक्षकार के हित में करवा लिया जावेगा एवं कोई आपत्ति हमारे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी।

शिवम जैन एडवोकेट
कार्यालय-48/2, मोती तबेला, कलेक्ट्रेट परिसर, हनुमान मंदिर के पास, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 8319892436

Piramal Finance | रजिस्टर्ड ऑफिस का पता : यूनिट नंबर 601, छठी मंजिल, पीरामल अमिटी बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, LBS मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई- 400070.
CIN: L64910MH1984PLC032639, Web Side:- www.piramalfinance.com

मांग पत्र

'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' (जिसे आगे 'उक्त अधिनियम' कहा गया है) की धारा 13(2) और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 3(1) के तहत, नीचे हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति 'पीरामल फाइनेंस लिमिटेड (PFL)' (पूर्व में पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के अधिकृत अधिकारी हैं। उक्त अधिनियम की धारा 13(12) और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 3 के तहत मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए, अधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत संबंधित उधारकर्ताओं (जिन्हें आगे 'उक्त उधारकर्ता' कहा गया है) को 'डिमांड नोटिस' जारी किए हैं। इन नोटिसों में बताई गई राशि का भुगतान करने के लिए उन्हें कहा गया है; यह राशि नीचे भी दी गई है। इस संबंध में, उक्त उधारकर्ताओं को एक बार फिर सूचित किया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशित होने के 60 दिनों के भीतर PFL को नीचे बताई गई राशि का भुगतान करें। इसके साथ ही, उक्त डिमांड नोटिस में बताए अनुसार, नीचे दी गई तारीखों से लेकर भुगतान या वसूली की तारीख तक का अतिरिक्त ब्याज भी देना होगा। यह भुगतान लोन एग्रीमेंट और उधारकर्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित अन्य दस्तावेजों/कागजातों के अनुसार देय है। लोन की समय पर अदायगी की सुरक्षा (सिक्योरिटी) के तौर पर, उक्त उधारकर्ताओं ने अपनी संपत्तियां PFL के पास गिरवी रखी हैं।

उधारकर्ता (यो)/ जमानतदार(यो) का नाम	डिमांड नोटिस की तारीख और NPA की तारीख के साथ रकम	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)
(भोपाल शाखा का एलसी नंबर 13400002685) रवींद्र सिंह (उधारकर्ता) जया रानी (सह-उधारकर्ता 1) राजकिशोर सिंह (सह-उधारकर्ता 2) अनिरुद्ध सिंह (सह-उधारकर्ता 3) जयंत सिंह (सह-उधारकर्ता 4) अनिता सिंह परमार (सह-उधारकर्ता 5)	दिनांकः 15-10-2026 / रुपये 4,83,48,628/- (चार करोड़ तिरासी लाख अड़तालीस हजार छह सौ अट्ठाईस रुपये मात्र) NPA (06-03-2018)	वह पूरी संपत्ति, यानी लीजहोल्ड प्लॉट नंबर 28 और उस पर बनी इमारत, जिसका कुल क्षेत्रफल 1980.00 वर्ग फुट है। यह संपत्ति भोपाल के टी.टी. नगर, कैपिटल प्रोजेक्ट स्कीम, जोन नंबर VI में स्थित है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व में प्लॉट नंबर 27, पश्चिम में प्लॉट नंबर 29, उत्तर में फुटपाथ, और दक्षिण में नाला/सरकारी सर्विस रोड।
(भोपाल शाखा का एलसी नंबर 13400002675) शाहिद अली (उधारकर्ता) समीना खान (सह-उधारकर्ता 1)	दिनांकः 24-10-2026/ रुपये 31,07,620/- (इकतीस लाख सात हजार छह सौ बीस रुपये मात्र)NPA (11-05-2026)	वह पूरी संपत्ति, यानी लीजहोल्ड प्लॉट नंबर 19 (MIG II हाउस), जिसका क्षेत्रफल 125.35 वर्ग फुट है, जो भोपाल की वसुंधरा कॉलोनी, जमालपुरा में स्थित है।
(भोपाल शाखा का एलसी नंबर 21000041558) तरैया एंड संस (उधारकर्ता) पीयूष इंटरप्राइजेज (सह उधारकर्ता 1) पीयूष तरैया (सह उधारकर्ता 2) कमल कुमार तरैया (सह उधारकर्ता 3) अनीता तरैया (सह उधारकर्ता 4) प्रियंका तरैया (सह उधारकर्ता 5)	दिनांकः 24-10-2026 / रुपये 42,49,035/- (बयालीस लाख उनचास हजार पैंतीस रुपये मात्र) NPA (10-03-2026)	वह पूरी संपत्ति, जिसे 'परिसर नंबर बी-9' (बेसमेंट) के रूप में जाना जाता है, जिसका क्षेत्रफल 347.20 वर्ग फुट है। यह संपत्ति प्लॉट नंबर 131 पर बनी है और भोपाल (म.प्र.) के हुजूर तहसील अंतर्गत मालवीय नगर के 'सुभाग सिटी सेंटर' में स्थित है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व में M.O.S., पश्चिम में बेसमेंट परिसर नंबर बी-10, उत्तर में कॉरिडोर, और दक्षिण में प्लॉट नंबर 132
(छिंदवाड़ा शाखा का एलसी नंबर BLSA000099D1) कृष्णा पाठे (उधारकर्ता) श्रीमती अर्चना पाठे (सह-उधारकर्ता 1)	दिनांकः 24-10-2026 / रुपये 25,76,778/- (पच्चीस लाख छिहत्तर हजार सात सौ अठहत्तर रुपये मात्र) NPA (03-10-2026)	840 वर्ग फुट (0.008 हेक्टेयर) जमीन, जो खसरा नंबर 931/1/2 के अंतर्गत आती है। यह जमीन मौजा- बिसापुरकला (B.No.- 399, P.H.No.-57), R.I. सर्कल- इकलबिहारी, तहसील- मोहखेड़, ज़िला- छिंदवाड़ा में स्थित है।

यदि उक्त उधारकर्ता PFL को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो PFL अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उक्त सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कार्रवाई करेगा। इसमें होने वाले खर्च और परिणामों का पूरा जोखिम उधारकर्ताओं का ही होगा। अधिनियम के तहत, उधारकर्ताओं को PFL की पूर्व लिखित सहमति के बिना इन संपत्तियों को बेचने, पट्टे पर देने या किसी अन्य तरीके से हस्तांतरित करने की मनाही है। यदि कोई व्यक्ति इस अधिनियम या इसके तहत बने नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, या ऐसा करने में मदद करता है, तो वह अधिनियम में बताए अनुसार कारावास और/या जुर्माने का भागीदार होगा।

दिनांकः 31 अक्टूबर 2026, स्थानः भोपाल, छिंदवाड़ा
हस्ते/-(प्राधिकृत अधिकारी), पीरामल फाइनेंस लिमिटेड

दीपोत्सव से पहले समृद्धि का योग, रवि पुष्य पर होगी शुभ शुरुआत

रवि पुष्य योग सुबह 5:39 बजे से , सोना-चांदी, वाहन और प्रॉपर्टी खरीदने के लिए दिनभर रहेंगे शुभ मुहूर्त

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9752479963

धनतेरस और दिवाली से पहले इस बार 1 नवंबर को रवि पुष्य नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र में इसे खरीदारी और शुभ कार्यों के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है।

मान्यता है कि इस योग में सोना-चांदी, वाहन, मकान, जमीन और व्यापार से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी करने से सुख-समृद्धि आती है। ज्योतिष मठ संस्थान के पंचांग कार्यकर्ता पं. विनोद गौतम के अनुसार पुष्य नक्षत्र 1 नवंबर को सुबह 5:39 बजे से शुरू होकर 2 नवंबर सुबह 4:30 बजे तक रहेगा। इस दौरान रवि पुष्य के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग भी बनेगा।



खरीदारी के प्रमुख मुहूर्त

रवि पुष्य योग : सुबह 5 :39 बजे से पूरी रात।
सर्वार्थ सिद्धि योग : सुबह 6 :33 बजे से 2 नवंबर सुबह 4 :30 बजे तक।
अभिजीत मुहूर्त : सुबह 11 :42 से दोपहर 12 :27 बजे तक।
गोधूलि मुहूर्त : शाम 5 :36 से 6 :02 बजे तक।

सोना-चांदी से लेकर वाहन और संपत्ति खरीदना शुभ

पं. गौतम के अनुसार रवि पुष्य योग में सोने-चांदी के आभूषण, सिक्के, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, चांदी के बर्तन, वाहन, मकान, जमीन और दुकान खरीदना शुभ माना जाता है। व्यापारी इस दिन नए बही-खाते शुरू करने, दुकान का शुभारंभ करने और मशीनरी खरीदने जैसे कार्य भी कर सकते हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक सामान, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, फर्नीचर और निवेश से जुड़ी संपत्तियों की खरीदारी भी कर सकते हैं। बड़ी खरीदारी संभव नहीं होने पर श्री यंत्र, शंख, कौड़ी, चंदन, इत्र और मिट्टी के दीपक खरीदकर भी शुभ शुरुआत की जा सकती है।

अहोई अष्टमी का भी रहेगा संयोग : 1 नवंबर को अहोई अष्टमी का व्रत भी रहेगा। इस दिन माताएं संतान की सुख-समृद्धि और दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं। पं. गौतम के अनुसार इस अवसर पर चांदी की अहोई और बच्चों के लिए चांदी के आभूषण खरीदने की परंपरा भी निभाई जाती है।

दान-पुण्य और पूजा का भी महत्व : रवि पुष्य योग में खरीदारी के साथ पूजा-पाठ, दान-पुण्य और देवगुरु बृहस्पति के मंत्रों का जाप करना शुभ माना जाता है। जरूरतमंदों को अन्न और वस्त्र दान करने की भी धार्मिक मान्यता है। धनतेरस व दिवाली की तैयारियों के बीच यह संयोग लोगों को खरीदारी के साथ धार्मिक अनुष्ठान करने का अवसर देगा।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! **pnb punjab national bank** ...the name you can BANK upon! **ई-नीलामी विक्रय सूचना**

मंडल कार्यालय, अरेरा हिल्स, भोपाल,फोन नं. 0755-2550020

चल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित चल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास गिरवी रखी गई है और जिसका भौतिक कब्जा सुरक्षित ऋणदाता बैंक के हस्ताक्षरकर्ता द्वारा ले लिया गया है, बैंक/सुरक्षित ऋणदाता को संबंधित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को ''जैसी है, जहां है'', ''जैसी है, जो है'' और ''जो भी उपलब्ध है'' के आधार पर बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित हैं। नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित आरक्षित मूल्य में जीएसटी शामिल नहीं है। एच1 बोली राशि पर जीएसटी (सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार) लागू होगा।

सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

ई नीलामी दिनांक : 16.11.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 15.11.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

खाते का नाम	गिरवी रखी गई चल संपत्तियों का विवरण / स्वामी का नाम	बकाया राशि	ए) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) (जीएसटी को छोड़कर) बी) ईएमडी सी) बोली वृद्धि राशि
श्री चतुर नायारन राजपूत पुत्र श्री विजय सिंह राजपूत पता : मकान नंबर 26, नरेला शकरी, जेके रोड, भोपाल (म.प्र)-462023	निर्माता : Rextron by Mahindra & Mahindra मॉडल : 2014 (Rextron RX270 XVT RX7) रजिस्ट्रेशन नं. : MP04CT1014 इंजन नं. : 66593522533616 चेसिस नं. : MP1PB4PBBD6F45213 मालिक का नाम : चतुर नारायण राजपूत	रु. 11,69,000/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे	रु. 1,60,000/- रु. 16,000/- रु. 10,000/-

नियम एवं शर्तें : यह बिक्री निम्नलिखित नियमों और शर्तों के अधीन होगी :
1) संपत्तियां ''जैसी है, जहां है'' और ''जैसी है, जो है'' के आधार पर बेची जा रही हैं।
2) ऊपर दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए अधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा।
3) बोली जमा करने से पहले संपत्ति और उसके विवरण का निरीक्षण करना और स्वयं को संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। नीलामी में रखी गई संपत्ति का निरीक्षण इच्छुक बोलीदाताओं को प्रकाशन की तिथि से दस्तावेज और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि तक स्थल पर करने की अनुमति होगी। बैंक को ज्ञात कोई अन्य भार ज्ञात नहीं है। अधिकृत अधिकारी या बैंक, ई-नीलामी के माध्यम से बेची गई संपत्तियों के संबंध में सरकार या किसी अन्य व्यक्ति को देय किसी भी शुल्क, ग्रहणाधिकार, भार या अन्य बकाया राशि के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। इच्छुक बोलीदाता को चल संपत्ति पर लगे भारों, जिनमें वैधानिक देनदारियां, संपत्ति कर का बकाया, बिजली बिल आदि शामिल हैं, के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच करने की सलाह दी जाती है।
4) बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://etender.pnb.bank.in पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।
5) बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://etender.pnb.bank.in और www.pnb.bank.in देखें।
6) बोली जमा करने और ई-नीलामी की कार्यवाही में भाग लेने से पहले ई-नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया श्री संदीप कुमार साहु : 7000086955 पर संपर्क करें।

दिनांक: 30/10/2026, स्थान: भोपाल
सुरक्षित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक

सिटी एक्टिविटी

मानसरोवर डेंटल कॉलेज में 'प्रवेशम्-2026' कार्यक्रम



भोपाल। मानसरोवर डेंटल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में बीडीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को 'प्रवेशम्-2026' ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश स्टेट डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. चंद्रेश शुक्ला, कजलीखेड़ा थाना के सब-इंस्पेक्टर संतोष कुमार, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय और डीन डॉ. गुरुदत्त नायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। डॉ. चंद्रेश शुक्ला ने शैक्षणिक वातावरण की जानकारी दी। वाइस प्रिंसिपल डॉ. तृप्ति रहांगडाले ने चरक शपथ दिलाई।

पीपुल्स समाचार

वीआईटी को श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान का सम्मान



भोपाल। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी को पुणे में आयोजित एडैक्स अवार्ड्स-2026 के सातवें राष्ट्रीय समारोह में 'मध्यप्रदेश का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान-2026' सम्मान से नवाजा गया। इंडियन प्रेन्योर मैगजीन द्वारा आयोजित समारोह में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सतीश कुमार मोढ़ ने 'द फ्यूचर यूनिवर्सिटी 2035' विषय पर पैनल चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने प्रायोगिक प्रशिक्षण पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी का CALTech फ्रेमवर्क विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव देता है।

पीपुल्स समाचार

भोज विवि में मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान



भोपाल। विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश भोज मुक्त विवि, भोपाल में डॉ. संजय कुमार शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में स्पेशल एजुकेशन डिसएबल के डीन हेमंत सिंह केसवाल उपस्थित रहे। डॉ. शर्मा ने बीएड एवं एमएड के विद्यार्थियों को दिव्यांगों के लिए बनाए गए विभिन्न कानूनों और प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोर्ट से मानसिक रूप से परेशान व्यक्तियों को उपचार उपलब्ध कराने के साथ समाज की मुख्यधारा से जोड़ सकते हैं।

आरएनटीयू में विद्यार्थियों ने समझे फॉरेंसिक साक्ष्य



भोपाल। रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (आरएनटीयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ की ओर से शुक्रवार को शारदा ऑडिटोरियम में 'क्राइम सीन से कोर्टरूम तक' विषय पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित हुआ। इसमें ईओडब्ल्यू भोपाल के डीपीओ अभिषेक बुंदेला, एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष अभियोजन अधिकारी आशीष दुबे और मेडिको-लीगल इंस्टीट्यूट के पूर्व निदेशक डॉ. डीएस बड़कुर ने फॉरेंसिक साक्ष्य, आपराधिक जांच की जानकारी दी। उन्होंने कानून के व्यावहारिक पहलुओं को भी समझाया।

पीपुल्स समाचार

पोषण सुरक्षा के लिए बना राज्य स्तरीय रोडमैप



भोपाल। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने ईट राइट इंडिया अभियान के तहत शुक्रवार को भोपाल में राज्य स्तरीय परामर्श आयोजित किया। इसमें सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर करने की रणनीति पर चर्चा हुई। एफडीए की संयुक्त नियंत्रक टीना यादव, अभिहित अधिकारी देवेंद्र कुमार वर्मा, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक संचालक मंजुला शर्मा, सहायक आपूर्ति अधिकारी जितेंद्र कुशवाह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय भलराई ने विचार रखे। फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों पर जोर दिया गया।

पीपुल्स समाचार

दो गैस गोदामों के ट्रकों से 20 और मकान से चुराए थे छह सिलेंडर

गैस सिलेंडर और बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, खरीदार भी गिरफ्तार

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9425620522

गैस सिलेंडर और दोपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का गोविंदपुरा पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके साथी विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर 26 गैस सिलेंडर और 5 बाइकें बरामद की हैं। दोनों दो गैस गोदामों के बाहर खड़े ट्रकों से सिलेंडर चोरी करने के अलावा मकानों और अलग-अलग इलाकों से बाइक भी चुराते थे। बरामद सामान की कीमत करीब 4.78 लाख रुपए आंकी गई है। चोरी के सिलेंडर खरीदने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है।

गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर के मुताबिक, गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली थी। इसी आधार पर शक्तिनगर मार्केट से दो को गिरफ्तार किया गया था।



गोविंदपुरा थाने में बरामद किए गए सिलेंडरऔर बाइक के साथ आरोपी।

अपराध कबूल किया

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर इन दो बदमाशों को पकड़ा है। पूछताछ में पता चला कि उनके पास मौजूद बाइक भी चोरी की है। इसे नेहरू मार्केट, बरखेड़ा से चुराया गया था। वहीं पूछताछ में गैस सिलेंडर और बाइक चोरी के कई मामले सामने आए। दोनों ने दो गैस गोदामों में खड़े ट्रकों से 20 सिलेंडर और एक मकान से 6 सिलेंडर चोरी करना स्वीकार किया। इसके अलावा गोविंदपुरा और बागसेवनिया थाना क्षेत्रों से पांच बाइकें भी चुराई थीं।

चोरी का माल छिपाने बनाए अलग-अलग ठिकाने

चोरी का सामान छिपाने के लिए आरोपी और उसके नाबालिग साथी ने अलग-अलग ठिकाने बना रखे थे। गैस सिलेंडर बीएचईएल के खंडहर क्वार्टर में छिपाए गए थे, जबकि मोटरसाइकिलें अलग-अलग स्थानों पर रखी गई थीं। पूछताछ में यह भी पता चला कि चोरी के कुछ सिलेंडर दोनों ने अफजल कॉलोनी, जहांगीराबाद निवासी मोहम्मद शावर कुरैशी को बेच दिए थे। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सिलेंडर बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में 19 वर्षीय नीरज सोनी निवासी पिपलिया पैंदे खां और एक विधि विरुद्ध बालक शामिल है। पुलिस अब पुलिस आरोपी नीरज सोनी से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में बाइक चोरियों का खुलासा होने के उम्मीद है।

ई-चालान और बैंक की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 4.5 लाख की ठगी

वाट्सऐप पर आए लिंक को क्लिक किया था

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9425620522

साइबर जालसाज अब लोगों को ठगने के लिए कभी ट्रैफिक पुलिस का ई-चालान तो कभी बैंक अधिकारी बनकर संपर्क कर रहे हैं। भोपाल में ऐसे चार मामले सामने आए हैं, जिनमें लोगों के खातों से करीब 4.54 लाख रुपए निकाल लिए गए। एक महिला को ऑनलाइन खरीदे गए सामान की जानकारी लेने के दौरान एपीके फाइल भेजकर निशाना बनाया,जबकि दूसरे व्यक्ति को वाट्सऐप पर आए फर्जी ई-चालान के लिंक ने चूना लगा दिया। दो अन्य लोगों को बैंकिंग सुविधाओं के नाम पर ठगा गया।

पिपलानी थाना पुलिस के मुताबिक, पटेल नगर, आनंद नगर निवासी 33 वर्षीय प्रियंका सिंह ने मीशो ई-कॉमर्स से कुछ सामान खरीदा था। पसंद नहीं आने पर उन्होंने 26 अक्टूबर को गूगल क्रोम पर जाकर मदद लेने की कोशिश की। जालसाज ने एक लिंक भेजी। उसे क्लिक करते ही उनके बैंक खाते से करीब 90 हजार रुपए निकल गए।

ई-चालान के नाम पर ठगी

बागसेवनिया थाना क्षेत्र में साकेत नगर के सेक्टर-2 निवासी 46 वर्षीय नीलेश टिल्लू को 25 अक्टूबर को वाट्सऐप पर ट्रैफिक पुलिस के ई-चालान का संदेश मिला था। उन्होंने उसे असली समझकर लिंक खोल दी। हालांकि उसी दिन रकम नहीं निकली, लेकिन 28 अक्टूबर की रात उनके बैंक खाते से 1 लाख 89 हजार 600 रुपए निकाल लिए गए। इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ।

बैंक कर्मचारी बनकर दो लोगों को लगाया चूना-

जहांगीराबाद थाना पुलिस ने भी साइबर ठगी के दो मामले दर्ज किए हैं। प्रताप नगर बस्ती निवासी 23 वर्षीय दीपक संपति सरिया पिपलानी स्थित कॉर्पोरेट कॉलेज से एम फार्मा की पढ़ाई कर रहे हैं। उनके बैंक खाते से दो अलग-अलग किस्तों में कुल 91 हजार 677 रुपए निकाले गए थे। वहीं बरखेड़ी निवासी 50 वर्षीय अखिलेंद्र जैन को क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया और 82 हजार 373 रुपए निकाल लिए।

---

7 साल शादी का झांसा, दूसरी जगह शादी की तो खुला राज

महिला आयोग पहुंचा मामला, युवती ने मांगा इंसाफ

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9827229058

शादी का वादा कर वर्षों तक रिश्ते में बनाए रखना और फिर किसी दूसरी युवती से विवाह कर लेना। ऐसे ही एक मामले में भोपाल की युवती ने ग्राम धतूरा निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत मप्र राज्य महिला आयोग की सुनवाई में पहुंची। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि युवक ने करीब सात साल तक शादी का भरोसा दिलाया, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया। युवती ने आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

यह है मामला

शिकायत के मुताबिक, वर्ष 2017 में दोनों की पहचान हुई थी। इसके बाद युवक ने युवती को शादी का भरोसा दिलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती का आरोप है कि इस दौरान वह लगातार विवाह का आश्वासन देता रहा। वर्ष 2020 में युवक ने परिवार की मर्जी से शादी करने की बात कही। इसके बाद भी वह अलग-अलग समय पर विवाह का भरोसा देता रहा और वर्ष 2025 तक शादी करने की बात कहता रहा। इसके बाद दूसरी जगह शादी की तो युवती ने आयोग की शरण ली।

रिश्ते में जवाबदेही भी जरूरी

प्रेम संबंधों में शादी का आश्वासन कई बार भावनात्मक जुड़ाव और भरोसे का आधार बन जाता है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति लंबे समय तक विवाह का भरोसा देकर दूसरे को रिश्ते में बनाए रखता है और बाद में अचानक मुकर जाता है, तो इसका असर संबंधित व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। ऐसे मामले बढ़ रहे हैं। जरूरी कि रिश्ते में भरोसे के साथ जवाबदेही भी तय करें। ऐसे मामलों में कानूनी तथ्यों को भी समझें।
-मीनाक्षी नारनवरे, एडवोकेट एवं सामाजिक कार्यकर्ता

साइटोलॉजी सीएमई में BMHRC के छात्रों ने जीते पुरस्कार

भोपाल। आईसीएमआर भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) के पैथोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने साइटोलॉजी सीएमई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहले और दूसरे पुरस्कार पर कब्जा जमाया। पीपुल्स हॉस्पिटल में 23 और 24 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय सीएमई 'रीड द स्मीयर साइटोलॉजी 2026' में संस्थान के प्रथम वर्ष के पीजी विद्यार्थियों डॉ. विकास पाटीदार और डॉ. नूरीन ताज ने पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में भाग लिया।

इसमें डॉ. विकास ने प्रथम और डॉ. नूरीन ने द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। कार्यक्रम में बीएमएचआरसी के पैथोलॉजी विभाग की डॉ. हन्नी गुलवानी और डॉ. सुखप्रीत कौर ने विभिन्न वैज्ञानिक सत्रों की अध्यक्षता की। उन्होंने अकादमिक चर्चाओं में भी हिस्सा लिया। सीएमई में साइटोलॉजी से जुड़ी जांच और निदान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बीएमएचआरसी की निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि पर चिकित्सकों और विद्यार्थियों को बधाई दी।

हर्राखेड़ा के लोगों ने खाद की कमी और पेंशन की समस्या कलेक्टर को बताई

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत बैरसिया में लगा शिविर

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

पेंशन समय पर नहीं मिलने, खाद की समस्या होने सहित बुनियादीं सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ता है। संबंधित अधिकारी के पास शिकायत लेकर जाएं, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं होता। इस तरह की अन्य शिकायतें बैरसिया तहसील के गांव हर्राखेड़ा के रहवासियों ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत गांव में लगे जनकल्याण शिविर में अधिकारियों से की।

शिविर में मौजूद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने तत्काल शिकायतों का निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए नजीबाबाद में जल्द नया खाद वितरण केंद्र शुरू किया जाएगा। ई-विकास पोर्टल के माध्यम से खाद का पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।



शिविर में दिव्यांग से बात करते कलेक्टर प्रियंक मिश्रा।

दिव्यांगों को दिए उपकरण

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, एलआईसी और डाकघर की उपयुक्त बीमा एवं बचत योजनाओं का लाभ लेने की कलेक्टर ने लोगों से अपील भी की। शिविर में बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि अभियान शासन को सीधे जनता के द्वार तक पहुंचाने की पहल है। शिविर में 19 दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरित किए ।

विद्यार्थियों को बताई एआई की उपयोगिता

शिविर के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने विद्यालय की आईटी एवं आईसीटी लैब का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से संवाद कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व तकनीक के माध्यम से सीखने के अवसरों की जानकारी दी। कलेक्टर मिश्रा ने आगामी दिनों में विद्यार्थियों की एआई की उपयोगिता भी बताई।

रूमी जाफरी की मां जैबउन्निसा का निधन

भोपाल। बॉलीवुड के मशहूर लेखक और निर्देशक रूमी जाफरी की मां जैबउन्निसा सिद्दीकी का शुक्रवार, 30 अक्टूबर को भोपाल में निधन हो गया। वे 88 वर्ष की थीं। उन्होंने शहर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे पिछले 20 दिनों से अधिक समय से अस्पताल में भर्ती थीं। जैबउन्निसा सिद्दीकी को सांस लेने में तकलीफ होने के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बता दें कि रूमी जाफरी बॉलीवुड के जाने-माने लेखक और निर्देशक हैं। उन्होंने कई चर्चित फिल्मों की पटकथा लिखने और निर्देशन का काम किया है। वहीं, उनके पिता कौसर सिद्दीकी भी जाने-माने लेखक रहे हैं।



जैबउन्निसा सिद्दीकी

व्यापारी महासंघ के महासचिव दिनेश और सुरेश सचिव बने

नरेंद्र लालवानी को बनाया गया कोषाध्यक्ष

पीपुल्स संवाददाता ● संतनगर
मो.नं. 8602467816

उपनगर बैरागढ़ में 20 साल पूर्व बने व्यापारी महासंघ जो लंबे समय से निष्क्रिय था, उसके स्थान पर नया व्यापारी महासंघ के गठन का निर्णय तो 29 सितंबर को हुआ था। जिसमें सर्वसम्मति से पिछले 8 साल से कपड़ा एसोसिएशन के अध्यक्ष बने हुए कन्हैयालाल इसरानी को महासंघ का भी अध्यक्ष घोषित किया गया। एक माह बाद उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश वाधवानी को महासचिव बनाया गया है। जबकि कारोबारी एवं सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी महासंघ के नए सचिव बनाए गए हैं। वहीं कपड़ा कारोबारी एवं वरिठ भाजपा नेता नरेंद्र लालवानी व्यापारी महासंघ के कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया है। सर्राफा कारोबारी नरेश तोलानी, बर्तन कारोबारी नारायणदास तोलानी और कपड़ा कारोबारी अनमोल अग्रवाल को महासंघ का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। कुल 81 नाम घोषित किए गए हैं।



नरेश लालवानी



सुरेश जसवानी

पुलिस के काम करने के तरीके और यातायात नियमों के बारे में विद्यार्थियों को दी जानकारी

युवा सृजन संवाद के तहत निशातपुरा थाने का किया भ्रमण

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

शासकीय महाविद्यालय नरेला में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद योजना के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। पुलिस प्रशासन और उच्च शिक्षा संस्थान के संयुक्त आयोजन में विद्यार्थियों को साइबर अपराध, महिला अपराध, यातायात नियम और मेडिटेशन की जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने निशातपुरा थाने का भ्रमण कर पुलिस की कार्यप्रणाली समझी। एएसपी मंजू खत्री और प्राचार्य डॉ. संध्या खरे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में इंस्पेक्टर सरिता वर्मन ने महिला अपराधों और उनसे बचाव, सब इंस्पेक्टर रमन शर्मा ने साइबर अपराधों तथा गिरीश त्रिपाठी ने यातायात नियमों की जानकारी दी। खेल अधिकारी रितेश नागर ने योजना के उद्देश्य बताए। संयोजक एवं नोडल अधिकारी नेहा शर्मा ने आभार व्यक्त किया और मंच संचालन किया। इसमें रासेयो के स्वयंसेवक और विद्यार्थी शामिल हुए।



NAME CHANGE

I **Faiqa Saulat Khan**, resident of Bahar Manzil , Ahmedabad Palace Compound, Kohefiza, Bhopal (M.P).I declare that my old name was **Faiqua Saulat Khan** (old name) now has to be changed to **Faiqa Saulat Khan** (new name). Henceforth, I shall be known as **Faiqa Saulat Khan d/o Alamgir Saulat** and **w/o Naim ur Rahim Khan**, in future for all purposes including all official documentations.

नाम परिवर्तन

मैं, मुरली मनोहर बड़कुर उम्र 57 वर्ष (MURLI MANOHAR BADKUR), पिता श्री प्रेमदास बड़कुर, निवासी ग्राम साकेत, तहसील नर्मदापुरम, जिला नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश–461111, सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम मुरली मनोहर बड़कुर (MURLI MANOHAR BADKUR) है, जो कि मेरे PAN कार्ड में अंकित है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। अतः मैंने अपने आधार कार्ड में सही नाम मुरली मनोहर बड़कुर दर्ज कराने हेतु शपथ–पत्र प्रस्तुत किया है। भविष्य में सभी शासकीय, अशासकीय, शैक्षणिक, बैंकिंग, वित्तीय एवं अन्य समस्त कार्यों में मुझे मुरली मनोहर बड़कुर (MURLI MANOHAR BADKUR) के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

नाम संशोधन सूचना

मैं, जगदीश माहेश्वरी (Jagdeesh Maheshwari) पुत्र श्री बाबूलाल, हूँ, मेरा अवयस्क पुत्र प्रत्यक्ष माहेश्वरी (Pratyaksh Maheshwari) है जिसके आधार कार्ड/दस्तावेजों में उसका नाम प्रत्यकष माहेश्वरी (Prataykska Maheshwari) पुत्र जगदीश माहेश्वरी (Jagdish Maheshwari) दर्ज है, किंतु मेरे पुत्र के अन्य समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों के अनुसार उसका सही नाम प्रत्यक्ष माहेश्वरी (Pratyaksh Maheshwari) पुत्र जगदीश माहेश्वरी (Jagdeesh Maheshwari) है जो सही है। प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र को प्रत्यक्ष माहेश्वरी (Pratyaksh Maheshwari) पुत्र जगदीश माहेश्वरी (Jagdish Maheshwari) के नाम से पहचाना एवं अभिलेखों में दर्ज किया जाये।

जगदीश माहेश्वरी (Jagdeesh Maheshwari)
पता– म.नं. 89, वार्ड नं. 15, प्रेस कॉलोनी, पचोर, राजगढ़

कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल
यांत्रिक विभाग जोन क्रमांक–14

क्रमांक 248/यां.वि./2026 :: निविदा आमंत्रण सूचना :: भोपाल, दिनांक 30.10.2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

क्र.	निविदा क्र.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत	निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक	समय
1	2026_UAD_546688_1	CONSTRUCTION OF CC ROAD AT BDA COLONY SECTOR-2 W-60 Z-14	4065719/-	27.11.2026	05:30 PM

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

Assistant Engineer
Municipal Corporation Bhopal
District Bhopal

नि.क्र. 966/026/027

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
(Govt. of M.P. Undertaking)
Nishtha Parisar, Bijalee Nagar, Govindpura, Bhopal-23
Phone No. : 0755-2602033-36, Fax : 0755-2589821, 2586636
Ref. : MD/MK/04/NIT/2621 Date : 30.10.2026

TENDER NOTICE

MPMKVVCL, Bhopal, invites bids through e-tendering :-

Tender Specification Number	Particulars	Approx. Value (Rs. Lakh)	Tender Fee Including GST (in Rs.)	Date of Pre-Bid Conference	Last Date of Submission of Document	Date of Opening of Tender
MD/MK/04/1331	Tender for Supply, Installation and Commissioning of Public Address (PA) system at MPMKVVCL, Bhopal	11.93	2360/-	10.11.2026 03.00 PM	23.11.2026 03.00 PM	25.11.2026 03:00 PM

Other details and full Tender documents would be available on Company website **https://portal.mpcz.in** & Govt. Website **https://mptenders.gov.in** shortly.
M.P. Madhyam/128881/2026 **Dy. CHIEF GENERAL MANAGER (PROC.)**

ग्वालियर-चंबल में जल्द दौड़ेंगी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की बसें, कार्यकारी निदेशक नियुक्त

परिवहन कंपनी की बैठक में 10 लाख की अंशपूंजी जुटाने का निर्णय

पीपुल्स ब्यूरो ● भोपाल
मो.नं. 9425174141

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना के तहत अब ग्वालियर-चंबल अंचल में भी सार्वजनिक परिवहन सेवा शुरू करने की तैयारी तेज हो गई है।

इसके लिए गठित ग्वालियर-चंबल यात्री परिवहन सेवा लिमिटेड के संचालक मंडल की पहली बैठक शुक्रवार को मंत्रालय में परिवहन विभाग के सचिव एवं कंपनी अध्यक्ष मनीष सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कंपनी को गति देने के लिए एक लाख इक्विटी शेयर जारी कर 10 लाख रुपए की अंशपूंजी जुटाने और ग्वालियर नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी को कार्यकारी निदेशक नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यकारी निदेशक को अनुबंध, समझौते, बैंकिंग और प्रशासनिक कार्यों के संचालन के लिए अधिकृत किया गया। साथ ही ग्वालियर विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और भिंड, दतिया, शिवपुरी, श्योपुर तथा अशोकनगर जिलों के अधिकारियों सहित नौ नामित निदेशकों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई।

150 अधिकारियों-कर्मचारियों की क्षमता वाला कार्यालय

कंपनी के मुख्य कार्यालय और कंट्रोल कमांड सेंटर के लिए उपयुक्त स्थल का चयन कर करीब 150 अधिकारियों और कर्मचारियों की क्षमता वाला कार्यालय विकसित किया जाएगा। बैठक में ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी, ग्वालियर औद्योगिक विकास निगम की सीईओ अनीशा श्रीवास्तव सहित संभाग के कलेक्टर और जिला पंचायतों के सीईओ वर्चुअली शामिल हुए।

बेमौसम बारिश से खेतों में बिछीं फसलें

पीपुल्स संवाददाता ● भितरवार
मो.नं. 7389955972

मौसम के अचानक बदले मिजाज और तेज हवाओं के साथ हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भितरवार और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धान की पककर तैयार फसल खेतों में बिछ गई है। वहीं बाजरा और तिली की फसलें भी प्रभावित हुई हैं। खेतों में पानी भरने से कटाई का काम प्रभावित हो रहा है। किसानों को दाने खराब होने और उत्पादन घटने की आशंका सता रही है। किसानों ने प्रशासन से फसल नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। एसडीएम राजीव समाधिया ने बताया कि पटवारियों को निर्देश देकर फसलों के नुकसान की जांच कराई जाएगी।


भितरवार। बेमौसम बारिश व हवा के कारण खेतों में बिछी धान की फसल।

न्यूज ब्रीफ

कैलाश यात्रा के दौरान इंदौर के सराफा कारोबारी की मौत

इंदौर। शहर के 27 वर्षीय सराफा कारोबारी तिलक शर्मा की उत्तराखंड में आदि कैलाश यात्रा से लौटते समय अचानक उन्हें सांस लेने में परेशानी के चलते मौत हो गई। दोस्तों ने ऑक्सीजन देकर उन्हें आर्मी बेस कैंप पहुंचाया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। तिलक शर्मा महाकाल मंदिर के लिए चांदी के मुकुट और श्रृंगार सामग्री बनाते थे। अगले साल उनकी शादी होने वाली थी। तिलक के दोस्त प्रतीक ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद तिलक का शव इंदौर भेजा जाएगा।

जंगली हाथी ने ली चरवाहे की जान, जंगल में मिला शव

डिंडौरी। डोभी गांव में जंगली हाथी के हमले में 65 वर्षीय चरवाहे लाल सिंह की मौत हो गई। वे दो दिन पहले मवेशी चराने जंगल गए थे, लेकिन घर नहीं लौटे। शुक्रवार सुबह जंगल में उनका क्षत-विक्षत शव मिला। मौके पर पहुंची वन विभाग और पुलिस की टीम ने शव को पीएम के लिए भेजा। इसी क्षेत्र में बुधवार को हाथी ने मंगल सिंह को घायल कर दिया था। एसडीओ सुनील अशोक के मुताबिक, मृतक के परिवार को 10 हजार रुपए की तत्काल आर्थिक सहायता दी गई है।

18 घंटे के रेस्क्यू के बाद पाइप से निकाला घायल तेंदुआ

इंदौर। उमरिया खुर्द में दो फीट चौड़े पानी निकासी पाइप में फंसे घायल तेंदुए को वन विभाग की टीम ने 18 घंटे की मशक्कत के बाद शुक्रवार दोपहर एक बजे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सिर और चेहरे पर गंभीर चोट होने के कारण तेंदुआ पाइप में ही बैठा रहा। वनकर्मियों ने लोहे की शीट की मदद से उसे धीरे-धीरे पिंजरे तक पहुंचाया। उपचार के लिए तेंदुए को भोपाल के वन विहार भेजा गया है।

मूंग का भाव बढ़ाने को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

मंदसौर। पिपलिया मंडी में किसानों ने मूंगफली का भाव 8 हजार रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। मूंगफली के सही दाम नहीं मिलने से नाराज किसानों ने कहा कि फिलहाल मंडी में 5 से 6 हजार रुपए भाव मिल रहे हैं। कांग्रेस नेताओं के साथ किसानों ने नारेबाजी की। साथ ही मल्हारगढ़ तहसील को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग भी उठाई। किसानों का कहना है कि मौजूदा भाव पर उन्हें खेती करना घाटे का सौदा लग रही है।

3 जिलों में मौत बनकर दौड़े वाहन: तीन सड़क हादसों में 8 की जान गई, मासूम सहित 2 घायल

दूध के टैंकर के कुचलने से मुरैना में दो सगे भाइयों समेत 3 व देवास में मां-बेटी की मौत

पी.सं. ● मुरैना/देवास/सीधी
मो.नं. 9806961011

मुरैना, देवास और सीधी में सड़क हादसों में 8 लोगों की मौत, जबकि मासूम बच्ची समेत दो लोग घायल हो गए। मुरैना में दूध के टैंकर के कुचलने से एक ही गांव के दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की जान चली गई, इधर देवास में भी दूध के टैंकर के पहिए के नीचे आने से मां-बेटी की मौत हो गई। उधर सीधी में बस-कार की टक्कर में महिला समेत 3 की मौत हो गई।

मुरैना के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में क्वारी नदी पुल के पास गुरुवार रात करीब 8.30 बजे तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने बाइक सवार तीन मजदूरों को टक्कर मार दी। हादसे में हिंगोना कलां निवासी कल्लू माहौर (31), गोपी माहौर (18) और प्रकाश माहौर (50) की मौत हो गई। कल्लू और गोपी सगे भाई थे। तीनों मजदूरी कर अपने घर हिंगोना कलां गांव लौट रहे थे। हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।


मुरैना में दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

वाहन के पहिए के नीचे आईं मां-बेटी

देवास। भोपाल बायपास पर शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे हादसे में मां-बेटी की जान चली गई। तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े और टैंकर का पहिया मां-बेटी के ऊपर से गुजर गया। शादीखेड़ा निवासी 19 वर्षीय पायल कुशवाह कुछ दिनों से बीमार थी। शुक्रवार को उसकी मां शांताबाई कुशवाह (41) और मौसा पप्पू कुशवाह उसे बाइक से देवास के एक निजी अस्पताल में चेकअप के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान भोपाल बायपास पर दूध के टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शांताबाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पायल ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बाइक चला रहे मौसा पप्पू कुशवाह भी घायल हुए हैं और उनका इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों शवों का पीएम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।


देवास में वाहन के पहिए नीचे शव।

सीधी। चुरहट थाना क्षेत्र के अमरपुर स्थित बेहड़ा मोड़ पर शुक्रवार दोपहर यात्री बस और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार मैहर के देवरा निवासी अनिल तिवारी (35), मनोरमा तिवारी (30) और सुधीर तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच वर्षीय रानी तिवारी को गंभीर हालत में चुरहट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

यात्री बस और कार की टक्कर में मैहर निवासी तीन लोगों की जान गई है। शवों को पीएम के लिए भिजवा दिया गया है और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटा दिया गया है। मर्ग कायम कर कार्रवाई जारी है।
— रीती त्रीपाठी, थानाप्रभारी, चुरहट

पचमढ़ी में गौर के हमले में आर्मी जवान की मौत

फुटबॉल खेलने के दौरान सीढ़ियों पर बैठा था

पीसं ● सोहागपुर/पचमढ़ी
मो.नं. 8319873594

पचमढ़ी स्थित आर्मी एजुकेशन कोर (AEC) ट्रेनिंग कॉलेज एवं सेंटर के परेड ग्राउंड पर गौर (इंडियन बायसन) के अचानक हमले में सेना के 26 वर्षीय जवान आकाश चौहान की मौत हो गई।

आकाश उत्तराखंड के देहरादून जिले के डोईवाल क्षेत्र के निवासी थे। वे सेना की सत्रहवीं कमांड रेजीमेंट में तैनात थे और पचमढ़ी स्थित आर्मी एजुकेशन सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आए थे। गुरुवार शाम आर्मी एजुकेशन कोर ट्रेनिंग कॉलेज एवं सेंटर के परेड ग्राउंड में जवान फुटबॉल खेल रहे थे। खेल के दौरान दो जवान कुछ देर के लिए मैदान के किनारे बनी सीढ़ियों पर जाकर बैठ गए। इसी दौरान अचानक मैदान के किनारे से एक गौर दौड़ता हुआ आया और सीढ़ियों पर बैठे जवान आकाश चौहान पर सींगों से हमला कर दिया। सींग जवान के पेट में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जवान को मिलिट्री अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के जनसंपर्क अधिकारी सहायक संचालक आशीष खोबरागड़े ने बताया कि घटनाक्रम की जांच जारी है।

क्लर्कों का ADPO प्रमोशन कोटा असंवैधानिक: HC

ग्वालियर। मप्र हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने लोक अभियोजन विभाग के क्लर्क, सहायक ग्रेड-3 और एपीसीडी ग्रेड-3 कर्मचारियों को एडीपीओ पद पर 10 प्रतिशत पदोन्नति देने के प्रावधान को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। जस्टिस जीएस अहलूवालिया और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने कहा कि मंत्रालयीन कर्मचारियों का अभियोजन और न्यायिक व्यवस्था से सीधा संबंध नहीं है। अब इसके तहत कोई नई पदोन्नति नहीं की जा सकेगी। कोर्ट ने यह फैसला रोहन शर्मा, करण श्रीवास्तव व एक अन्य की दायर याचिका पर संयुक्त सुनवाई करते हुए सुनाया।

इंदौर में पार्षद पति के घर 6 लोगों का उत्पात, जांच जारी

दरवाजे पर मारी लातें, चाकू से फाड़ी नेम प्लेट, कुर्सी-गमले व वाहनों में तोड़फोड़

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9926064287

उषागंज स्थित गीतांजलि अपार्टमेंट में पार्षद पति और प्रॉपर्टी कारोबारी सुमित तलरेजा के घर के बाहर गुरुवार रात 6 लोगों ने उत्पात मचाया। पुराने विवाद को लेकर घर में घुसकर मारपीट करने, तोड़फोड़ करने के आरोप लगे हैं। आरोपियों ने घर के बाहर लगी पार्षद की नेमप्लेट चाकू से फाड़ दी। गमले, कुर्सियां और गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। मामले में पुलिस ने सुमित की शिकायत पर चारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी सुमित पर पिस्टल दिखाकर डराने का आरोप लगाया है। संयोगितागंज पुलिस के अनुसार, सुमित ने बताया कि रात को उनका पुराना परिचित प्रशांत करौसिया, अंश सिरसिया, सुमित खरे, विशाल बौरासी, प्रिंस सिरसिया और ऋषि सिरसिया उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की कोशिश की। सुमित और उनकी पत्नी के शोर मचाने पद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिससे आरोपी वहां से चले गए। दूसरे पक्ष का कहना है कि विवाद की शुरुआत सुमित ने की थी। उन्होंने पिस्टल दिखाकर डराने की कोशिश की थी। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों और आरोपों की जांच कर रही है।

सीजे कोगजे के अभिनंदन समारोह में शामिल हुए सीएम

पीपुल्स संवाददाता ● जबलपुर
मो.नं. 6386479968

शुक्रवार को सीएम डॉ.मोहन यादव जबलपुर में महाधिवक्ता कार्यालय द्वारा आयोजित मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अल्पेश यशवंत कोगजे के अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। समारोह में सीएम डॉ. यादव ने कहा कि न्यायालय और सरकार को अपनी-अपनी संवैधानिक मर्यादाओं में रहकर दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। न्यायमूर्ति कोगजे ने कहा कि आपसी सम्मान, स्वतंत्रता और पेशेवर ईमानदारी से ही निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। समारोह में मंत्री राकेश सिंह, न्यायमूर्ति विवेक रुसिया सहित जनप्रतिनिधि व अधिवक्ता उपस्थित रहे।



कटनी: पीएम जनमन योजना के दावे फेल, 4 महीने से नल-जल योजना बंद

पीपुल्स संवाददाता ● कटनी
मो.नं. 9584049557

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आदिवासी क्षेत्रों में विकास के दावों की जमीनी हकीकत ग्राम पंचायत कोठी में सामने आ रही है। ढीमरखेड़ा विकासखंड के बैगा बाहुल्य इस गांव में पिछले 4-5 महीनों से नल-जल योजना बंद पड़ी है। घरों में नल लगे होने के बावजूद पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में ग्रामीण महिलाएं मीलों दूर हैंडपंपों से पानी लाने को मजबूर हैं। सरपंच सीताराम बैगा के मुताबिक, गांव में नल-जल योजना का काम पीएचई विभाग और ठेकेदार की लापरवाही से काम अधूरा पड़ा है। मामले में ढीमरखेड़ा एसडीएम निधि गोहल का कहना है कि ग्रामीणों को तत्काल राहत देने के लिए अधिकारियों को जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

बुखार से तपते बच्चे के लिए रास्ता मांगता रहा पिता, आरक्षक बोला- पैदा ही क्यों किया

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9926064287

भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ' पदयात्रा के इंतजाम लोगों के लिए परेशानी बन गए। इसमें एक पिता भी फंस गया,जिसका 10 साल का बेटा बुखार ने तप रहा था, लेकिन अस्पताल ले जाने उसे रास्ता नहीं मिल रहा था।

जब वह इधर-उधर से निकलने लगा तो पुलिस जवान ने रोक लिया। जब पुलिसकर्मी को बेटे के बुखार में होने की बात कही तो उसने कहा, बच्चा पैदा ही क्यों। यह स्थिति अन्य लोगों की भी रही। शुक्रवार सुबह 8 बजे से शुरू हुई इस व्यवस्था का असर छह घंटे तक रहा। भागीरथपुरा निवासी पवन अपने तेज बुखार से तपते बच्चे को अस्पताल लेकर जा रहे थे। रास्ते में बैरिकेडिंग के कारण उन्हें रोक दिया गया। पवन का कहना था कि वह एक घंटे से रास्ता खुलवाने के लिए परेशान हो रहे हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों से बच्चे की हालत बताते हुए अस्पताल जाने देने की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें रास्ता नहीं मिल सका। जाम से किसी मजदूर का काम प्रभावित हुआ तो किसी की दिनभर की कमाई पर संकट आ गया। कई यात्रियों की ट्रेन छूट गई। स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दिल्ली आंदोलन के लिए इंदौर कांग्रेस की पहल, मालवा एक्सप्रेस से भेजा मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पोस्टर-पुतला

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9981382813

दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होने वाले कांग्रेस के आंदोलन के लिए इंदौर के कांग्रेस नेताओं ने अनोखा तरीका अपनाया।

नेताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तस्वीर वाला पोस्टर-पुतला बॉक्स में पैक कर (मालवा एक्सप्रेस) रेलवे पार्सल से दिल्ली भेजा। कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल, गिरीश जोशी और देवेंद्र सिंह यादव रेलवे के कॉमर्शियल विभाग स्थित पार्सल गोदाम पहुंचे। यहां उन्होंने पोस्टर-पुतले को एक बॉक्स में पैक करवाया और मालवा एक्सप्रेस के जरिए दिल्ली भेजने के लिए उसकी विधिवत बुकिंग कराई।

पोस्टर पर लिखा- 'वोट चोर, गद्दी छोड़' : दिल्ली भेजे गए पोस्टर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तस्वीर के साथ 'चलो दिल्ली' और 'वोट चोर, गद्दी छोड़' जैसे नारे लिखे गए हैं। कांग्रेस नेताओं ने इस पोस्टर-पुतले को 1 नवंबर को रामलीला मैदान में होने वाले पार्टी के आंदोलन के लिए भेजा है। पोस्टर-पुतले को पहुंचाने के लिए रेलवे पार्सल सेवा का औपचारिक इस्तेमाल किया गया।





डॉ.सुरेश मेहरोत्रा With Special Arrangement
(राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की अंदरूनी खबरें)

POLITICS

Who will be the new Governor of West Bengal?
Though it is widely believed that R N Ravi will continue as Governor. In case there is a change then speculation is doing the rounds about the name of Lt Gen KJS Dhillon because of issues with Bangladesh. Another name being speculated is of Prof. Ashok Sen.

Aggressive pitch: Deepak Mhaskey is rewiring BJP's IT Cell strategy



Appointed on August 17, 2026, Deepak Mhaskey has taken the reins of the BJP's IT Cell and Social Media Department, ending Amit Malviya's 11-year tenure. According to insider sources, Mhaskey has aggressively dismantled the department's traditional, regimented posting system. In its place, he has engineered a radical shift toward a "guerrilla warfare" style of digital engagement where no holds are barred.
This new era of BJP social media prioritises rapid agenda setting and dynamic news engagement over standard political broadcasting. Directed posts are now deployed strategically to hijack and dominate daily narratives. Crucially, Mhaskey's playbook shifts the digital spotlight from simply showcasing political faces to amplifying the core message itself. By leveraging sharp humor, unfiltered satire, and meme culture, the revamped IT Cell aims to maximize virality, transforming India's political discourse into a highly agile and relentless online battlefield.

BUREAUCRACY

Over 50 applications received for Drug Controller of India?
Over 50 applications have been received for the post of Drug Controller of India. The last date was reportedly September 30. Now the ball is in the court of GoI.

Will AGMUT cadre IPS officers won't be transferred till January?
AGMUT cadre IPS officers are unlikely to be transferred till January 2027. If sources are to be believed some officers were supposed to be transferred but it is reported that they somehow impressed upon the MHA to hold on for now.

Is Deputy NSA Pavan Kapoor preparing ground for India's new extradition push?
Pavan Kapoor, the seasoned 1990-batch IFS officer and current Deputy National Security Advisor, is reportedly poised to lead a series of critical new diplomatic missions. Having previously served as Secretary (West) and Indian Ambassador to Russia, Israel, the UAE, and Mozambique, Kapoor's extensive geopolitical experience makes him an ideal envoy for highly sensitive negotiations.
Sources suggest Kapoor will soon head high-level delegations focused strictly on advancing India's national security-related extradition policies. As New Delhi adopts a more assertive global posture in tracking down overseas security threats, deploying a heavyweight diplomat of Kapoor's caliber signals a strategic, uncompromising approach to securing vital international cooperation on complex, high-stakes extradition cases.

Two 1994 batch IRS officers elevated as Chief Commissioners/DG
Two senior Indian Revenue Service (Customs & Indirect Taxes) officers from the 1994 batch under the Central Board of Indirect Taxes and Customs (CBIC) have been promoted to Chief Commissioner and Director General on an in situ basis. Rakesh Goyal has residual service until December 2029, while Rajeev Yadav's tenure extends until December 2028. Both officers will soon assume charge of their newly appointed promotional posts.

CORPORATE

Oil India reports natural-gas discovery in the Krishna-Godavari Basin
Oil India reported a natural-gas discovery with a peak flow of approximately 200,000 standard cubic metres per day. The development is potentially significant for domestic gas supply, though commercial production depends on further appraisal and development decisions.

REC reports ₹7,541 crore H1 FY27 profit; declares interim dividend
Maharatna REC Limited reported first-half FY27 profit after tax of ₹7,541 crore and declared a second interim dividend of ₹3.50 per share. Its loan book reached ₹6.17 lakh crore and its renewable-energy portfolio rose 27% year-on-year to ₹86,660 crore.

Sumit Zaveri named Restaurant Brands Asia India CEO
Sumit Zaveri has been appointed Chief Executive Officer – India Business of Restaurant Brands Asia Limited with effect from November 1, 2026. Separately, Shivakumar Dega has been appointed Additional Non-Executive Independent Director, while Anand Bathiya has been appointed Additional Non-Executive Non-Independent Director of the company.

संपादकीय

हमें सोशल मीडिया की भी जवाबदेही तय करनी होगी

सोशल मीडिया पर पत्रकारिता की बाढ़ आई हुई है। हर हाथ में कैमरा है, हर व्यक्ति के पास अपना प्लेटफॉर्म और हर घटना पर फैसला सुनाने की जल्दबाजी। पत्रकार, इन्फ्लुएंसर और कंटेंट क्रिएटर के बीच का अंतर धुंधला होता जा रहा है। सवाल यह नहीं कि कितने लोग खबरें बना रहे हैं, बल्कि यह है कि खबर की विश्वसनीयता और जवाबदेही सुनिश्चित कौन कर रहा है। चुनावी दौर हो या कोई बड़ा सार्वजनिक आयोजन, कैमरे के सामने सवाल पूछने वालों की संख्या दर्जनों से बढ़कर सैकड़ों तक पहुंच जाती है। यह लोकतंत्र में अभिव्यक्ति के विस्तार का संकेत है, लेकिन इसके साथ जिम्मेदारी का विस्तार भी जरूरी है। पत्रकारिता केवल वीडियो बनाने, बयान रिकॉर्ड करने और उसे वायरल करने का नाम नहीं है। तथ्यों की पुष्टि, सभी पक्षों को सुनना, संदर्भ समझना और जनहित को प्राथमिकता देना इसकी बुनियादी शर्तें हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति तब बनती है, जब खबर की जगह मीडिया ट्रायल लेने लगता है। जांच पूरी होने से पहले किसी को दोषी घोषित कर देना, अधूरी जानकारी के आधार पर आरोप लगाना और सनसनीखेज शीर्षकों से जनभावनाएं भड़काना स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। सोशल मीडिया पर फैली गलत सूचना कुछ ही मिनटों में हजारों लोगों तक पहुंच जाती है, लेकिन उसके सुधार की सूचना अक्सर उतने लोगों तक नहीं पहुंचती। इस बीच किसी की प्रतिष्ठा, निजता और सामाजिक जीवन को गंभीर नुकसान हो सकता है। इसलिए सोशल मीडिया पत्रकारिता के लिए स्पष्ट और प्रभावी दिशा निर्देश जरूरी हैं।

अब समय है कि सोशल मीडिया पत्रकारिता के लिए ऐसी आचार संहिता बने, जो स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए गैरजिम्मेदाराना पत्रकारिता पर जवाबदेही तय करे। क्योंकि लोकतंत्र को कैमरों की भीड़ नहीं, तथ्यों के प्रति ईमानदार पत्रकारिता चाहिए। सवाल यही है, जब हर कोई खुद ही पत्रकार, जांचकर्ता और न्यायाधीश बन बैठेगा, तो सच की जिम्मेदारी कौन लेगा।

-अर्पण राऊत,
संपादक ग्वालियर

आलेख प्रतिक्रिया एवं सुझावों के लिए
edit.peopls@gmail.com फोन. नं 0731-4009705
पाठकीय विचारों से पीपुल्स समाचार का सहमत होना आवश्यक नहीं।

सत्ता की चाबी जनता के हाथ में

लोकतंत्र जनादेश से चलेगा, अराजकता के दबाव से नहीं



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र

पीपुल्स समाचार ब्लॉग



लोकतंत्र में सत्ता की चाबी जनता के हाथ में होती है। मतदान केंद्र पर खड़ा सामान्य नागरिक अपने एक मत से सरकार बनाता है, उसके काम का मूल्यांकन करता है और भविष्य की दिशा तय करता है। उसकी यह शक्ति किसी राजनीतिक दल की देन नहीं है। यह हमारे संविधान की व्यवस्था है, जिसकी रक्षा करना हम सबका दायित्व है। इसीलिए लोकतंत्र की रक्षा का दावा करने वाले प्रत्येक राजनीतिक दल से जनता को यह अपेक्षा करने का अधिकार है कि वह अपने व्यवहार में भी लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करे। लोकतंत्र के प्रति निष्ठा की परीक्षा सत्ता में रहते हुए भी होती है और विपक्ष में बैठकर भी। जनादेश का सम्मान सुविधा के अनुसार नहीं हो सकता।

राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में जीत का उत्सव और हार का आत्म-मंथन, दोनों आवश्यक हैं। जनता के निर्णय से असहमति हो सकती है, लेकिन उसके विवेक का अनादर लोकतांत्रिक राजनीति को कमजोर करता है। राजनीतिक दलों को जनता का विश्वास अपने कार्य, विचार और आचरण से अर्जित करना चाहिए। विरोध की राजनीति में जनता का हित नहीं होता। एक सशक्त विपक्ष लोकतंत्र की आवश्यकता है। सरकार से कठिन प्रश्न पूछना, नीतियों की कमियाँ उजागर करना और बेहतर विकल्प प्रस्तुत करना उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वह प्रश्नों का उत्तर दे और उचित सुझावों को स्वीकार करे, लेकिन जब राजनीतिक विमर्श का केंद्र समाधान के स्थान पर निरंतर भय, अविश्वास और टकराव बनने लगे, तब उसका मूल्यांकन भी होना चाहिए।

आज विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर भी राजनीतिक बहस हो रही है। इस बहस का केंद्र प्रत्येक पात्र नागरिक का अधिकार और मतदाता सूची की विश्वसनीयता होना चाहिए। एक सही मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। उसमें नए पात्र मतदाताओं के नाम जुड़ें, गलत विवरण सुधरें और मृत अथवा दोहरी प्रविष्टियों का निराकरण निर्धारित प्रक्रिया से हो। साथ ही, किसी पात्र नागरिक का नाम छूटने पर उसे सुधार का प्रभावी अवसर मिले। जनता के नाम पर राजनीति करने वालों को जनता की सुविधा और सुरक्षा के प्रति भी जवाबदेह होना होगा। हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट होना चाहिए, शांतिपूर्ण विरोध को सम्मान मिले और हिंसा पर निष्पक्ष, विधिसम्मत कार्रवाई हो। मतदाता सूची पर बहस हो, लेकिन मतदाता के मन में भ्रम नहीं फैलाया जाना चाहिए। मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में जिस प्रकार से विपक्ष के लोगों ने देश में अराजकता फैलाने का काम किया है, वह राष्ट्रहित में नहीं है। हमारे संविधान में मतदाता को जो अधिकार दिये गये हैं, उसी से हमारे लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। भारत के कुछ अंचलों में बाहरी लोगों का मतदाता बन जाना कहा का कानून है। यदि एसआईआर में मतदाता सूची का शुद्धीकरण हो रहा है तो विपक्ष को भी साथ देना चाहिए, न कि उसका विरोध करना चाहिए। मुझे इस बात पर भी आश्चर्य होता है कि विपक्ष ईवीएम का भी विरोध कर रहा है। हाल ही में चार बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार कर्नाटका में एमएलसी के चुनाव में वेलेट पेपर से मतदान हुआ। इन राज्यों के चुनाव परिणामों में कांग्रेस को कितनी सीटे मिली यह सब जानते हैं। इसके बावजूद भी विपक्ष अपनी फितरत से बाज नहीं आता।

समाज निरंतर बदलता है। लोग आजीविका के लिए स्थान बदलते हैं, युवा मतदान की आयु पूरी करते हैं और परिवारों की परिस्थितियां बदलती हैं। इन परिवर्तनों के अनुरूप मतदाता सूची का अद्यतन आवश्यक है। मुख्यमंत्री के रूप में मेरा विश्वास है कि प्रदेश की ऊर्जा, विकास और निर्माण में लगनी चाहिए। किसान को बेहतर अवसर चाहिए, युवा को रोजगार और कौशल चाहिए, महिलाओं को सुरक्षा चाहिए और प्रत्येक परिवार को संवेदनशील शासन चाहिए। इन अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए शांति, कानून-व्यवस्था और सामाजिक विश्वास आवश्यक हैं।

लोकतंत्र की ताकत उस नागरिक के विश्वास में है, जो कह सके कि सरकार किसी भी दल की हो, उसके अधिकार और सम्मान की रक्षा होगी। "लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ" केवल एक नारा या विचार नहीं, बल्कि हर जागरूक नागरिक का कर्तव्य भी है। हर राजनीतिक दल का यह दायित्व होना चाहिए कि जनादेश का सम्मान हो, विरोध में मर्यादा हो, शासन में जवाबदेही हो और कानून के सामने सब समान हों। भारत की दिशा जनता अपने मत से तय करेगी। राजनीतिक सफलता का रास्ता उसी जनता के विश्वास अर्जित करने से होकर जाएगा। यही लोकतंत्र की सच्ची भावना है।

(आलेख में व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)

खुद की लगाई आग में जल रहा है पाक

आर्थिक बदहाली के साये में बुरी तरह से घिर गया है पाकिस्तान



सुरेश हिंदुस्तानी
वरिष्ठ स्तंभकार

पीपुल्स समाचार आतंकवाद

आर्थिक बदहाली के साए में बुरी तरह से घिर चुके पाकिस्तान के समक्ष अब एक और नई परेशानी विकराल रूप धारण कर चुकी है। पाकिस्तान के लिए यह संकट उसकी खुद की ही देन कहा जा सकता है। क्योंकि सरकार और सेना जिस प्रकार के कार्य को अंजाम दे रहे हैं, वे मात्र दिखावे के अलावा और कुछ नहीं है। पाकिस्तान में जहां एक ओर क्रिकेटर से राजनीतिज्ञ बने इमरान खान की रिहाई के लिए सरकार विरोधी आंदोलन आग का रूप ले रहा है, वहीं पाकिस्तान के पडोसी देश अफगानिस्तान के साथ तनातनी वाला माहौल आग में घी डालने का कार्य कर रहा है। इससे कट्टरपंथी इस्लामिक ताकतें पाकिस्तान सरकार के विरोध में आती जा रही हैं। इस सबके पीछे एक बड़ा कारण यह भी समझ में आ रहा है कि आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान के समक्ष एक ऐसा खतरा पैदा हो गया है, जिससे वह ब्लेक लिस्ट में आ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो पाकिस्तान का भविष्य अंधकार युक्त हो सकता है। वर्तमान में पाकिस्तान जिस रास्ते पर चल पड़ा है, वह उसे मजबूती की ओर नहीं, बल्कि स्वयं के बनाए संकटों की ओर ले जा रहा है। पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति को देखकर एक पुरानी कहावत याद आती है दूसरों के लिए खोदा गया गड्ढा कभी-कभी स्वयं के लिए भी खतरनाक हो जाता है। दशकों से आतंकवाद, कट्टरपंथ और पड़ोसी देशों के प्रति टकराव को अपनी रणनीति का हिस्सा बनाने वाला पाकिस्तान आज उन्हीं नीतियों के दुष्परिणामों से जूझ रहा है।

सबसे ताजा और चिंताजनक घटनाक्रम पाकिस्तान



अफगानिस्तान सीमा पर दिखाई दे रहा है। पाकिस्तान ने हाल के दिनों में अफगानिस्तान के भीतर हवाई हमले किए हैं और उसका दावा है कि वहां से पाकिस्तान विरोधी आतंकवादी गतिविधियां संचालित हो रही थीं। दूसरी ओर तालिबान सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है। पाकिस्तान को भी यह समझना होगा कि भारत से स्थायी टकराव उसके आर्थिक संकट का समाधान नहीं है और अफगानिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष आतंकवाद की समस्या को खत्म नहीं कर सकता। इसके लिए नीति में बुनियादी बदलाव चाहिए। उसे आतंकवाद को किसी भी रूप में रणनीतिक हथियार मानने की मानसिकता छोड़नी होगी। पड़ोसियों के साथ संबंधों को टकराव के बजाय व्यापार और संवाद की दिशा में ले जाना होगा। सेना और राजनीतिक संस्थाओं के बीच संतुलन कायम करना होगा। और सबसे महत्वपूर्ण अपने नागरिकों को यह विश्वास दिलाना होगा कि पाकिस्तान का भविष्य बंदूक से नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक स्थिरता से बनेगा। आज पाकिस्तान के सामने असली चुनौती भारत को हराना नहीं है। असली चुनौती अपने भीतर पैदा किए गए संकटों से बाहर निकलना है। क्योंकि इतिहास का सबसे बड़ा सबक यही है दूसरों को जलाने के लिए लगाई गई आग को यदि समय रहते बुझाया न जाए, तो उसकी लपटें अंततः अपने ही घर की दीवारों को जला देती हैं। पाकिस्तान आज उसी आग के बीच खड़ा है और अब सवाल यह नहीं कि आग किसने लगाई, सवाल यह है कि उसे बुझाने का साहस कौन करेगा।

(आलेख में व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)



आपका पत्र

अभिनेत्री सोहा अली खान के खिलाफ मौलाना ने फतवा जारी किया है। फतवे का कारण उनका एक मंदिर में दर्शन करना था। सोहा अली पहले भी मंदिरों में दर्शन कर चुकी हैं और पहले भी उनके खिलाफ ऐसे ही सिरफिर मौलाना फतवे जारी कर चुके हैं। मौलाना के खिलाफ एफआईआर होना चाहिए।

-अमित कुमार, इंदौर

भोपाल आसपास

नशे के इंजेक्शन से युवक की मौत, 3 आरोपियों पर केस दर्ज

पीपुल्स संवाददाता • विदिशा
मो.नं. 9827586049

शहर में नशीले इंजेक्शन के सेवन से 26 वर्षीय युवक की मौत के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। मर्ग जांच में सामने आया कि युवक भोपाल के मेडिकल स्टोर से बिना चिकित्सकीय पर्चे के दवाइयां खरीदकर नशा करता था। पुलिस ने आरोपियों से कुल 230 एमएल एविल इंजेक्शन जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार श्रद्धानंद पथ निवासी आदर्श मालवीय पिता गोपाल मालवीय (26) की 25 सितंबर को आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। कोतवाली पुलिस ने मर्ग क्रमांक 118/26 दर्ज कर जांच शुरू की।

परिजनों और गवाहों के बयानों से सामने आया कि विदिशा में स्मैक उपलब्ध नहीं होने के कारण आदर्श कुछ महीनों से एविल इंजेक्शन में अल्प्राजोलम दवा मिलाकर नशा कर रहा था। वह भोपाल स्थित ग्लोबल मेडिकल स्टोर और इंडियन मेडिकल स्टोर से बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाइयां खरीदता था। पुलिस ने 29 सितंबर, एक अक्टूबर और छह अक्टूबर को दोनों मेडिकल स्टोर से खरीदारी कराई। इस दौरान बिना चिकित्सकीय पर्चे के दवाइयां बेचे जाने की पुष्टि हुई।

जनविश्वास शिविर में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, दिव्यांगजनों को बांटे उपकरण

पीपुल्स संवाददाता • बैरसिया
मो.नं. 9300628151



आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत हर्राखेड़ा स्थित पीएम श्री शासकीय अरविंद भार्गव उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर एवं दिव्यांग उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में विधायक विष्णु खत्री, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और भाजपा जिलाध्यक्ष तीरथ मीणा सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

शिविर में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनीं। इस दौरान प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता दिखाते हुए विधायक विष्णु खत्री और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। वहीं दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी दैनिक गतिविधियों को आसान करने के उद्देश्य से आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए।

पूजा थाली और दीपक सजावट का प्रशिक्षण ले रहे 35 विद्यार्थी

पीपुल्स संवाददाता • मंडीदीप
मो.नं. 7828198478



राजा भोज शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को पूजा थाली एवं दीपक सजावट का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें 35 विद्यार्थी भाग लेकर सजावटी सामग्री तैयार करने की कला सीख रहे हैं।

प्रशिक्षण प्रतिदिन दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक आयोजित हो रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता और कलात्मक कौशल विकसित करने के साथ स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। विद्यार्थी इस हुनर से त्योहारों एवं विशेष अवसरों पर सजावटी सामग्री तैयार कर छोटा व्यवसाय शुरू कर सकेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके भदौरिया ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण में भाग लेकर कौशल विकसित करने और स्वरोजगार की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

3 करोड़ 13 लाख से बनने वाला आधुनिक शॉपिंग कॉम्पलेक्स का किया भूमिपूजन

पीपुल्स संवाददाता • बैरसिया
मो.नं. 9300628151

नगर पालिका परिषद द्वारा विश्वकर्मा मंदिर के समीप लगभग 3 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नवीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौड़ ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

प्रस्तावित कॉम्प्लेक्स में 22 दुकानों के साथ ग्राहकों और व्यापारियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। इससे व्यापारियों



भूमिपूजन करते नपाध्यक्ष प्रतिनिधि।

को व्यवस्थित स्थान और नागरिकों को खरीदारी की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कुलदीप सिंह राठौड़ ने कहा कि नगर का विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। कॉम्प्लेक्स बनने से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में सीएमओ राजेंद्र सक्सेना, पार्षद टिक्कू जैन, रणधीर सिंह राजपूत, तखत सिंह कुशवाहा, प्रेम यादव, नीरज नामदेव, संजय कुशवाहा, राधे पटेल, कमलेश कुशवाहा, सुनील खटीक, मुकीम बाबा, एल्डरमैन राकेश गुप्ता, राधेश्याम शिल्पकार, मोहन सोनी, दीपक गुप्ता, प्रताप सिंह राजपूत, श्याम विश्वकर्मा, धर्मेंद्र भदौरिया, बृज यादव, पप्पू भैया प्रजापति, मधुर चौरसिया और इंजीनियर कीर्ति चौहान सहित नागरिक मौजूद रहे।

महिला ने की शराब ठेका हटाने की मांग मंत्री बोले- पति को थाने में बंद करवा देंगे

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो बना चर्चा का विषय

पीपुल्स संवाददाता • सीहोर
मो.नं. 9827261526

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर में ग्राम महोड़िया की महिलाओं ने शराब दुकान से हो रही परेशानियों को लेकर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से शिकायत की।

इस दौरान मंत्री की एक महिला से बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा महिला से कहते सुनाई दे रहे हैं कि उसके पति को बंद करवा दें क्या? महिलाओं ने शिकायत में कहा कि गांव में शराब दुकान के कारण आए दिन विवाद की स्थिति बनती है। इसकी वजह से परिवारों में झगड़े हो रहे हैं और सामाजिक माहौल भी प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने दुकान हटाने की मांग करते हुए समस्याएं मंत्री के सामने रखीं, जिसे सुन मंत्री भड़क गए। हालांकि शिकायत के दौरान मंत्री की प्रतिक्रिया को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई। हालांकि, वायरल वीडियो के संदर्भ में मंत्री की ओर से कोई अलग आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आने की जानकारी नहीं है।

जेयूईटी में 'विज्ञान सेतु–2026' का आयोजन, विद्यार्थियों ने प्रदर्शित की अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा

पीपुल्स संवाददाता • गुना
मो.नं. 9755130217



मॉडल का अवलोकन करते हुए।

जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में अंतर-विद्यालयीन विज्ञान एवं नवाचार प्रतियोगिता विज्ञान सेतु–2026 का आयोजन स्कूल कनेक्ट 360° कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। इसमें विभिन्न शहरों के स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया और वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता एवं नवाचार क्षमता का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर थर्ड आई, इंदौर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 21,000 का नकद पुरस्कार जीता। रेनेत्री, जय ज्योति स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जिसे 11,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं, आयुष की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 5,100 का नकद पुरस्कार हासिल किया। दस टीमों को रचनात्मक प्रस्तुतियों के लिए सांत्वना पुरस्कार दिए गए। हरपालपुर से आई टीम ई-ड्रीम स्कूल को उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली प्रोजेक्ट के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्रो. विपिन त्यागी, डीन (एकेडमिक्स), एवं प्रो. संजय गर्ग जेयूईटी द्वारा प्रदान किए गए। आयोजन का समन्वय डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. प्रतीक पांडेय, डॉ. तमन्ना अग्रवाल एवं डॉ. अंकुर मुदगल द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. डी. के. राय ने प्रतिभागी विद्यार्थियों, उनके शिक्षक एवं मार्गदर्शकों तथा आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई दी।

आज का दिन

ज्योतिषाचार्य पं. नारायण शंकर नाथूराम व्यास, कोतवाली बाजार जबलपुर

मेष समय के अनुसार और तौर तरीकों में बदलाव लाभकारी रहेगा, मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी, संतान के दायित्वों की पूर्ति होगी।

वृष घरेलू मामले सुलझाने में सफलता मिलेगी, मेलजोल लाभकारी रहेगा, किसी पारिवारिक समारोह में भाग लेना होगा, माता पिता का सहयोग रहेगा।

मिथुन विवादास्पद मामले सुलझेंगे, कोई मूल्यवान वस्तु खोने का डर है, अपने सामान की सुरक्षा व्यवस्था स्वयं करें, संतान की चिन्ता दूर होगी।

कर्क ऐसा कोई कार्य बनेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति दृष्टिकोण और समृद्धि में वृद्धि होगी, दाम्पत्य जीवन सुखमय बना रहेगा।

सिंह आर्थिक एवं व्यवसायिक दिशा में किया गया प्रयास सार्थक होगा, संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी, राजकीय क्षेत्र में सफलता प्राप्त होने का योग है।

कन्या मित्रों का समागम होगा, यथेष्ठ सहयोग मिलेगा, मानसिक रूप से आप स्वस्थ्य रहेंगे, नवीन कार्यो की योजना पर विचार विमर्श होगा।

तुला किसी रिश्तेदार या पड़ोसी से विवाद होगा, मांगलिक कार्यो के प्रति उत्साह बना रहेगा, विरोधी वर्ग पराजित होगा, शुभ सूचना मिलेगी।

वृश्चिक भूमि भवन के क्रय विक्रय से लाभ होगा, मातृपक्ष से शुभ समाचार मिलेगा, स्वास्थ्य संबंधी शिथिलता रहेगी, कार्यो में व्यस्तता रहेगी।

धनु यात्रा में सावधानी रखें, व्यर्थ की परेशानी और तनाव से बचें, जीवनसाथी का सहयोग रहेगा, युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

मकर ले देकर काम करने की योजना सफल होगी, अधिकारियों के सहयोग से आर्थिक लाभ होगा, धन एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी।

कुंभ बैचारिक गतिरोध दूर होगा, कारोबारी यात्रा सफल होगी, मन प्रसनन रहेगा, मामा पक्ष से लाभ होगा, पारिवारिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीन आकस्मिक लाभ के अवसर मिलेंगे, रूखे व्यवहार से परिचित नाराज हो सकते हैं, यात्रा में उठाईगीरों से सावधानी रखें।

आज जन्मे बालक का फल शनिवार 31 अक्टूबर 2026 : आज जन्म लिया बालक स्वस्थ्य, हष्टपुष्ट, और मधुरभाषी, परिश्रमी, चतुर, होगा, बुद्धिमान व्यवसायिक दृष्टिकोण वाला होगा, सबको लोकप्रिय होगा, 8 वर्ष की आयु तक तकलीफ उठायेगा, बाद में अच्छा रहेगा, विद्या के क्षेत्र में रूचि रहेगी, खेलकूद के प्रति विशेष आकर्षित रहेगा।

व्यापार भविष्य कार्तिक कृष्ण षष्ठी को आद्रा नक्षत्र के प्रभाव से जीरा, धनियां, लालमिर्च, अजवाईन, जाबित्री, के भाव में तेजी होगी, चांदी, रूई, सरसों, सूरजमुखी, के भाव में मंदी होगी, बाजार का रुख देखकर व्यापार करें। भाग्यांक 4110 है।



ट्वीट ऑफ द डे

मेरी चोट अब काफी बेहतर है। पहले डेढ़ महीने में मुझे कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब इसमें काफी सुधार हुआ है। मैं अगले कुछ सप्ताह में इन दोनों को शुरू करने की योजना बना रहा हूं।

नीरज चोपड़ा, स्टार भाला फेंक भारतीय खिलाड़ी

Sports ब्रीफ

अभिषेक के दो गोल से भारत ने जापान को हराया

जालंधर। पांच बार की चैंपियन भारतीय हॉकी टीम ने स्ट्राइकर अभिषेक नैन के दो गोल की मदद से शुक्रवार को यहां पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान को 4-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। भारत ने शुरुआती दो मुकाबलों में बांग्लादेश को 13-0 से रौंदा था जबकि चीन को 5-2 से हराया था। वहीं जापान ने दक्षिण कोरिया को 3-2 और बांग्लादेश को 1-0 से मात दी थी। भारत की ओर से अभिषेक (11वें और 51वें मिनट) ने दो मैदानी गोल किए।

बांग्लादेश के छह विकेट गिरे, बढ़त सौ के पार

मीरपुर। जिस दिन 12 विकेट गिरे थे और सतह पर काफी टर्न दिख रहा था, बंगलादेश ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में अपनी बढ़त 100 के पार पहुंचा दी। मीरपुर में खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी साढ़े चार बजे समाप्त हो गया। तब तक वेस्टइंडीज ने बंगलादेश को दूसरी पारी में 79/6 पर समेट दिया था। कप्तान रोस्टन चेज़ ने इनमें से तीन विकेट लिए, जोमेल वारिकन ने दो और विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या को सात तक बढ़ा दी।

अफगानिस्तान की वापसी, राशिद के 200 विकेट



शारजाह। जिम्बाब्वे के खिलाफ पावर प्ले में लड़खड़ाने के बावजूद अफगानिस्तान की टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए टी-20 सीरीज में शानदार वापसी की। इसी मैच में राशिद खान अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। अफगानिस्तान के स्पिनर गेंदबाज राशिद ने अपने 120वें टी-20 मैच में यह उपलब्धि हासिल की। इस सूची में उनके बाद इंग्लैंड के आदिल राशिद हैं, जिन्होंने 153 मैचों में 171 विकेट लिए हैं। राशिद की इस उपलब्धि से पहले अफगानिस्तान की ओर से शानदार बल्लेबाजी देखने को मिली। अफगानिस्तान की टीम पावरप्ले में ही 5 विकेट पर 4 रन (5/4) के स्कोर पर लड़खड़ा गई थी।

मुंबई टीम के बल्लेबाजी कोच बने रोबिन उथप्पा

नई दिल्ली। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2027 के सत्र से पहले शुक्रवार को अपने कोचिंग स्टाफ में व्यापक फेरबदल करते हुए पूर्व भारतीय बल्लेबाज रोबिन उथप्पा को अपना बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया। उथप्पा के अलावा न्यूजीलैंड के मिशेल मैक्लेनाघन को गेंदबाजी कोच, जबकि पूर्व भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप को इसी भूमिका में नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने धवल कुलकर्णी को विकास गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। इस तरह से उथप्पा, मैक्लेनाघन और कुलकर्णी की मुंबई टीम में वापसी हो रही है, जो पहले खिलाड़ी के तौर पर इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रह चुके हैं।

अंडर-19 एशिया कप में सहवाग व द्रविड शामिल

मुम्बई। आगामी एशिया कप के लिए भारत की अंडर-19 टीम में स्टार खिलाड़ियों के बेटे आर्यवीर सहवाग और अन्वय द्रविड़ को चुना गया है। वहीं, लक्ष्य रायचंदानी और यशवर्धन चौहान क्रमशः कप्तान और उप-कप्तान बने रहेंगे। यह टूर्नामेंट चार से 14 नवंबर तक ओमान के मस्कट में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में भारत शानदार प्रदर्शन के बाद उतर रहा है। हाल ही में, सितंबर-अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ सीरीज में भारत ने उन्हें 2-0 से और वनडे सीरीज में 3-0 से हराया। इससे पहले, श्रीलंका में हराया था।


क्रिकेट लगातार तीन मैच जीतने के बाद भारतीय टीम 87 रन से हारी, सीरीज 3-1

फिलिप्स और डफी ने भारत को दी मात, चौथा टी20 मैच न्यूजीलैंड जीती

एजेंसी ● ऑकलैंड
editor@peoplessamachar.co.in

ग्लेन फिलिप्स के तूफानी शतक और तेज गेंदबाज जैकब डफी की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के चौथे मुकाबले में शुक्रवार को यहां भारत को 87 रन से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम शुरुआती तीन मुकाबले जीतकर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुकी है।

इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में हार का अंतर 1-3 कर दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 259 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इसके जवाब में भारतीय टीम अतिरिक्त उछाल वाली पिच पर नौ विकेट पर 172 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत की दरकार थी, लेकिन तेज गेंदबाज डफी ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन (चार) और ईशान किशन (शून्य) को आउट कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारत ने पहले ओवर के बाद दो विकेट पर महज चार रन बनाए थे। इस शुरुआती झटके से टीम अंत तक नहीं उबर सकी। कप्तान श्रेयस अय्यर (22) और अभिषेक शर्मा (27) के बीच 46 रन की साझेदारी सबसे बड़ी रही।



स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड	रन	गेंद	4	6
टिम सिफर्ट बो मयंक	03	05	0	0
फिनबो पटेल	31	17	2	2
डेरिल बो मयंक	24	09	2	2
फिलिप्स बो रेड्डी	107	49	6	10
जैकब्स बो मयंक	07	07	0	0
माइकल बो प्रिंस यादव	65	25	4	6
सैंटनर बो अर्शदीप	05	06	0	0
नाथन स्मिथ नाबाद	06	03	1	0
एडम मिल्ने नाबाद	01	01	0	0

कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 259 रन विकेट पतन : 1-5, 2-34, 3-93, 4-112, 5-227, 6-246, 7-252 गेंदबाजी : मयंक यादव 4-0-48-3, अर्शदीप सिंह 4-0-38-1, प्रिंस यादव 4-0-49-1, नीतिश कुमार रेड्डी 4-0-64-1, अक्षर पटेल 3-0-43-1, नमन धीर 1-0-16-0

भारत	रन	गेंद	4	6
सैमसन बो डफी	04	02	1	0
अभिषेक बो फिशर	27	15	3	1
ईशान बो डफी	00	03	0	0
श्रेयस बो मिल्ने	22	11	4	0
अक्षर बो सैंटनर	07	09	1	0
रेड्डी बो सैंटनर	21	10	0	2
तिलक बो फिशर	35	35	1	3
नमन बो डफी	28	13	2	2
अर्शदीप बो डफी	00	01	0	0
प्रिंस नाबाद	18	17	2	1
मयंक नाबाद	03	04	0	0

अतिरिक्त : 07
कुल योग : (20 ओवर में नौ विकेट पर) 172 रन विकेट पतन : 1-4, 2-4, 3-50, 4-56, 5-86, 6-89, 7-121, 8-121, 9-158,
गेंदबाजी : डफी 4-0-23-4, मिल्ने 4-0-35-1, स्मिथ 4-0-47-0, फिशर 4-0-40-2, सैंटनर 4-0-23-2.

गेंदबाज मयंक यादव ने चटकाए तीन विकेट

इससे पहले न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए केवल 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजी की कलई खोल दी। टिम सीफर्ट और डेरिल मिचेल को तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पवेलियन भेजकर न्यूजीलैंड को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद फिलिप्स और फिन एलन ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़कर पारी को संभाला। एलन और बेवन जैकब्स के जल्दी-जल्दी आउट होने से न्यूजीलैंड की रन गति कुछ धीमी पड़ती दिख रही थी, लेकिन फिलिप्स और ब्रेसवेल ने यहां से पारी का रुख बदल दिया। फिलिप्स ने प्रिंस यादव के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए एक ओवर में एक छक्का और तीन चौके लगाए। इसके बाद उन्होंने नीतिश कुमार रेड्डी को भी निशाने पर लिया। 31 गेंदों में अर्धशतक पूरा करने के बाद इस 29 वर्षीय बल्लेबाज ने 16वें ओवर में रेड्डी की गेंदों पर 32 रन बटोरे। ब्रेसवेल भी दूसरे छोर से भारतीय गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे।



मयंक यादव, तीन विकेट

भारत की पहली महिला विश्व् विजेता

विश्व कुश्ती में चैंपियन मनीषा ने रचा इतिहास



मनीषा भनवाला, स्वर्ण विजेता

एजेंसी ● अस्ताना
editor@peoplessamachar.co.in

मनीषा भनवाला ने शुक्रवार को भारतीय खेल इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। वह सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गईं और सुशील कुमार (2010) के बाद विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय पहलवान बनी।

59 किग्रा वजन वर्ग के मुकाबले में अमेरिकी पहलवान को दी पटकनी: उन्होंने 59 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में एक रोमांचक जीत हासिल की। अमेरिका की एबिगेल एलिज़ाबेथ नेट के खिलाफ खिताबी मुकाबले में, मनीषा ने जबरदस्त साहस और बेहतरीन रणनीति का प्रदर्शन किया। 0-6 से पिछड़ने के बाद उन्होंने शानदार वापसी की और अंततः 8-6 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही उन्होंने भारतीय महिला कुश्ती के लिए एक नई मिसाल कायम की है। मनीषा की इस ऐतिहासिक जीत से पहले, भारत ने कभी भी विश्व स्तर की इस प्रतियोगिता में महिला कुश्ती में स्वर्ण पदक नहीं जीता था। उन्होंने आखिरकार उस बाधा को पार कर लिया, जिसे 2021 में अंशु मलिक पार नहीं कर पाई थीं। साथ ही, उनकी मौजूदा साथी पहलवान

भारत के पदकों की अंतिम सूची: महिला कुश्ती (4 पदक)

स्वर्ण (1) : मनीषा भनवाला (59 किग्रा)
रजत (2) : काजल ढोचक, नीलम सिरोही
कांस्य (1) : तनु शर्मा (72 किग्रा)

काजल ढोचक और नीलम सिरोही भी इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने से चूक गई थीं और उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा था। मनीषा का यह ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भारतीय महिला टीम के शानदार प्रदर्शन का एक बेहतरीन समापन है। भारतीय महिला टीम ने इस टूर्नामेंट में कुल चार पदक जीते हैं। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धा में, 97 किग्रा भार वर्ग के रेपेचेज राउंड में विक्की हुड्डा का सफर समाप्त हो गया। ईरान के दिग्गज पहलवान हसन यज़दानी के खिलाफ मुकाबले में, विक्की को 'टेक्निकल सुपीरियरिटी' (तकनीकी श्रेष्ठता) के आधार पर 0-10 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती में 61 किग्रा, 70 किग्रा, 86 किग्रा और 125 किग्रा भार वर्ग में भारतीय पहलवान शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए और शुक्रवार के सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच सके।

31वें एनएसटी अवॉर्ड से 35 खेल हस्तियां हुईं सम्मानित

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9981288659

31वें नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स एचएमजी स्पोर्टस अवार्ड 2026 से शुक्रवार को देश प्रदेश की कुल 35 खेल हस्तियों को अलग-अलग खेल विधाओं में सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर एवं एचएमजी स्पोर्ट्स के ओनर अभिषेक मोहन गुप्ता और पद्मश्री पेरा तैराक सत्येंद्र सिंह लोहिया थे। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जेपी यादव, अंतरराष्ट्रीय स्नूकर खिलाड़ी कमल चावला, मप्र टीम के पूर्व कप्तान बृजेश तोमर मुमताज खान (चेयरमैन, वेस्ट जोन एथलेटिक्स फेडरेशन) मंच पर मौजूद थे। इस खेल समारोह में एशियन गेम्स 2026 के हॉकी एवं सॉफ्ट टेनिस पदक विजेता इशिका चौधरी एवं जय मीणा को मध्य प्रदेश खेल रत्न से नवाजा गया, जबकि कॉमनवेल्थ तलवारबाजी की स्वर्ण एवं रजत विजेता खुशी दाभाड़े को स्पोर्ट्स वूमेन ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। खेल पत्रकार अवार्ड से आत्माराम भाटी, प्रवीण सक्सेना, राहुल शर्मा सम्मानित हुए।

बीबीएस हूप कप का बाल भारती स्कूल में शुभारंभ



पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9981288659

बाल भारती पब्लिक स्कूल (बीबीपीएस), निशातपुरा के खेल मैदान पर शुक्रवार को दस दिनी बीबीपीएस हूप फेस्ट 3 ऑन 3 इंटरस्कूल बास्केटबॉल कप का शानदार आगाज हुआ। 30 और 31 अक्टूबर आयोजित टूर्नामेंट में 46 टीमें शिरकत कर रही है। शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्तयार सिंह (चेयरमैन - तकनीक समिति, मप्र स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन) ने किया, प्राचार्य कुलदीप सिंह एवं हेड मिस्ट्रेस मृदुलता सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9981288659

19 नवंबर को सीएम डॉ. मोहन यादव महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2026 के आगाज के साथ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रथम चरण का शुभारंभ करेंगे। यह बात सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का दौरा कर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रथम चरण चरण के शुभारंभ एवं आगामी महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2026 की तैयारियों का



निरीक्षण के दौरान कहीं। लगभग 900 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहे अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के प्रथम चरण का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता कराना प्रदेश के लिए शुभ संकेत हैं।महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2026 की तैयारियों के तहत 3 नवंबर को हॉकी इंडिया का प्रतिनिधिमंडल भोपाल आएगा। इसी दिन चैंपियनशिप के लोगो का भी अनावरण किया जाएगा। सारंग ने कहा कि इस आयोजन से भोपाल में उत्सव का माहौल बनाया जाए।

हाइलो ओपन: सेमी में सिंधू-लक्ष्य

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जर्मनी की अमाली शुल्ज को सीधे गेम में हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली। लक्ष्य सेन ने भी पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सिंधू के सामने अब सेमीफाइनल में हमवतन अनमोल खरब की



पीवी सिंधू



लक्ष्य सेन

चुनौती होगी। अनमोल ने एक कड़े मुकाबले में उन्नति हुड्डा को तीन गेम में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस तरह महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के आमने-सामने होने से भारत का फाइनल में एक स्थान पक्का हो गया है। सिंधू और अनमोल दोनों की नजरें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने पर होंगी।

एशियाई कप क्वालि फायर के लिए भारतीय अंडर- 17 टीम की घोषणा

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

भारत ने 11 से 20 नवंबर तक मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए शुक्रवार को 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। हालांकि डिफेंडर अभिषेक कुमार मंडल के अलावा फॉरवर्ड खिलाड़ी जस्मीत सिंह और रहान अहमद को टीम में जगह नहीं मिली है। ये तीनों खिलाड़ी इसी महीने म्यांमा के खिलाफ हुए मैत्री मुकाबलों के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे लेकिन मुख्य कोच मेहराजुद्दीन वाडू ने मलेशिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिए उन्हें बाहर रखा है। लगातार दूसरे एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ उतर रही भारतीय टीम को ग्रुप-ई में रखा गया है। इस ग्रुप में मेजबान मलेशिया के अलावा फिलिस्तीन, सिंगापुर और गुआम की टीमें शामिल हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 नवंबर को सिंगापुर के खिलाफ करेगा।

पीपुल्स सुडोकू-368

5	3		6			9	1	2
6	7		1	9				8
1		8	3			5		
			7	6		4		
	2	6					9	1
				2		8	5	6
9								
2	8		4	1		6		5
		5						9

कैसे खेलें प्रस्तुत वर्ग को 1 से 9 तक के अंकों के प्रयोग से इस प्रकार भरें कि प्रत्येक आड़ी व खड़ी पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक आएं। ध्यान रखें

उत्तर-367

5	3	4	6	7	8	9	1	2
6	7	2	1	9	5	3	4	8
1	9	8	3	4	2	5	6	7
8	5	9	7	6	1	4	2	3
4	2	6	8	5	3	7	9	1
7	1	3	9	2	4	8	5	6
9	6	1	5	3	7	2	8	4
2	8	7	4	1	9	6	3	5
3	4	5	2	8	6	1	7	9

भारोत्तोलन: वार्म-अप करते समय चोटिल होने के कारण आगामी टूर्नामेंट से हटीं

मीराबाई चानू ने वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 से नाम वापस लिया

एजेंसी ● निंगबो
editor@peoplessamachar.co.in

ओलिंपिक मेडलिस्ट मीराबाई चानू चोट के कारण वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में हिस्सा नहीं ले सकीं। यह चैंपियनशिप चीन के निंगबो में आयोजित हो रही है। मीराबाई चानू को पहले निंगबो में महिलाओं की 53किग्रा वेटलिफ्टिंग कैटेगरी में हिस्सा लेना था।

इससे पहले वह आमतौर पर 48किग्रा/49किग्रा कैटेगरी में खेलती रही हैं। प्रतियोगिता से पहले सुबह वार्म-अप करते समय



कॉमनवेल्थ स्वर्ण विजेता मीराबाई चानू

मीराबाई की पीठ में मोच आ गई। 32 वर्षीय भारतीय वेटलिफ्टर ने अपनी कैटेगरी बदलने का फैसला किया था, क्योंकि लॉस एंजेलिस 2028 ओलिंपिक में महिलाओं के लिए जो छह वेट कैटेगरी होंगी, उनमें से 53किग्रा सबसे कम वजन वाली कैटेगरी है।

10 क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में यह पहली

मीराबाई चानू 48किग्रा कैटेगरी में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन रह चुकी हैं और पिछले साल इसी कैटेगरी में उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। वहीं, टोक्यो 2020 ओलंपिक और 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्होंने 49किग्रा कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता था। इससे पहले, 2022 में सिंगापुर में हुई एक प्रतियोगिता में वह 55किग्रा कैटेगरी में भी हिस्सा ले चुकी हैं। मीराबाई चानू चोट के कारण इस साल की शुरुआत में एशियन चैंपियनशिप में भी नहीं खेल पाई थीं, लेकिन उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद, पिछले महीने आइची-नागोया में हुए एशियन गेम्स 2026 में उन्होंने सिल्वर मेडल हासिल किया। निंगबो मीट में हिस्सा न ले पाना, मीराबाई चानू के लिए लॉस एंजेलिस 2028 ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में एक बड़ा झटका होगा। अभी चल रही वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप, लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के रास्ते में आने वाली 10 क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में से पहली है।

PEOPLE'S UNIVERSITY

Established by MP Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC Act 1956

24 - YEARS OF - ACADEMIC EXCELLENCE

TAKE THE RIGHT STEP TODAY, AND SUCCESS WILL WALK WITH YOU TOMORROW!

PEOPLE'S UNIVERSITY Integrated Academic Centres



WHY CHOOSE PEOPLES UNIVERSITY ?

More than **70+** National & International Collaborations

Patents & Copyrights More than **315+**

Research Publications More than **5000+**

Alumni Network More than **17,000+** Successful Graduates

Placements More than **6,750+** Students Placed

Scan for website

















ACADEMIC PROGRAMS OFFERED IN

ENGINEERING

B.Tech (1st & 2nd yr. Lateral Entry)
Biotechnology (BT)
Food Technology (FT)
Forensic Science & Cyber security (FSCS)
Civil Engineering (CE)
Computer Science and Engineering (CSE)
Computer Science and Engineering (CSE-AIML)
Computer Science and Engineering (CSE-DS)
Electrical Engineering (EE)
Electrical and Electronics Engineering (EEE)
Mechanical Engineering (ME-Robotics & Automation)

M.Tech
Computer Science & Engineering
Cyber Security
Structural Engineering
Construction Technology and Management
Transportation Engineering
Urban Planning
Digital Communication
Power System
Production Engineering
Thermal Engineering

Diploma in Engg. (1st & 2nd yr. Lateral Entry)
Civil Engineering (CE)
Computer Science & Engineering (CSE)
Electrical and Electronics Engineering (EEE)
Electrical Engineering (EE)
Mechanical Engineering (ME)

HOTEL MANAGEMENT

BHMCT / B.B.A (HC(Culinary)HA)
PG Diploma Hotel Management
Diploma Food Production and Patisserie

LAW

BA-LL.B
BBA-LL.B
LL.B
LL.M (1 Year)
LL.M (2 Year)

MEDICAL

MBBS / MD / MS
DM Endocrinology
M.Sc. Medical

NURSING

B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
PB B.Sc. Nursing
GNM* Under MPNRC

LIFE SCIENCES

B.Sc. Biotechnology
M.Sc. Biotechnology
B.Sc. Microbiology
M.Sc. Microbiology

MANAGEMENT

MBA
Hospital Administration
Dual Specialisation
Pharmaceutical Management

BBA
Marketing / Finance & Accounting
Human Resource Management (HRM)
Digital Marketing / Business Analytics
Hospital & Healthcare Management

B.Com / B.Com Computer / M.Com

PG Diploma
Operations & Supply Chain Mgmt.
Human Resource Mgmt. (PGHRM)
Digital Marketing / Healthcare Mgmt.
Agribusiness Mgmt. / Hospitality Mgmt.
Banking Financial Services & Insurance

PARAMEDICAL

BPT / MPT / BMLT
Diploma
Medical lab Technology
Dialysis Technician
Anaesthesia Technician

PHARMACY

B.Pharm
M.Pharm
D.Pharm

DENTAL

BDS / MDS
Diploma
Dental Hygienists / Dental Mechanics.

HUMANITIES

BA / MA
English Literature / History / Political Science / Psychology
PG Diploma -
Guidance & Counseling Psychology

MEDIA STUDIES

B.Sc. Electronic Media
Master of Journalism
M.A. Broadcast Journalism
M.A. Mass Communication
M.A. Advertising & Public Relations

Ph.D

Engineering / Medical / Pharmacy / Dental / Nursing / Life Science / Law / Management / Humanities

CAMPUS BENEFITS

- 9 INSTITUTIONAL LIBRARIES
- 84 ACRE INTEGRATED CAMPUS
- 50 SEMINAR ROOMS
- 100% PLACEMENT ASSISTANCE
- STADIUM
- BANK
- POST OFFICE
- GYMNASIUM
- Separate HOSTEL for BOYS & GIRLS
- Bright Career Opportunities
- Opportunities in Sports, NCC & NSS at all Level
- Research & Case Based Study
- Grow with Confidence
- Wi-Fi Enabled Campus
- Innovative Teaching methodology

DUAL DEGREE = UNLIMITED OPPORTUNITIES
Dual Degree Program as per UGC Regulations (Pursue two degrees simultaneously)

FIVE YEARS INTEGRATED UG & PG PROGRAM (SAVE ONE YEAR)
in Engineering, Pharmacy & Management



Scan for Location

Scan for Admissions

www.peoplesuniversity.edu.in

PEOPLE'S CAMPUS, AYODHYA BYPASS ROAD, BHOPAL (M.P), 462037 centraladmission@peoplesuniversity.edu.in

0755 4005203, 9538500200, 7354700700, 7240900900, 7024243811, 7024101827





"क्या बैंक कर्ज देने से आगे बढ़कर काम कर सकते हैं? तकनीकी रूप से, हां। बैंक कारोबारियों को वित्त के उपयुक्त स्रोतों से जोड़ने में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं।" देश में क्षेत्रीय स्तर पर कर्ज वितरण में काफी अंतर है। वर्ष 2023 में पूर्वी क्षेत्र का ऋण-जमा अनुपात 47.5 प्रतिशत था, जो सभी क्षेत्रों में सबसे कम था।

अशोक लाहिड़ी, नीति आयोग के उपाध्यक्ष

बिजनेस न्यूज

मोबाइल ग्राहकों की कुल बढ़ोतरी में जियो की हिस्सेदारी 86 फीसदी

नई दिल्ली। रिलायंस जियो के ग्राहकों की संख्या में सितंबर माह में 19 लाख की बढ़ोतरी हुई जबकि इसी दौरान एयरटेल के 2 लाख ग्राहक बढ़े। मोबाइल कंपनियों के कोर मोबाइल ग्राहकों की कुल बढ़ोतरी में जियो की हिस्सेदारी करीब 86 फीसदी रही। यह जानकारी भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण की सितंबर की रिपोर्ट पर आधारित डीएएम कैपिटल और आईआईएफएल कैपिटल के विश्लेषणों में आई है। विश्लेषण के मुताबिक, मशीन-टू-मशीन कनेक्शन हटाने पर जियो के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 19 लाख बढ़ी, जबकि एयरटेल के 2 लाख ग्राहक बढ़े। इस श्रेणी के मोबाइल ग्राहकों की कुल संख्या 22 लाख बढ़ी, जिसमें अकेले जियो की हिस्सेदारी करीब 86 फीसदी रही। रिपोर्ट के मुताबिक, एम2एम कनेक्शन हटाकर की गई गणना में सितंबर के दौरान जियो के एक्टिव यूजर्स की संख्या 13 लाख बढ़ी।

एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज को मिली आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

नई दिल्ली। घरेलू उपकरण बनाने वाली कंपनी एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज और कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) के संग्रहण एवं उपयोग के साथ औद्योगिक गैस समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी पंजाब कार्बोनिक को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये पूंजी जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज के आईपीओ के लिए मसौदा दस्तावेज अगस्त में मिले थे, जबकि पंजाब कार्बोनिक ने अप्रैल में मसौदा दस्तावेज जमा किए थे। इन दस्तावेजों की समीक्षा के बाद नियामक ने 29-30 अक्टूबर के दौरान दोनों कंपनियों को अंतिम टिप्पणियां दीं। सेबी की टिप्पणियां आईपीओ प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इनके बाद कंपनियां लागू नियामकीय आवश्यकताओं के अधीन अपने सार्वजनिक निर्गम की तैयारियां आगे बढ़ा सकती हैं। मसौदा दस्तावेज (डीआरएचपी) के अनुसार, एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज के आईपीओ में 450 करोड़ रुपए तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

एयरटेल अफ्रीका का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 16% बढ़ा

नई दिल्ली। एयरटेल अफ्रीका का वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत बढ़कर 25.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। कंपनी ने बीते वित्त 2025-26 की समान तिमाही में 21.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आय 26 प्रतिशत बढ़कर 197 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई, जो 2025-26 की समान तिमाही में 156.7 करोड़ थी। दूसरी तिमाही के दौरान कंपनी के कुल ग्राहकों की संख्या 11.6 प्रतिशत बढ़कर 19.39 करोड़ हो गई। इस दौरान डेटा (इंटरनेट) उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या 15 प्रतिशत बढ़कर 8.99 करोड़ और मोबाइल मनी ग्राहकों की संख्या 22.4 प्रतिशत बढ़कर 6.09 करोड़ हो गई। कंपनी ने कहा कि स्मार्टफोन की पहुंच बढ़कर 51.6 प्रतिशत होने से डेटा सेवाओं की मांग में लगातार वृद्धि हुई। प्रति ग्राहक स्मार्टफोन डेटा का इस्तेमाल बढ़कर 13.3 जीबी हो गया है।

रुपया 33 पैसे मजबूत होकर 94.93 प्रति डॉलर पर पहुंचा

मुंबई। रुपया शुक्रवार को 33 पैसे मजबूत होकर 94.93 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिकी डॉलर में नरमी के बीच घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और व्यापक बाजार में कमजोर रुख ने रुपये की बढ़त को सीमित रखा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और भारतीय रिर्जव बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से मुद्रा तथा बॉन्ड बाजार दोनों को अतिरिक्त समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.21 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.94 के उच्च तथा 95.28 के निचले स्तर तक पहुंचा। अंत में यह 94.93 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 33 पैसे की बढ़त है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का रिकॉर्ड मुनाफा, दूसरी तिमाही में 34% बढ़कर 29,550 करोड़ रुपए पहुंचा

राजस्व और परिचालन कमाई भी रिकॉर्ड स्तर पर, तेल से रसायन कारोबार के बेहतर प्रदर्शन का मिला फायदा, शेयर बाजार में भी कंपनी ने धाक जमाई

एजेंसी ● मुंबई
editor@peoplessamachar.co.in



रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे घोषित कर दिए हैं। कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 29,550 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो किसी एक तिमाही में कंपनी का अब तक का सबसे अधिक मुनाफा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 22,092 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने 30 अक्टूबर को शेयर बाजार बंद होने के बाद नतीजों की घोषणा की।

इस दौरान कंपनी का समेकित राजस्व भी 28 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 3.62 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं, ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई भी रिकॉर्ड स्तर पर रही। कंपनी के तेल से रसायन कारोबार के मजबूत प्रदर्शन के साथ डिजिटल सेवाओं और खुदरा कारोबार की बेहतर स्थिति ने नतीजों में अहम योगदान दिया।

सितंबर तिमाही में कंपनी ने 38,153 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय किया। सितंबर के अंत में रिलायंस का शुद्ध कर्ज 1.17 लाख करोड़ रुपए रहा, जबकि जून तिमाही में यह 1.23 लाख करोड़ रुपए था। कंपनी के शुद्ध कर्ज और परिचालन कमाई का अनुपात 0.47 रहा।

डिजिटल सेवाओं का राजस्व 11.3 प्रतिशत बढ़ा-डिजिटल सेवाओं के कारोबार में भी कंपनी ने अच्छी वृद्धि दर्ज की। जियो प्लेटफॉर्म्स का राजस्व सालाना आधार पर 11.3 प्रतिशत बढ़कर 47,485 करोड़ रुपए रहा। उपभोक्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी और प्रति उपभोक्ता औसत राजस्व में सुधार से कारोबार को मजबूती मिली। जियो प्लेटफॉर्म्स की ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई 16.6 प्रतिशत बढ़कर 21,879 करोड़ रुपए पहुंच गई। वहीं, कमाई का मार्जिन 2.5 प्रतिशत अंक बढ़कर 54.1 प्रतिशत रहा।

तेल से रसायन कारोबार का राजस्व 44.2 प्रतिशत बढ़ा-कंपनी के तेल से रसायन कारोबार ने सितंबर तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया। इस कारोबार का राजस्व 44.2 प्रतिशत बढ़कर 3.32 लाख करोड़ रुपए रहा। कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की ऊंची कीमतों का इसमें योगदान रहा। इस कारोबार की ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई 67.9 प्रतिशत बढ़कर 25,203 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जबकि कमाई का मार्जिन 1.6 प्रतिशत अंक बढ़कर 10.9 प्रतिशत रहा।

जियो की सूचीबद्धता को बताया अहम उपलब्धि

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में जियो प्लेटफॉर्म्स की सूचीबद्धता कंपनी के मूल्य सृजन के सफर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रही। जियो के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम को 22 गुना से अधिक अभिदान मिला और सूचीबद्ध होने के बाद शेयरों में तेजी देखने को मिली। उन्होंने कहा कि जियो प्लेटफॉर्म्स अब देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। यह हमारे लिए गर्व की बात है।

इंडिगो, इन्फोसिस, एनटीपीसी, पावर ग्रिड के शेयर लाभ में रहे

आईटी शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़ा

एजेंसी ● मुंबई
editor@peoplessamachar.co.in



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और खुदरा कंपनी ट्रेंट के शेयरों में जोरदार लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 308 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 116 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों में कमजोर संकेतों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी का रुख रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार की बढ़त सीमित रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 308.49 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 74,459.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 591.55 अंक बढ़कर 74,742.59 अंक पर पहुंच गया था।

एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 116.35 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,053.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सर्वाधिक 5.20 प्रतिशत चढ़ गया।

टाटा समूह की खुदरा कंपनी ने गुरुवार को बताया था कि सितंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 468 करोड़ रुपए रहा। राजस्व में वृद्धि और परिचालन क्षमता में सुधार से महंगाई के माहौल में भी कंपनी की आय को समर्थन मिला।

सके अलावा, इंडिगो, इन्फोसिस, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इटर्नल, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी ओर, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट रही। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 1,335.7 अंक यानी 1.82 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी में कुल 453.1 अंक यानी दो प्रतिशत की बढ़त देखी गई।

ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों से जुड़ी चिंताओं के बावजूद घरेलू बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए।

एशियाई बाजारों में एआई शेयरों में भारी बिकवाली के बीच निवेशकों ने आईटी खंड में तगड़ी लिवाली की। इसके अलावा ट्रेंट के शेयरों में भी खासी तेजी रही।

हालांकि, व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 2.09 प्रतिशत फिसल गया जबकि मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.63 प्रतिशत की गिरावट रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में फोकस आईटी खंड में सर्वाधिक 1.91 प्रतिशत की तेजी रही।

बेहतर वित्तीय परिणाम से ट्रेंट का शेयर पांच प्रतिशत से अधिक चढ़ा

टाटा समूह की खुदरा कारोबार इकाई ट्रेंट लिमिटेड का शेयर शुक्रवार को पांच प्रतिशत से अधिक चढ़कर बंद हुआ। कंपनी के जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के बाद उसके शेयर में तेजी दर्ज की गई। बीएसई में कंपनी का शेयर 5.20 प्रतिशत चढ़कर 3,015.10 रुपए पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 6.73 प्रतिशत उछलकर 3,059 रुपए के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। एनएसई में शेयर 5.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,017.30 रुपए पर बंद हुआ। इस तेजी से कंपनी का बाजार मूल्यांकन 7,950.47 करोड़ रुपए बढ़कर 1,60,774.84 करोड़ रुपए हो गया।

कांग्रेस, संप्रग ने बैंकों का निजी इकाई की तरह किया इस्तेमाल : सीतारमण



तेलंगाना के MLC मल्का कोमराया ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

आईडीबीआई बैंक के विनिवेश को लेकर जारी विवाद के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कांग्रेस तथा पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर निशाना साधा। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में बैंकों और वित्तीय संस्थानों का इस्तेमाल निजी संस्थाओं की तरह किया तथा बैंक कर्मचारियों पर विवेकपूर्ण ऋण मानदंडों को दरकिनार कर कर्ज देने का दबाव बनाया।

वित्त मंत्री ने अपने आरोपों के समर्थन में 1957 के हरिदास मूंदड़ा प्रकरण का उल्लेख किया। कांग्रेस नेताओं के प्रभाव के कारण हरिदास मूंदड़ा को एलआईसी से पैसा मिला। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 1976 में तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने राजनीतिक दबाव के आगे नहीं झुकने पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के तत्कालीन चेयरमैन आर. के. तलवार को पद से हटा दिया था।

आईडीबीआई बैंक को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कही गई बातों का जवाब देते हुए सीतारमण ने संजय गांधी से जुड़े मारुति ऋण मामले और 1980 के दशक में तत्कालीन वित्त राज्य मंत्री बी. जनार्दन पुजारी की भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया, "इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में वित्त राज्य मंत्री रहे बी. जनार्दन पुजारी ने 1980 के दशक में बैंक कर्मचारियों पर ऋण जारी करने का दबाव डाला। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने आईडीबीआई बैंक के कर्मचारियों के नाम लिखे एक पत्र को 'एक्स' पर साझा किया और बैंक की प्रस्तावित बिक्री को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

चांदी 8,300 रुपए टूटकर 11 महीने के निचले स्तर पर, सोना भी फिसला

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत 8,300 रुपए लुढ़ककर करीब 11 महीने के निचले स्तर 1.90 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेज गिरावट के कारण कीमती धातुओं में बिकवाली से चांदी के दाम टूटे। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,300 रुपए टूटकर 1,45,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर रहा। गुरुवार को इसका भाव 1,46,500 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

पिछले कारोबारी सत्र में मामूली बढ़त दर्ज करने के बाद चांदी में गिरावट आई। चांदी का भाव 8,300 रुपए गिरकर 1,90,200 रुपए प्रति किलोग्राम रहा, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,98,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। चांदी का भाव इससे पहले 10 दिसंबर, 2025 को इस स्तर के आसपास था। उस समय इसकी कीमत 1.92 लाख रुपए प्रति किलोग्राम दर्ज की गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 4,000 डॉलर प्रति औंस के स्तर से नीचे फिसल गया। यह 53.15 डॉलर यानी 1.32 प्रतिशत गिरकर 3,968.24 डॉलर प्रति औंस रहा। वहीं, चांदी की कीमत भी चार प्रतिशत टूटकर 50.12 डॉलर प्रति औंस रही।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 719.75 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 1.27 अरब डॉलर और गिरकर 719.75 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले 16 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 5.01 अरब डॉलर घटकर 721.01 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना (एफसीएनआर-बी) के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

केनस्टार ने राजकुमार राव और पत्रलेखा के साथ लॉन्च किया वॉटर हीटर कैंपेन

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in



भारत के प्रमुख घरेलू उपकरण ब्रांडों में से एक केनस्टार ने बॉलीवुड जोड़ी राजकुमार राव और पत्रलेखा के साथ अपना नया वॉटर हीटर कैंपेन 'हीट्स फास्ट, मेक इट लास्ट' (Heats Fast, Make It Last) लॉन्च किया है। अपनेपन, हल्के-फुल्के मजाक और रोजमर्रा के जाने-पहचाने पलों से सजा यह कैंपेन तेज हीटिंग, लंबे समय तक टिके रहने वाले प्रदर्शन और ग्राहकों को परेशानी मुक्त अनुभव देने की ब्रांड की प्रतिबद्धता को सामने लाता है।

कैंपेन की खासियत राजकुमार राव और पत्रलेखा की असल जिंदगी की केमिस्ट्री है। टीवी विज्ञापन में दोनों के बीच हल्की-फुल्की नोकझोंक के जरिए केनस्टार वॉटर हीटर की खूबियां दिखाई गई हैं। उनकी सहज बातचीत से पता चलता है कि बेहतर हीटिंग टेक्नोलॉजी, सुरक्षा सुविधाओं और टिकाऊ प्रदर्शन के साथ केनस्टार रोजमर्रा के कामों को कैसे ज्यादा आरामदायक बनाता है।

कैंपेन का मुख्य संदेश 'हीट्स फास्ट, मेक इट लास्ट' पानी को जल्दी गर्म करने के वादे से आगे जाता है।

इसमें टिकाऊ और भरोसेमंद प्रोडक्ट्स पर ब्रांड का जोर दिखता है, जिनके साथ पूरा सर्विस सपोर्ट मिलता है। जिस तरह अपनापन और देखभाल रिश्तों को मजबूत करते हैं, उसी तरह केनस्टार भारतीय परिवारों को लंबे समय तक आराम और निश्चिंतता का अनुभव देना चाहता है। इस कैंपेन पर केनस्टार के सीईओ सुनील जैन ने कहा, आज के ग्राहक घरेलू उपकरणों में अच्छे कामकाज से कहीं ज्यादा चाहते हैं।

सड़क निर्माण की तकनीक को बढ़ावा देने के लिए लैंक्सेस-हिंदुस्तान का समझौता

एजेंसी ● मुंबई
editor@peoplessamachar.co.in



स्पेशियलिटी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस और हिंदुस्तान कोलास प्राइवेट लिमिटेड (हिनकॉल) ने भारत में सड़क निर्माण की आधुनिक तकनीकों में सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। लैंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और हिंदुस्तान कोलास प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुए इस समझौते के तहत बिटुमेन और एस्फाल्ट मॉडिफिकेशन तकनीकों से जुड़े तकनीकी, कमर्शियल और कारोबारी अवसरों का आकलन किया जाएगा।

दोनों कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इस समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत लैंक्सेस और हिनकॉल मिलकर ऐसी नई तकनीकों का मूल्यांकन करेंगी, जो सड़कों की परफॉर्मेंस बेहतर करने, उत्पादन प्रक्रिया को अधिक कुशल बनाने, पर्यावरण पर असर कम करने और भारत में टिकाऊ सड़क बुनियादी ढांचे के विकास में मदद कर सकें।

लैंक्सेस की बिजनेस यूनिट लुब्रिकेंट एडिटिव्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और ग्लोबल हेड नीलांजन बनर्जी ने कहा, भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र को लगातार ऐसे नए समाधानों की जरूरत है, जो सड़कों की परफॉर्मेंस बेहतर बनाएं और टिकाऊपन के लक्ष्यों में भी मदद करें। हिनकॉल के साथ इस साझेदारी के जरिए हम अपनी Addipave® तकनीकों के फायदे सामने लाने और ऐसे समाधान विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे, जो सड़क निर्माण उद्योग में कामकाज की दक्षता, गुणवत्ता और पर्यावरण से जुड़े नतीजों को और भी बेहतर बना सकें।

बंधन बैंक का कुल बिजनेस दूसरी तिमाही में 11% तक बढ़ा

इंदौर। बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही के नतीजों का ऐलान किया है। बैंक का कुल कारोबार सालाना आधार पर 11% से अधिक बढ़कर 3.3 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। कुल डिपॉजिट में रिटेल की हिस्सेदारी अब लगभग 73% है। वित्त वर्ष 2026-27 में दिखी यह कारोबारी बढ़त बैंक के बढ़े हुए डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, कामकाज में बेहतर दक्षता और उत्कृष्टता के लिए लगातार कोशिशों की वजह से आई है। दूसरी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 622 करोड़ रुपए रहा।

बैंक अब भारत के 36 में से 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 6,400 से अधिक बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से लगभग 3.2 करोड़ ग्राहकों को अपनी सेवाएं दे रहा है।

आपके सुझावों से मजबूत होगी सहकारी डेयरी व्यवस्था : जयदेव

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in





मध्यप्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ (एमपीसीडीएफ) द्वारा शुक्रवार को होटल पलाश में दुग्ध उत्पादकों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दुग्ध उत्पादकों से सीधे संवाद कर उनकी अपेक्षाओं, समस्याओं और सुझावों को समझना तथा प्रदेश की सहकारी डेयरी व्यवस्था को अधिक मजबूत, पारदर्शी और किसान-केंद्रित बनाने की दिशा में विचार-विमर्श करना था।

कार्यक्रम में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर और बुंदेलखंड दुग्ध संघों के उत्पादकों को अपने विचार रखने का अवसर दिया गया। चर्चा का मुख्य केंद्र दुग्ध सहकारी समितियों का संचालन, मौजूदा प्रबंधन व्यवस्था, पशुपालकों को उपलब्ध सेवाएं, दुग्ध संघों से उनकी अपेक्षाएं तथा सहकारी व्यवस्था में किसानों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। एमपीसीडीएफ के प्रबंध संचालक जयदेव बिस्वास ने स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। एमपीसीडीएफ के समूह प्रमुख (फील्ड ऑपरेशंस) मिलन मिश्रा ने एनडीडीबी द्वारा एमपीसीडीएफ एवं दुग्ध संघों का प्रबंधन संभालने के बाद हुई प्रगति और भविष्य की कार्य योजना पर प्रस्तुतीकरण दिया।

प्रबंध संचालक जयदेव बिस्वास ने कहा, दुग्ध उत्पादक हमारी सहकारी डेयरी व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सहकारी संस्थाओं की वास्तविक मजबूती किसानों की सक्रिय भागीदारी और उनके विश्वास से आती है। हमारा प्रयास है कि दुग्ध उत्पादकों की समस्याओं और सुझावों को सीधे समझकर व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार किया जाए। एनडीडीबी के मार्गदर्शन में हम ऐसी व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें किसानों को बेहतर सेवाएं, पारदर्शी कार्यप्रणाली और आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिलें।

संवाद सत्रों में दुग्ध सहकारी समितियों के संचालन से जुड़े व्यावहारिक मुद्दों, समितियों की कार्यप्रणाली में सुधार, पशुपालकों के लिए आवश्यक सेवाओं तथा दुग्ध संघों और एमपीसीडीएफ से उनकी अपेक्षाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

न्यूज ब्रीफ

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह आज होंगे रिटायर

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह 31 अक्टूबर को करीब 25 महीने का कार्यकाल पूरा करने के बाद रिटायर हो जाएंगे। इससे पहले उन्हें तीन आधिकारिक विदाई समारोह दिए जा चुके हैं। इनमें 26 अक्टूबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से आयोजित विदाई कार्यक्रम, 27 अक्टूबर को वरिष्ठ वायुसेना कमांडरों का डिनर और 28 अक्टूबर को एयर हेडक्वार्टर का समारोह शामिल है।


एपी सिंह

सौरभ दास की पहचान और नागरिकता की जांच की मांग

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट में कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के प्रवक्ता सौरभ दास की पहचान और नागरिकता की जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में दावा किया गया है कि उनका असली नाम योगेश शर्मा है। याचिकाकर्ता गणेश कुमार ने उनके माता-पिता और पृष्ठभूमि की जांच कराने की मांग की है। याचिका में उनके X और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक करने की भी मांग की गई है।

सौरभ दास

अनंत सिंह को 1 दिसंबर तक सरेंडर करने का आदेश

नई दिल्ली। बिहार के मोकामा विधायक अनंत सिंह को दुलारचंद यादव हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने पटना हाईकोर्ट से मिली उनकी जमानत रद्द कर दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश की पीठ ने अनंत सिंह को 1 दिसंबर तक सरेंडर करने का आदेश दिया है। बेटी की शादी का हवाला देकर सरेंडर में मोहलत मांगने की अनंत सिंह की अपील भी खारिज कर दी गई।


अनंत सिंह

अजय देवगन FDA के नोटिस पर पहुंचे हाईकोर्ट

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने पान मसाला ब्रांड 'विमल इलायची' के विज्ञापन से जुड़े महाराष्ट्र FDA के नोटिस को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने 29 अक्टूबर को याचिका दाखिल कर नोटिस को अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया और संबंधित नियमों की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाए। अजय का तर्क है कि वह केवल ब्रांड के एंडोर्सर हैं, इसलिए कार्रवाई निर्माता कंपनी के खिलाफ होनी चाहिए।


अजय देवगन

भाजपा नेता आरके सिन्हा का 75 वर्ष की उम्र में निधन

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. रविंद्र किशोर सिन्हा (आरके सिन्हा) का शुक्रवार को नोएडा स्थित आवास पर निधन हो गया। वह करीब 75 वर्ष के थे। ब्रेन स्ट्रोक के बाद वह लंबे समय तक कोमा में रहे। वह 2014 से 2020 तक राज्यसभा सांसद रहे। बता दें, राजनीति के अलावा उन्होंने SIS ग्रुप की स्थापना की और इसके चेयरमैन भी रहे।


आरके सिन्हा

सुकेश केस में नोरा फतेही को समन, 2 को देंगी गवाही

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही को सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये की कथित रंगदारी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने समन जारी किया है। अदालत ने उन्हें 2 नवंबर 2026 को गवाह के तौर पर पेश होने का आदेश दिया है। नोरा का नाम इस मामले में दाखिल तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में गवाह के रूप में शामिल है। इसी सिलसिले में अदालत ने उन्हें तलब किया है।


नोरा फतेही

बाइनेंस पर अब तक का सबसे बड़ा साइबर हमला


20 मिनट में 60 हजार करोड़ की क्रिप्टो चोरी, उत्तर कोरिया पर शक

एजेंसी ● लंदन/सिंगापुर
editor@peoplessamachar.co.in

दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस पर हुए कथित साइबर हमले ने पूरी क्रिप्टो इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। दावा है कि हमलावरों ने महज 20 मिनट में कंपनी के ट्रांजैक्शन वॉलेट्स से 6.3 अरब डॉलर यानी करीब 60 हजार करोड़ रुपए के डिजिटल एसेट्स चुरा लिए। ब्लॉकचेन रिसर्च फर्म TRM लैब्स ने इस हमले के पीछे उत्तर कोरिया से जुड़े हैकरों का संदेह जताया है। हालांकि, हमलावरों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हमले के बाद बाइनेंस ने निकासी पर अस्थायी रोक लगा दी है। कंपनी ने कहा है कि सुरक्षा जांच पूरी होने तक यूजर्स क्रिप्टो या पैसा बाहर नहीं निकाल सकेंगे। उसका लक्ष्य अगले 45 घंटों में निकासी सेवा बहाल करने का है। बाइनेंस ने यह भी भरोसा दिया है कि जांच में ग्राहकों को नुकसान होने की पुष्टि हुई तो उसकी भरपाई की जाएगी। कंपनी ने जांच में अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और साइबर विशेषज्ञों को शामिल किया है।

क्रिप्टो बाजार में गिरावट: हमले की खबर सामने आने के बाद बिटकॉइन की कीमत में करीब 5% की गिरावट दर्ज की गई। एथेरियम और सोलाना जैसी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी भी दबाव में आ गईं। इस बीच बाइनेंस के पूर्व CEO चांगपेंग झाओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर घटना को हैकिंग जैसा बताया।

क्या है एसेट फ्रीजिंग



■ क्रिप्टो में एसेट फ्रीजिंग का मतलब किसी डिजिटल वॉलेट में मौजूद रकम के इस्तेमाल या ट्रांसफर पर रोक लगाना है।

■ टेदर और सर्कल जैसी कुछ स्टेबलकॉइन कंपनियां अपने नियंत्रण वाले टोकन को ब्लॉकचेन स्तर पर फ्रीज कर सकती हैं।

■ इससे संबंधित एसेट्स को आगे भेजना मुश्किल हो जाता है।

■ बाइनेंस ने यूजर्स को सलाह दी है कि वे जांच पूरी होने तक केवल कंपनी के आधिकारिक चैनलों से जारी अपडेट पर भरोसा करें।

अब तक की सबसे बड़ी क्रिप्टो चोरी का दावा

■ इससे पहले 2025 में दुबई स्थित एक्सचेंज बायबिट से 1.5 अरब डॉलर की क्रिप्टो चोरी हुई थी।

■ 2022 में रोनिन नेटवर्क से 62.5 करोड़ डॉलर के एसेट्स चुराए गए थे। बाइनेंस से कथित चोरी की रकम बायबिट की घटना से करीब चार गुना ज्यादा है।

30 करोड़ से ज्यादा यूजर्स पर असर की आशंका

बाइनेंस के 100 से अधिक देशों में 30 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स बताए जाते हैं। इनमें करीब 2 से 2.5 करोड़ भारतीय होने का अनुमान है। हालांकि, कंपनी ने अब तक यह नहीं बताया है कि कितने व्यक्तिगत खातों पर इस घटना का असर पड़ा है। शुरुआती जांच में कर्मचारी के लैपटॉप में सेंध की आशंका जताई गई थी, लेकिन बाद में हमले के अन्य संभावित रास्ते भी सामने आए।

3 अरब डॉलर के एसेट्स फ्रीज

बाइनेंस ने करीब 3 अरब डॉलर के डिजिटल एसेट्स फ्रीज करने की जानकारी दी है। अन्य एसेट्स को रोकने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, फ्रीज किए गए फंड की रिकवरी और उन्हें दोबारा जारी करने की प्रक्रिया में कानूनी आदेशों के कारण लंबा समय लग सकता है।

इंजीनियर के लैपटॉस से हमले की हुई थी शुरुआत

शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि हमले की शुरुआत कंपनी के एक डेवऑप्स इंजीनियर के लैपटॉप से हुई। इसके बाद हैकर्स ने अन्य सुरक्षा प्रणालियों तक पहुंच बनाई। पूरे मामले की जांच की जा रही है। आगे की कार्रवाई उसे के अनुसार की जाएगी।

– रिचर्ड तेंग, सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बाइनेंस

घाटी में पतझड़; सुनहरे चिनार के पत्ते पर्यटकों को लुभा रहे



जम्मू। कश्मीर में पतझड़ का मौसम पर्यटन को नया रंग दे रहा है। निशात गार्डन, नसीम बाग और चिनार बाग में पेड़ों की हरी पत्तियां अब सुनहरी, तांबे और लाल रंग में बदल रही हैं। खूबसूरत नजारे देखने और तस्वीरें लेने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। ठंडी हवा और रंग-बिरंगे पेड़ों ने घाटी की खूबसूरती को खास बना दिया है।

पीपुल्स समाचार

पूजा के लिए फूल तोड़ रहा था मासूम, 23वीं मंजिल से गिरकर मौत, बचाने की कोशिश में पिता की भी गई जान

एजेंसी ● ग्रेटर नोएडा
editor@peoplessamachar.co.in

ग्रेटर नोएडा की एक हाईराइज सोसाइटी में शुक्रवार तड़के दर्दनाक हादसे में पिता और उनके 11 वर्षीय बेटे की मौत हो गई। दोनों महागुन मायवुड्स सोसाइटी की 23वीं मंजिल स्थित फ्लैट की बालकनी से नीचे गिर गए। बताया जा रहा है कि बेटा पूजा के लिए फूल तोड़ रहा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया। उसे बचाने की कोशिश में पिता भी नीचे गिर गए। मृतकों की पहचान 40 वर्षीय रणदीप पात्रा और उनके बेटे आरव के रूप में हुई है। रणदीप दिल्ली के केंद्रीय सचिवालय में सेक्शन ऑफिसर थे। उनका परिवार मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला था। घटना बिसरख थाना क्षेत्र में सुबह करीब 4:20 बजे हुई।



खाटू श्याम मंदिर जाने की तैयारी कर रहा था परिवार

परिजनों के मुताबिक, परिवार शुक्रवार को खाटू श्याम मंदिर जाने की तैयारी कर रहा था। वहां जमीन की रजिस्ट्री भी करानी थी। मंदिर में पूजा के लिए रणदीप और आरव बालकनी में लगे पौधों से फूल तोड़ने गए थे। बालकनी में फूलों तक पहुंचने के लिए छोटी सीढ़ी रखी गई थी। बताया गया कि आरव सीढ़ी पर चढ़कर फूल तोड़ रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया। वह बालकनी के बाहर की ओर चला गया और रेलिंग पकड़ ली। बेटे को बचाने के लिए रणदीप आगे बढ़े, लेकिन इस दौरान उनका भी संतुलन बिगड़ गया। रणदीप की पत्नी अमृता ने पुलिस को बताया कि हादसे के समय वह कमरे में तैयार हो रही थीं। पति की आवाज सुनकर वह बालकनी की ओर दौड़ीं, लेकिन वहां दोनों नहीं दिखे। नीचे देखने पर उन्हें हादसे का पता चला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सारा अली खान के लिए मौलाना शहाबुद्दीन ने जारी किया फतवा

एक्ट्रेस के केदारनाथ दर्शन को लेकर बढ़ा विवाद

एजेंसी ● मुंबई
editor@peoplessamachar.co.in

एक्ट्रेस सारा अली खान के केदारनाथ धाम जाकर पूजा-अर्चना करने पर विवाद खड़ा हो गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने उनके इस कदम पर फतवा जारी किया है। मौलाना का कहना है कि इस्लामी मान्यताओं के अनुसार किसी मुस्लिम का मंदिर में पूजा करना जायज नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया है।

अच्छा और नेक कार्य करने वाले व्यक्ति के खिलाफ इस तरह के फतवे जारी नहीं होने चाहिए। ऐसे कार्यों की प्रशंसा होनी चाहिए, न कि उनका विरोध किया जाना चाहिए।

– स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज

सारा श्रद्धापूर्वक केदारनाथ पहुंचती हैं, पिछली बार भी पहुंचीं, इस बार भी पहुंचीं। उनकी आस्था है, लेकिन साथ-साथ अपने धर्म का भी पालन करती हैं, जो धर्म उनको पिता से मिला है। मगर कुछ कूपमंडूक लोग हैं, वो उनके वहां जाने को लेकर फतवा जारी कर रहे हैं।

– हरीश रावत, पूर्व मुख्यमंत्री

अमेरिका में गांधी के पोते को मिली 30 एकड़ जमीन

अमेरिकी कोर्ट के फैसले के बाद मिला कब्जा

एजेंसी ● वर्जीनिया
editor@peoplessamachar.co.in

अमेरिका के वर्जीनिया में महात्मा गांधी के पोते कानू गांधी और उनकी पत्नी शिवा गांधी की 30 एकड़ जमीन पर कब्जे का विवाद आखिरकार खत्म हो गया है। करीब 20 महीने तक चली कानूनी लड़ाई के बाद वॉरेन काउंटी की अदालत ने जमीन पर कब्जा करने वाले अमेरिकी नागरिक ग्रेगरी ब्लैक को अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने उसे 30 दिनों के भीतर अपना सामान और निर्माण हटाकर जमीन का कब्जा छोड़ने का निर्देश दिया है। यह जमीन वर्जीनिया के वॉरेन काउंटी में शेनानडो नेशनल पार्क के पास स्थित है। कानू गांधी और उनकी पत्नी शिवा गांधी ने इसे 1987 में खरीदा था। बाद में दंपती ने अपनी संपत्तियां एक चैरिटेबल ट्रस्ट के नाम कर दी थीं। इस ट्रस्ट का उद्देश्य गांधीवादी विचारों और दर्शन का प्रचार-प्रसार करना है। ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी परिमल देसाई के मुताबिक, विवाद तब शुरू हुआ, जब ग्रेगरी ब्लैक ने 10 जनवरी 2025 को जमीन पर अपना अधिकार जताते हुए कानूनी नोटिस भेजा। ब्लैक का दावा था कि वह 2008 से इस जमीन पर कब्जा किए हुए है।

15 साल के कब्जे का दावा अदालत में नहीं टिका

अमेरिका के वर्जीनिया के कानून में कुछ शर्तें पूरी होने पर 15 साल के लगातार कब्जे के आधार पर जमीन पर कानूनी अधिकार का दावा किया जा सकता है। हालांकि, अदालत में ब्लैक यह साबित नहीं कर पाया कि उसका कब्जा वास्तविक, लगातार और विशिष्ट था। जमीन पर एक अन्य महिला के रहने और केबिन के 15 साल से मौजूद नहीं होने के सबूतों ने भी उसके दावे को कमजोर किया।

30 दिन में कब्जा छोड़ने का दिया आदेश

जज डेरिल एल. फंक ने ट्रस्ट के पक्ष में फैसला सुनाया। ब्लैक को 30 दिनों में अपने खर्च पर केबिन, शिकार से जुड़े ढांचे और निजी सामान हटाना होगा। उसे भविष्य में जमीन पर प्रवेश करने या मालिकाना हक जताने से भी रोका गया है। अदालत ने उसे 11,375 डॉलर की कानूनी फीस चुकाने का निर्देश भी दिया। कानू गांधी का नवंबर 2016 में सूरत में निधन हुआ था। शिवा गांधी ने 2018 में चैरिटेबल ट्रस्ट बनाया था। 2020 में उनके निधन के बाद उनकी वसीयत के प्रावधान लागू हुए और देसाई ने ट्रस्ट की जिम्मेदारी संभाली।

1 नवंबर से देशभर में शुरू होगा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान

नई दिल्ली। पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए सरकार 1 नवंबर से देश के 2,000 शहरों और जिलों में पांचवां राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान शुरू करेगी। कार्मिक मंत्रालय के अनुसार, यह अभियान 30 नवंबर 2026 तक चलेगा और अब तक का सबसे बड़ा अभियान होगा। इसके तहत पेंशनभोगी 'जीवन प्रमाण' सेवा के जरिए घर बैठे बायोमेट्रिक या चेहरे की पहचान तकनीक से अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकेंगे। यह सुविधा एंड्रॉयड और आईओएस मोबाइल फोन पर उपलब्ध होगी।

इजरायल चुनाव में नेतन्याहू सबसे बड़ी पार्टी के नेता बने

तेल अवीव। इजरायल के आम चुनाव की मतगणना पूरी हो गई है। अंतिम नतीजों में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की पार्टी लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन उनका गठबंधन सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत हासिल नहीं कर सका। 120 सदस्यीय नेसेट (संसद) में नेतन्याहू के गठबंधन को 53 सीटें मिली हैं, जबकि उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वी गादी आइजेनकोट के गठबंधन को 48 सीटें मिलीं। बहुमत के लिए 61 सीटों की जरूरत है। इस बीच अरब पार्टियों को मिली कुल 19 सीटें भी सरकार गठन में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

भारत में 12 साल में 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर: विश्व बैंक

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

विश्व बैंक की अक्टूबर 2026 की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने 2011 से 2023 के बीच गरीबी कम करने में बड़ी प्रगति की है। इस दौरान करीब 49.6 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले और इसकी दर 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई।

विश्व बैंक ने इस उपलब्धि को दुनिया में गरीबी घटने की सबसे तेज रफ्तार वाले उदाहरणों में से एक बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिदिन 4.20 डॉलर (2021 की क्रय शक्ति समानता यानी PPP के आधार पर) से कम पर जीवनयापन करने वाली आबादी का अनुपात भी 2011 के 57.7 प्रतिशत से घटकर 2023 में 16.1 प्रतिशत रह गया। विश्व बैंक ने इस सुधार के पीछे लोगों की खपत में वृद्धि, रोजगार के अवसर बढ़ने और खाद्य सब्सिडी सहित सरकारी सामाजिक सहायता योजनाओं को प्रमुख वजह बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2017 से 2023 के बीच भारत में रोजगार पाने वालों की संख्या करीब 13.4 करोड़ बढ़ी। इस वृद्धि में ग्रामीण महिलाओं की सवैतनिक रोजगार में बढ़ती भागीदारी का अहम योगदान रहा।

क्षेत्रीय असमानता अब भी बड़ी चुनौती

विश्व बैंक के अनुसार देश की करीब 57% गरीब आबादी यूपी, से प. बंगाल तक फैले राज्यों के एक बड़े क्षेत्र में केंद्रित है। ऐसे में इन राज्यों में बेहतर और उत्पादक रोजगार के अवसर पैदा करना जरूरी है। रिपोर्ट के अनुसार वास्तविक कमाई में खास बढ़ोतरी नहीं हुई और रोजगार का बड़ा हिस्सा कम उत्पादकता वाले कामों में रहा। विश्वबैंक के मुताबिक, 4.20 डॉलर प्रतिदिन वाली गरीबी दर 2026 के 14.2% से घटकर 2028 तक 12.1% हो सकती है।

बीमार मां के पास बैठ अर्जुन मुंडा ने बजाई बांसुरी



रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को एक भावुक वीडियो शेयर किया। उन्होंने अपनी बीमार मां के पास बैठकर बांसुरी की मधुर धुन सुनाई। बांसुरी की आवाज सुनते ही मां के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी। अर्जुन मुंडा ने सोशल मीडिया पर लिखा, "मां मेरे जीवन का सबसे अनमोल आशीर्वाद हैं। उनका प्रेम मेरी सबसे बड़ी शक्ति है, उनका आशीर्वाद मेरा संबल और उनका जीवन मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है।"

पीपुल्स समाचार

विपक्ष का 'जन महाभियोग' कार्यक्रम का आयोजन आज

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का प्रस्तावित 'जन महाभियोग' कार्यक्रम बारिश के कारण एक दिन के लिए टाल दिया गया है। शुक्रवार को दिल्ली में INDIA ब्लॉक की प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बताया कि अब यह कार्यक्रम शनिवार को पहले से तय समय पर आयोजित होगा। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष ने आपसी सहमति से कार्यक्रम स्थगित करने का फैसला लिया, क्योंकि बारिश में वरिष्ठ नेताओं और लोगों को बैठने में परेशानी हो सकती थी। इस दौरान राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं और आम लोगों को दिल्ली आने से रोकने की कोशिश करने का आरोप लगाया।


राहुल गांधी

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों से लोग रामलीला मैदान की रैली में शामिल होना चाहते हैं। राहुल गांधी के मुताबिक, 1 नवंबर को रामलीला मैदान में विपक्ष की बड़ी रैली और मार्च होगा। उन्होंने दावा किया कि यह आंदोलन वोट के अधिकार और संविधान की रक्षा के लिए है। विपक्ष चुनाव आयोग पर मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित करने का आरोप लगा रहा है।

जनगणना के लिए अधिसूचना जारी; यूपी-पंजाब समेत चुनावी राज्य रहेंगे गणना से बाहर

25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक होगी देशभर में जनगणना

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

देश में जनगणना 2027 के तहत अधिकांश राज्यों में आबादी की गणना 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक की जाएगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। हालांकि, विधानसभा चुनाव वाले राज्यों और बर्फबारी से प्रभावित कुछ क्षेत्रों को इस कार्यक्रम से बाहर रखा गया है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, जनगणना की संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि होगी। इस अवधि में मणिपुर, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और लद्दाख में आबादी की गणना नहीं होगी। इसके अलावा बर्फबारी और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के बर्फीले क्षेत्रों को भी इस कार्यक्रम से बाहर रखा गया है। मणिपुर के लिए अलग से तारीखों की घोषणा की जाएगी। इसके अलावा, 1 से 5 मार्च 2027 तक पुनरीक्षण चरण आयोजित होगा।



स्वयं जानकारी देने की भी सुविधा : सरकार ने लोगों को स्व-गणना का विकल्प भी दिया है। जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने से पहले लोगों को 15 दिनों का समय स्व-गणना के लिए दिया जाएगा। इसके तहत नागरिक 10 जनवरी से 24 जनवरी 2027 तक अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद घर-घर जाकर आबादी की गणना की जाएगी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसी वजह से इन राज्यों के लिए अलग कार्यक्रम तय किया जाएगा।

देशभर में दो चरणों में होगी गणना

■ जनगणना 2027 आजादी के बाद देश की आठवीं जनगणना होगी। यह दो चरणों में पूरी की जाएगी।

■ पहले चरण में मकानों की सूची तैयार करने और आवास संबंधी जानकारी जुटाने का काम होगा।

■ दूसरे चरण में आबादी की गणना की जाएगी।

■ यह जनगणना मूल रूप से 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

■ केंद्र सरकार ने इस व्यापक अभियान के लिए 11,718 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है।

जनगणना 2011 में 121 करोड़ थी आबादी : जनगणना के जरिए देश की आबादी के साथ-साथ लोगों की सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्थिति से जुड़ी जानकारी जुटाई जाएगी। सरकार के अनुसार, नागरिकों से प्राप्त जानकारी गोपनीय रखी जाएगी और उसका इस्तेमाल केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए होगा। गौरतलब है कि भारत में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। उस समय देश की आबादी 121 करोड़ थी, जिसमें 62.32 करोड़ पुरुष और 58.75 करोड़ महिलाएं शामिल थीं। तब देश में कुल 24.95 करोड़ परिवार थे।

iam BHOPAL
पीपुल्स समाचार @peoplesupdateofficial 9827080406



श्रद्धा कपूर की अपकमिंग मूवी ईठा का ट्रेलर रिलीज

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म 4 दिसंबर को रिलीज होगी। यह फिल्म महाराष्ट्र की लोक कलाकार और लावणी सम्राज्ञी विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांव-कर के जीवन और संघर्ष पर आधारित है।

सिटी वीकली प्लानर

31 अक्टूबर

म्यूजिक जैमिंग



समय: शाम 7 बजे से, **एंट्री**- पेड
स्थान: प्रतिभा वीथी, बरखेड़ी खुर्द

- जैम टुगेदर सूफी जैम का आयोजन होगा। यहां नुसरत फतेह अली खान, राहत फतेह अली खान, आबिदा परवीन, कैलाश खेर और एआर रहमान के सदाबहार गीतों के जरिए सूफियाना संगीत, दमदार आवाजों और यादगार धुनों की महफिल सजेगी।

लाइव कॉन्सर्ट

समय: शाम 5 .30 बजे से, **एंट्री**- पेड
स्थान: आनंदम गार्डन एंड रिसॉर्ट

- ओपन हालोवीन अप लाइव कॉन्सर्ट में समर मेहंदी, नितेश राजेश और थ्रो सम शेप्स की धमाकेदार परफॉर्मेंस के साथ इंडी म्यूजिक, रॉक और आर्ट का यादगार कॉन्सर्ट आयोजित होगा। इसमें टिकट से एंट्री होगी।

नृत्य नाटिका



समय: शाम 7 बजे से, **एंट्री**- फ्री
स्थान: एलबीटी रंगश्री

- लिटिल बैले ट्रूप की 'जीवन धारा' नृत्य नाटिका में नृत्य संरचना और कोरियोग्राफी के जरिए जीवन के विविध आयामों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। निर्देशन पद्मश्री शशधर आचार्य का है, जबकि नृत्य नाट्य आलेख, परिकल्पना और संगीत निर्देशन डॉ. अंजना पुरी ने किया है।

1 नवंबर

पोएट्री शो



समय: शाम 6 बजे से, **एंट्री**- पेड
स्थान: होटल वर्षीश इन

- आर्टिस्ट रुचिका लोहिया एक कैंडल लाइट पोएट्री शो 'चिक्का ऑन रोल' प्रस्तुत करेंगी। रुचिका युवावस्था, प्यार, ब्रेकअप, उम्मीद, रिश्तों, दोस्ती, बदलाव, हीलिंग, मानसिक स्वास्थ्य और कॉलेज के मजेदार किस्से सुनाएंगी।

लोकनृत्य प्रस्तुति



समय: दोपहर 2 बजे से, **एंट्री**- फ्री
स्थान: ट्राइबल म्यूजियम

- 'संभावना' के तहत जनजातीय कलाकार लोकनृत्यों की प्रस्तुति देंगे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकार अपनी आंचलिक कला, पारंपरिक लोकसंस्कृति, रीति-रिवाजों और समृद्ध जनजातीय विरासत को मंच पर जीवंत करेंगे।

मेक योर संडे अ फन डे

समय: सुबह 11 बजे से, **एंट्री**- पेड
स्थान: धागा कैफे, नर्मदापुरम रोड

- 'मेक योर संडे अ फन डे' में मस्ती और क्रिएटिविटी का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इवेंट में स्टैंडअप कॉमेडी, पोएट्री, ओपन जैमिंग, म्यूजिक, इंटरैक्टिव गेम्स और सोशल मीटअप के जरिए प्रतिभागियों को मनोरंजन और नए लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा।

राज्योत्सव में परफॉर्म करेंगी मोनाली ठाकुर, अन्य राज्यों के लोक नृत्य प्रस्तुत होंगे

मप्र स्थापना दिवस 71वें स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम लाल परेड पर 1 से 3 नवंबर तक, मामे खान की होगी प्रस्तुति

रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 9827080406

मप्र के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर लाल परेड ग्राउंड में 1 से 3 नवंबर तक तीन दिवसीय 'राज्योत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। 1 नवंबर को शाम 6.30 बजे से सीएम डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में मुख्य सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ होगा, जिसमें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार एवं फिल्मफेयर अवॉर्ड से सम्मानित बॉलीवुड सिंगर मोनाली ठाकुर एवं साथी, मुंबई की परफॉर्मेंस होगी। स्थापना दिवस समारोह की केंद्रीय थीम 'विरासत से विकास के पथ की ओर अग्रसर प्रदेश' रखी गई है। 2 नवंबर को शाम 6.30 बजे से करमा-सैला और अन्य राज्यों के घूमर, भांगड़ा, पंथी, लेझिम आदि लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां होंगी, जिसके बाद 'अनुगूंज – ब्रीदिंग फिएस्टा' में वाद्यवृंद संगीत गूंजेगा। 3 नवंबर को लोक गायक मामे खान और उनके दल की प्रस्तुति होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी, प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग शिवशेखर शुक्ला व संस्कृति संचालक एनपी नामदेव उपस्थित रहे।





मोनाली ठाकुर

सम्मान समारोह का आयोजन

संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के 102 मेधावी विद्यार्थियों को 'भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति' और प्रशस्ति-पत्र प्रदान करेंगे। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा संचालित इस योजना में प्रत्येक चयनित मेधावी विद्यार्थी को एक लाख रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। किसान स्वाभिमान पर्व क्विज' के 165 विजेताओं को मुख्यमंत्री द्वारा 55 ट्रैक्टर, बुलेट मोटरसाइकिल और ई-स्कूटर का वितरण होगा। वीर भारत न्यास एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन हुआ था।

कृषि पर केंद्रित टेक्नोलॉजी का होगा प्रदर्शन व संगोष्ठियां

राज्य मंत्री श्री लोधी ने बताया कि इस वर्ष स्थापना दिवस समारोह की केंद्रीय थीम 'विरासत से विकास के पथ की ओर अग्रसर प्रदेश' रखी गई है। संगोष्ठी में जैविक खेती एवं प्रमाणीकरण, ई विकास - उर्वरक वितरण की एक सुगम एवं प्रभावी पहल, उन्नतशील किस्मों का बीज उत्पादन कार्यक्रम, कृषि विकास में एफपीओ की भूमिका, कृषि यंत्रीकरण एवं नरवाई प्रबंधन पर संगोष्ठी होगी। प्रदेश में उद्यानिकी फसलों का भविष्य एवं खाद्य प्रसंस्करण, प्रदेश अंतर्गत पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन, प्रदेश में मत्स्य विकास की संभावनाएं एवं बैंकों द्वारा विभिन्न योजनाओं अंतर्गत वित्तीय सहायता व ऋण उपलब्धता विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही कार्यक्रमों के दौरान बीज की उन्नतशील किस्मों, हाइब्रिड, पौधे, पोषक तत्व, कृषि यंत्र एवं उपकरण तथा सिंचाई यंत्रों का प्रदर्शन, उद्यानिकी तकनीक का प्रदर्शन होगा। पशुपालन एवं डेयरी विकास द्वारा दुग्ध उत्पादों एवं मवेशियों की विभिन्न उन्नत किस्मों का प्रदर्शन, जैविक उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय, मत्स्य विभाग द्वारा मछलियों की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन एवं विक्रय होगा।

पीपुल्स समाचार

दिवाली फैशन पुराने दौर के **जैकेट और शॉर्ट कुर्तों** की नए अंदाज में वापसी

वॉल्यूमिनस बॉटम विद शॉर्ट लूज फिट कुर्ता और केप स्टाइल ड्रेस का ट्रेंड

iam BHOPAL Special

प्रीति जैन • IamBhopal
Mobile no. 9827080406

इस बार फैशन का मंत्र है- कम लेकिन खास। यदि आउटफिट पर सीक्वेंस या हैवी एम्ब्रॉयडरी है तो ज्वेलरी मिनिमल रखें। वहीं, सादे गोटा बॉर्डर या टोनल एम्ब्रॉयडरी वाली पोशाक के साथ स्टेटमेंट चोकर, लेयर्ड नेकपीस या बड़े इयररिंग्स पहने जा सकते हैं। फुटवियर में एम्बेलिश्ड जूतियां, ब्लॉक हील्स और मेटैलिक सैंडल अच्छे विकल्प हैं। इस दिवाली फैशन में परंपरा और आधुनिकता का खूबसूरत मेल देखने को मिलेगा। अब खूबसूरत दिखने के लिए भारी-भरकम कपड़े पहनना जरूरी नहीं है। सही फैब्रिक, आकर्षक सिल्हूट और थोड़ी-सी क्रिएटिव स्टाइलिंग से हल्के आउटफिट में भी रॉयल और फेस्टिव लुक पाया जा सकता है। एम्ब्रॉयडर्ड क्रॉप टॉप के साथ वाइड लेग पैंट या फ्लोइंग स्कर्ट का कॉम्बिनेशन भी दिवाली पार्टी के लिए शानदार रहेगा। इस बार फेस्टिव फैशन में स्वीटहार्ट नेकलाइन, सैटिन ड्रेप लहंगा, धोती सलवार सूट, केप स्टाइल ड्रेस खास होंगी।



स्वीटहार्ट नेकलाइन में लहंगा ड्रेप ड्रेस

इंडो-वेस्टर्न स्कर्ट को सैटिन ड्रेप लहंगा सेट में स्टाइल में तैयार किया गया है। क्रॉप टॉप मल्टीकलर फ्लोरल और जियोमेट्रिकल एम्ब्रॉयडरी पर सीक्वेंस वर्क किया गया है। इसके साथ स्वीटहार्ट नेकलाइन दी गई है जो कि इस समय ट्रेंड में है। स्टील ब्लू सैटिन लहंगा को स्ट्रक्चर्ड लुक दिया गया है। श्रग केप स्टाइल का है, जिस पर मैचिंग वर्क और शीर लुक दिया गया है।



वॉल्यूमिनस बॉटम के साथ धोती सूट

वाइब्रेंट फुशिया पिंक धोती सलवार सूट को फ्लोइंग शिफॉन में तैयार किया गया है। इंडियन ड्रेपिंग को मॉडर्न फेस्टिवल लुक दिया गया है। वॉल्यूमिनस बॉटम में गोल्डन लेस वर्क किया गया है, वहीं कुर्ते की बात करें तो इसे लूज फिट का रखते हुए शॉर्ट स्टाइल में तैयार किया गया है। स्प्लिट केप नेकलाइन और मैचिंग स्लीव बॉर्डर से ओवरऑल मैचिंग लुक क्रिएट किया गया है।



पोशाक का लाइट वेट में नया अंदाज

अक्सर मेरी पोशाक का परंपरागत स्टाइल काफी हैवी लुक लिए होता है। उसमें जरी-गोटे का काम ज्यादा होता है, यह उसका लाइट वर्जन है जो कि दिवाली पर परफेक्ट इंडियन लुक भी देता है और सिर्फ बॉर्डर में ब्रॉड गोटा वर्क होने से यह मॉडर्न इंडियन लुक देता है। गले में चोकर और कानों में डैंगलर्स या हुप्स पहनकर भी यह ड्रेस कंप्लीट लगता है।
-सुरभि विशेष राठौर, आंत्रप्रेन्योर एंड फैशन फॉलोअर

एम्ब्रॉयडर्ड टॉप के साथ वाइट लेग पैंट

शॉर्ट कुर्तों ने शरारा व स्कर्ट के साथ वापसी की है। वहीं जैकेट के शॉर्ट और फुल लेंथ दोनों स्टाइल इस बार लौटे हैं। फेस्टिव फैशन में धोती स्टाइल एक बार फिर अपनी जगह बना रहा है। वॉल्यूमिनस बॉटम के साथ लूज फिट शॉर्ट कुर्ते, स्प्लिट केप नेकलाइन पारंपरिक सूट से हटकर कुछ नया फील कराते हैं। एम्ब्रॉयडर्ड क्रॉप टॉप के साथ वाइड लेग पैंट काफी पसंद किए जा रहे हैं। -स्वीटी बच्चानी, फैशन डिजाइनर

पीपुल्स समाचार

एक्टर गोविंदा आईपीएस स्कूल के एनुअल फंक्शन में करेंगे शिरकत

भोपाल। बॉलीवुड एक्टर गोविंदा 31 अक्टूबर को शहर में होंगे। वे होशंगाबाद रोड स्थित इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल से वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस मौके पर स्टूडेंट्स द्वारा रंगारंग कल्चरल परफॉर्मेंस दी जाएगी। स्कूल में दिवाली सेलिब्रेशन का आयोजन भी होगा। अलग-अलग कक्षाओं के स्टूडेंट्स इस आयोजन में गोविंदा के सामने प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर गोविंदा स्टूडेंट्स को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल कैंपस में शाम 5.30 बजे किया गया है।



'शब्द उत्सव का आयोजन मायाराम सुरजन में आज से

भोपाल। मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को दो दिवसीय 'शब्द उत्सव 2026' का आयोजन मायाराम सुरजन स्मृति भवन, शास्त्री नगर किया जाएगा। पहले दिन कविता पोस्टर प्रदर्शनी, नृत्य प्रस्तुति, अनुवाद विमर्श और पुस्तक विमोचन के साथ 'हिन्दी कहानी के सौ साल' विषय पर व्याख्यान होगा। 1 नवंबर को 'मूक सिनेमा से बोलते सिनेमा की यात्रा', 'आदिवासी समाजः भाषा और साहित्य' पर चर्चाएं होगीं।

मानस भवन में भोपाल फोटो फेयर का आयोजन आज से

भोपाल। फोटोग्राफी, फिल्ममेकिंग और कंटेंट क्रिएशन के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को भोपाल फोटो फेयर का आयोजन मानस भवन में किया जा रहा है। शोभा फोटो स्टूडियो के आयोजन में 25 से अधिक कंपनियां और प्रमुख ब्रांड्स हिस्सा लेंगे। फेयर में कैमरा, लेंस, लाइटिंग, माइक्रोफोन, ड्रोन, स्टेबलाइजर और फिल्ममेकिंग से जुड़े आधुनिक उपकरणों की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। आयोजक धीरज पाहुजा ने कहा, हम सभी फोटोग्राफर्स, फिल्ममेकर्स और कंटेंट क्रिएटर्स को उनकी जरूरत के अनुसार बेहतरीन इंस्ट्रूमेंट्स यहां मिलेंगे। कार्यक्रम का समय सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा।

'वॉल ऑफ थाउजेंड्स ड्रीम्स' से स्टूडेंट्स का वेलकम

पीपुल्स यूनिवर्सिटी 'दीक्षारंभ 2026' में नवप्रवेशित स्टूडेंट्स का कार्यक्रम

रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 9827080406

पीपुल्स यूनिवर्सिटी में नवप्रवेशित स्टूडेंट्स के स्वागत एवं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, सांस्कृतिक और नवाचारपूर्ण वातावरण से परिचित कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को 'दीक्षारंभ 2026' का आयोजन किया गया। इस दौरान 'वेलकम पीपुलाइट्स' संदेश के साथ आकर्षक ड्रोन शो प्रस्तुत किया गया। इसमें स्टूडेंट्स द्वारा आधुनिक तकनीक के माध्यम से तैयार किए जा रहे नवाचारपूर्ण उपकरणों एवं उपलब्धियों की जानकारी भी दी गई। इसके बाद 'द वॉल ऑफ थाउजेंड्स ड्रीम्स' गतिविधि के अंतर्गत कार्ड वितरित किए गए, जिन पर उन्होंने अपना पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद हासिल किए जाने वाले सपनों और लक्ष्यों को लिखा। इन कार्ड्स को संबंधित कॉलेज के बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया, ताकि स्टूडेंट्स अपने लक्ष्य को निरंतर याद रख सकें और उसे प्राप्त करने के लिए प्रेरित हों। कार्यक्रम में 'ब्रेकिंग पैराडाइम ऑफ थिंकिंग' विषय पर क्यूआर कोड के माध्यम से लाइव ऑनलाइन पोल आयोजित किया गया। इसके जरिए विद्यार्थियों की सोच, विचारों और दृष्टिकोण को जानने का प्रयास किया गया। स्टूडेंट्स एंड टीचर्स ने रोबोट से अलग-अलग विषयों पर प्रश्न पूछे जिसका रोबोट ने संतोष पूर्वक जवाब दिया। पीपुल्स समाचार



'वाइल यूजिंग ऐप ऑप्शन से ही दें लोकेशन की अनुमति'

रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 9827080406

प्रत्येक व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत जानकारी में संभावित कमजोरियों की पहचान करना चाहिए। साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में बिना किसी संकोच के तत्काल पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराना चाहिए। यह कहना था, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेंद्र चौहान का। वे रीजनल साइंस सेंटर में एसबीआई के सहयोग से राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता माह के अंतर्गत साइबर स्मार्ट भारतः आज सुरक्षित, कल सशक्त विषय पर पैनल चर्चा में संबोधित कर रहे थे। एसबीआई बैंकिंग लोकपाल कार्यालय सहायक महाप्रबंधक बेबी मंडल ने बताया कि साइबर हेल्पलाइन से संपर्क करने से आर्थिक नुकसान को रोकने की संभावना बढ़ जाती है। मैनिट की डॉ. श्वेता भंडारी ने सलाह दी कि किसी भी ऐप को केवल आवश्यक परमिशन ही प्रदान की जानी चाहिए। उदाहरण के तौर पर, लोकेशन की अनुमति हमेशा वाइल यूजिंग ऐप विकल्प के माध्यम से ही दी जानी चाहिए, ताकि ऐप द्वारा अनावश्यक रूप से व्यक्तिगत जानकारी एवं लोकेशन तक पहुंच को सीमित किया जा सके। एनएलआईयू के डॉ. ओम मिश्रा ने कहा कि बुजुर्गों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक खाता अथवा बैंकिंग विवरण किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा या उपलब्ध नहीं कराना चाहिए। पीपुल्स समाचार

मूवी 'झाड़ फूंक' में रिद्धि ने डिजाइन किए कॉस्ट्यूम

अचीवमेंट जियो हॉट स्टार पर रिलीज मूवी में भोपाल का टैलेंट

रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 9827080406

सुपरनेचुरल साइकोलॉजिकल हॉरर-थ्रिलर फिल्म 'झाड़ फूंक' ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। फिल्म में अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान आस्था के अहम किरदार में नजर आ रही हैं। उनके साथ पद्मिनी कोलपुरी और यशपाल शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म की खास बात यह है कि इसकी कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग की जिम्मेदारी भोपाल की रिद्धि उपाध्याय ने निभाई है। फिल्म में कलाकारों के किरदारों और कहानी के माहौल के अनुरूप कॉस्ट्यूम तैयार करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। फिल्म में सुम्बुल तौकीर खान के अलावा हर्ष राजपूत, यशपाल शर्मा, दिग्गज अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे और अप्रतिम सिंह भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म का निर्देशन राजन रामगोपाल वर्मा ने किया है, जबकि इसके निर्माता शैलेश परिहार हैं। वृंदा सह-निर्माता के रूप में जुड़ी हैं। भोपाल की रिद्धि उपाध्याय का इस फिल्म से जुड़ना शहर के लिए भी गौरव की बात है।

उनकी कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग के जरिए फिल्म के दृश्यों और किरदारों को पर्दे पर एक अलग पहचान देने का प्रयास किया गया है। रिद्धि ने बताया कि वे गुजराती फिल्मों के लिए भी ड्रेस डिजाइन कर चुकीं हैं। गुजराती का पॉपुलर सिंगर गीताबेन के कॉस्ट्यूम भी उन्होंने डिजाइन किए थे। पीपुल्स समाचार



'संगीत समरसता' में नृत्य व वादन परफॉर्मेंस

गुरु-शिष्य चक्रधर कल्चरल सेंटर में रीवा व भोपाल के छात्रों की प्रस्तुति

रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 9827080406

चक्रधर कल्चरल सेंटर द्वारा आयोजित 'संगीत समरसता' समारोह में लावण्या पाटणकर ने गुरु श्यामल कड़बे के मार्गदर्शन में भरतनाट्यम शैली में हनुमान चालीसा की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। आर्या सिंह एवं प्राची पंडित ने खरवा ताल पर आधारित लक्ष्मी स्तुति प्रस्तुत की, जिसका संगीत संयोजन शिव राव तथा निर्देशन प्रीति तिवारी ने किया। अनिका रघुवंशी, इशाना एवं अनुष्का अंगिहोत्री ने कृष्ण वंदना, सिया शर्मा ने गणेश वंदना तथा गुरु दीपा राज की शिष्या मान्शवी ने भरतनाट्यम की शास्त्रीय प्रस्तुति से मंच को सुसज्जित किया। समारोह में रीवा के कलाकार सहस्त्र शुक्ला ने गुरु सौरभ पाण्डेय के मार्गदर्शन में शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया। सौर्या सोनी ने तबले पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। वहीं गुरु संदीप राठौर एवं गुरु संजय राठौर के शिष्यों ने भी तबला वादन पेश किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। पीपुल्स समाचार





ओटीटी के आने के बाद कहानी कहने पर काफी जोर दिया जाने लगा है। अब ऐसी वास्तविक कहानियां सुनाई जा रही हैं, जिनसे लोग खुद को जोड़ सकें। मुझे लगता है कि ओटीटी ने अलग-अलग उम्र की महिलाओं के लिए अच्छे किरदारों के रास्ते खोले हैं।
– दिव्या दत्ता, एक्ट्रेस

पीपुल्स network
भोपाल, शनिवार 31 अक्टूबर 2026 14

जन्मदिन की बधाई



आशीष उषा अग्रवाल (संयोजक, भाजपा राष्ट्रीय मीडिया विभाग)


पीपुल्स समाचार



दल- भाजपा
जन्म तिथि -31 अक्टूबर 1982
जन्म स्थान-ग्वालियर
शिक्षा- एमए सोशल वर्क, एमबीए (चेन्नई)
अभिरुचि- समाजसेवा
राजनीतिक कॅरियर- आईसीआईसीआई बैंक में ब्रांच मैनेजर रहे अग्रवाल 2010 में आरएसएस और भाजपा के संपर्क में आए। बैंक से इस्तीफा देकर पूर्णकालिक सोशल वर्क से जुड़ गए। संघ और भाजपा में सक्रियता के साथ ही 2017 से 2023 तक प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता रहे। अप्रैल 2023 से अगस्त 2026 तक प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी रहे। 23 सितंबर 2026 को भाजपा ने उन्हें भाजपा मीडिया विभाग का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया है। मध्य प्रदेश के वह पहले नेता हैं, जिन्हें भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने मीडिया विभाग की कमान सौंपी है।
पीपुल्स समाचार परिवार की ओर से जन्मदिन की शुभकामनाएं।

टीएस सिंहदेव (पूर्व उप मुख्यमंत्री)

पीपुल्स समाचार



दल - कांग्रेस
निर्वाचन क्षेत्र - अंबिकापुर
जन्म तिथि - 31 अक्टूबर 1952
जन्म स्थान - प्रयागराज, उत्तरप्रदेश
शिक्षा- स्नातकोत्तर
राजनीतिक कॅरियर- टीएस सिंहदेव करीब 40 साल से राजनीति में सक्रिय हैं। छत्तीसगढ़ की पूर्व सरकार में उप मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। टीएस सिंहदेव अंबिकापुर सीट से पहली बार 2008 में विधायक चुने गए। इसके बाद 2013 में दूसरी बार चुनाव जीते। इस दौरान वे नेता प्रतिपक्ष रहे। 2018 में तीसरी बार विधायक चुने गए। पूर्व सरकार में उप मुख्यमंत्री के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री रहे हैं। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, चिकित्सा शिक्षा, योजना एवं आर्थिकी एवं सांख्यिकी 20 सूत्रीय एवं वाणिज्य कर मंत्री भी रहे। टीएस सिंहदेव का राजनीतिक जीवन 1983 से शुरू हुआ। वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सदस्य रहे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने। नगर पालिका परिषद अंबिकापुर संयोजक, यूथ कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ व सेवादल अध्यक्ष रहे। 2003 में छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष बने। 2009- 10 में विशेषाधिकार समिति छत्तीसगढ़ के सदस्य रहे। 2010- 2011 में विशेषाधिकार समिति और नियम समिति छत्तीसगढ़ के सदस्य रहे। 2014- 2015 में सभापति, लोक लेखा समिति सदस्य, कार्य मंत्रणा समिति, आचरण समिति, सामान्य प्रयोजन समिति छत्तीसगढ़ में रहे। 2018 में सभापति, लोक लेखा समिति सदस्य, कार्य मंत्रणा समिति, आचरण समिति, सामान्य प्रयोजन समिति छत्तीसगढ़ में रहे।
पीपुल्स समाचार परिवार की ओर से जन्मदिन की शुभकामनाएं।

संजय सत्येंद्र पाठक (विधायक)

पीपुल्स समाचार



दल- भाजपा
निर्वाचन क्षेत्र- विजयराघवगढ़
जन्मतिथि- 31 अक्टूबर 1970
जन्म स्थान- जबलपुर
शिक्षा- स्नातकोत्तर
राजनीतिक कॅरियर- छात्र राजनीति से 1989 में सक्रियता बढ़ी। 1991 में जिला युवक कांग्रेस के महामंत्री फिर जिला इकाई में महामंत्री बने। 2000-2005 में कटनी जिला पंचायत के अध्यक्ष भी रहे, तीन साल बाद मप्र कांग्रेस के महासचिव नियुक्त। 2008 में पहली बार कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने। 2013 में भी चुनाव जीते लेकिन 31 मार्च 2014 को कांग्रेस की विधायकी छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते। इसके बाद शिवराज मंत्रिमंडल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के अलावा उच्च शिक्षा व सामाजिक न्याय के राज्यमंत्री भी रहे। 2023 में पांचवीं बार विधायक चुने गए हैं।
पीपुल्स समाचार परिवार की ओर से जन्मदिन की शुभकामनाएं।

आज का इतिहास



इंदिरा गांधी की उनके ही अंगरक्षकों ने की थी हत्या

देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर, 1984 की सुबह उनके सिख अंगरक्षकों ने हत्या कर दी थी। इंदिरा गांधी ने 1966 से 1977 के बीच लगातार तीन बार देश की बागडोर संभाली और उसके बाद 1980 में दोबारा इस पद पर पहुंचीं और 31 अक्टूबर 1984 को पद पर रहते हुए ही उनकी हत्या कर दी गई।

31 अक्टूबर की अन्य प्रमुख घटनाएं

1864 - नेवादा अमेरिका का 36वां प्रांत बना।
1875 – स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म।
1905 – अमेरिका के सेंट पीटर्सबर्ग में क्रांतिकारी प्रदर्शन।
1908 – चौथे ओलंपिक खेलों का लंदन में समापन।
1920- ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस का शुरुआती सत्र बम्बई में आयोजित।
1953 - बेल्जियम में टेलीविजन का प्रसारण शुरू हुआ।
1966 - भारतीय तैराक मिहिर सेन ने पनामा नहर को तैरकर पार किया।
1968- अमेरिका के राष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उत्तरी वियतनाम में अमेरिकी बमबारी रोकने का आदेश दिया।
1982 - पोप जॉन पॉल द्वितीय स्पेन जाने वाले पहले बिशप बने।
1992 - लाइबेरिया में पांच अमेरिकी नन की हत्या।
2003- मलेशिया में महातिर युग का अंत। प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने 22 वर्ष तक सत्ता में रहने के बाद पद छोड़ा।

ऑक्सफैम की रिपोर्ट में दावा, 2050 तक एक अरब लोग छोड़ सकते हैं घर

दुनिया के 80 लाख अमीरों के प्रदूषण से बढ़ रहा जलवायु संकट

एजेंसी ● वॉशिंगटन
editor@peoplessamachar.co.in

जलवायु परिवर्तन का खतरा दुनिया पर मंडरा रहा है, लेकिन इसकी कीमत सबसे ज्यादा गरीब आबादी चुका रही है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के सबसे अमीर 0.1% लोगों का कार्बन उत्सर्जन दुनिया की सबसे गरीब 44% आबादी के कुल उत्सर्जन से भी ज्यादा है। अमीरों की जीवनशैली और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों में निवेश जलवायु संकट को और गंभीर बना रहे हैं। इसका असर भीषण गर्मी, बाढ़, सूखे, खाद्य महंगाई और लोगों के विस्थापन के रूप में सामने आ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के सबसे अमीर करीब 80 लाख लोगों का कार्बन प्रदूषण लगभग 350 करोड़ लोगों के संयुक्त उत्सर्जन से भी अधिक है। इसमें निजी विमान, बड़ी गाड़ियों, आलीशान घरों और अत्यधिक ऊर्जा खपत वाली जीवनशैली की अहम भूमिका है।

गर्मी से 19 लाख अतिरिक्त मौतों का अनुमान

■ रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे अमीर 0.1 फीसदी लोगों के उत्सर्जन से जुड़े प्रभावों के कारण भविष्य में गर्मी से संबंधित करीब 19 लाख अतिरिक्त मौतें हो सकती हैं।

■ जलवायु संकट के कारण 2050 तक दुनिया में करीब एक अरब लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

■ बाढ़, समुद्र के बढ़ते जलस्तर, सूखे और अत्यधिक गर्मी से प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ने की आशंका है।



0.1% के बाद दुनियाभर की 19% संपत्ति का हिस्सा

रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के सबसे अमीर 0.1% लोगों के पास वैश्विक संपत्ति का करीब 19% हिस्सा है। यानी जिन लोगों के पास संसाधन और संपत्ति अधिक हैं, उनका कार्बन उत्सर्जन भी असमान रूप से ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार उत्सर्जन कम करने के साथ-साथ बड़ी कंपनियों और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले लोगों की जवाबदेही तय करना जरूरी है, ताकि जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा बोझ उन लोगों पर न पड़े, जिनका इसमें योगदान सबसे कम है।

गरीब परिवारों पर सबसे ज्यादा पड़ रहा असर

जलवायु आपदाओं के बाद गरीब परिवारों के लिए दोबारा जीवन शुरू करना मुश्किल होता है। उनके पास अक्सर पर्याप्त बचत, बीमा और सुरक्षित आवास नहीं होते। सूखे और बेमौसम बारिश से फसलें खराब होती हैं, जिससे खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। इसका सीधा असर उन परिवारों पर पड़ता है, जो अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा भोजन पर खर्च करते हैं।

आपदाओं से भी मुनाफा कमाने का आरोप: ऑक्सफैम की रिपोर्ट में 217 कंपनियों का जिक्र है, जिनका कारोबार प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के साथ आपदा राहत, बचाव और पुनर्निर्माण से भी जुड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, आपदाओं के बाद पुनर्निर्माण का वैश्विक बाजार 2029 तक सालाना 92 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

कार के अलार्म बजने से परेशान पड़ोसी ने गाड़ी में लगा दी आग

एजेंसी ● मोरबी
editor@peoplessamachar.co.in

गुजरात के मोरबी में पड़ोसी की कार का अलार्म बार-बार बजने से नाराज एक शख्स ने गुस्से में गाड़ी को आग लगा दी। पूरी घटना आसपास लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने आरोपी की पहचान शिखर जयेश गोहेल के रूप में की है और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, कार वकील पुष्पा भट्ट (63) और उनके पति कौशिक भट्ट की थी। मोरबी के डीएसपी जेएम आल के मुताबिक, कार का सेंसर किसी के गुजरने पर अलार्म बजा देता था। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। शिकायत के अनुसार, आग से कार को करीब 3.5 लाख रुपए का नुकसान हुआ। सूचना मिलने पर दमकलकर्मियों ने पानी की मदद से आग बुझाई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमेरिकी चुनाव में वोट देने वाले पहले पोप बने लियो XIV

डाक मतपत्र के जरिए मतदान कर रचा इतिहास

एजेंसी ● वेटिकन सिटी
editor@peoplessamachar.co.in

अमेरिकी आम चुनाव में पोप लियो XIV ने अपने मतदान का प्रयोग करके इतिहास रच दिया है। वेटिकन ने शुक्रवार को पुष्टि की कि शिकागो में जन्मे पोप लियो XIV ने नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनाव के लिए डाक मतपत्र के जरिए अपना वोट डाला। वेटिकन ने बयान जारी कर बताया कि लियो XIV, जिनका पूर्व नाम रॉबर्ट प्रीवोस्ट था, ने अमेरिकी नागरिक के रूप में अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल किया। वेटिकन द्वारा जारी बयान के अनुसार पोप ने पेरू में रहने के दौरान भी पात्र होने पर मतदान किया था। वह दो दशक से अधिक समय तक पेरू में मिशनरी पादरी और बिशप के रूप में रहे थे।



पोप लियो XIV

वर्ल्ड विंडो

अमेरिका में हवा में टकराए दो हेलिकॉप्टर, 3 की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिका के ओरेगन राज्य में गुरुवार दोपहर एक हवाई अड्डे के पास दो हेलिकॉप्टरों की हवा में टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना मैकमिनविले म्युनिसिपल एयरपोर्ट के पास स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2:15 बजे हुई। यह जगह पोर्टलैंड से लगभग 40 मील दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। यमहिल काउंटी के शेरिफ सैम इलियट ने बताया कि एक हेलिकॉप्टर में दो लोग सवार थे। इनमें टेक्सास का एक फ्लाइट इंस्ट्रक्टर और ब्रिटेन का एक स्टूडेंट पायलट शामिल था। दूसरे हेलिकॉप्टर में ओरेगन के न्यूबर्ग का एक पायलट अकेला सवार था। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इसकी जांच की जा रही है।

जापान में बांग्लादेशी मजदूरों को बुलाने पर नहीं बनी सहमति

टोक्यो। जापान में बांग्लादेश से एक लाख मजदूरों को बुलाने की खबरों पर विवाद के बाद सरकार ने सफाई दी है। जापान के विदेश मंत्रालय मंत्रालय के प्रवक्ता तोशिहिरो किटामुरा ने स्पष्ट किया कि 27 अक्टूबर को जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची और बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के बीच हुई शिखर वार्ता में एक लाख श्रमिकों को जापान लाने पर कोई सहमति नहीं बनी थी। दरअसल, दोनों देशों की बैठक में अगले पांच वर्षों में बांग्लादेश में जापानी कंपनियों के करीब एक लाख करोड़ येन के निवेश की संभावना पर चर्चा हुई थी। इससे वहां लगभग दो लाख रोजगार पैदा होने का अनुमान है।

जिनपिंग के बाद चीन में सबसे ताकतवर बने झांग शेंगमिन

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सेना के उपाध्यक्ष झांग शेंगमिन को बड़ी राजनीतिक जिम्मेदारी सौंपते हुए कम्युनिस्ट पार्टी की सर्वोच्च नीतिगत इकाई पोलित ब्यूरो का सदस्य नियुक्त किया है। इस फैसले के बाद शेंगमिन का प्रभाव चीनी सेना के साथ पार्टी और सरकार में भी बढ़ गया है। 67 वर्षीय झांग शेंगमिन के पास अब तीन अहम जिम्मेदारियां हैं। वे चीन की सेना के उपाध्यक्ष, सैन्य अनुशासन और भ्रष्टाचार निरोधक व्यवस्था के प्रमुख तथा पोलित ब्यूरो के सदस्य हैं। खास बात यह है कि 2027 में होने वाली पार्टी कांग्रेस से पहले उनकी नियुक्ति की गई है, जो स्थापित परंपरा से अलग कदम माना जा रहा है। जिनपिंग के करीबी माने जाने वाले शेंगमिन ने सेना में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई है।

गुजरात को दो नई ट्रेनों की सौगात; PM मोदी ने दिखाई हरी झंडी

पीपुल्स संवाददाता ● अहमदाबाद
editor@peoplessamachar.co.in

गुजरात में रेल कनेक्टिविटी मजबूत करने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए दो नई रेल सेवाओं की शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महेसाणा-बेचराजी-साबरमती मेमू ट्रेन और साबरमती-वाराणसी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन ट्रेनों से धार्मिक पर्यटन, व्यापार और दैनिक यात्रियों को लाभ मिलेगा। नई मेमू सेवा से साबरमती, अहमदाबाद, कलोल, कड़ी, कटोसन रोड, चाणस्मा, रणुंज, महेसाणा और बेचराजी के बीच आवागमन आसान होगा। इससे प्रसिद्ध बहुचर माता मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वालों को सुविधा मिलेगी। इस ट्रेन का किराया भी किफायती रखा गया है। साबरमती से बेचराजी का सामान्य किराया 25 रुपए, रणुंज का 30 रुपए और महेसाणा का 35 रुपए है। बेचराजी तक मासिक सीजन टिकट 355 रुपए और विद्यार्थियों के लिए 180 रुपए में उपलब्ध होगा।





तीन राज्यों को जोड़ेगी साबरमती-वाराणसी एक्सप्रेस

मंडल रेल प्रबंधक, अहमदाबाद श्री वेद प्रकाश ने कहा कि साबरमती-वाराणसी एक्सप्रेस गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बीच रेल संपर्क मजबूत करेगी। यह ट्रेन महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, आगरा, गोविंदपुरी और मिर्जापुर सहित प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। इस सेवा से वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को सीधी रेल सुविधा मिलेगी।

ज्यूडिशयरी न्यूज

जजों को निशाना बनाने वाले प्रदर्शनों पर लगे रोक

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु पुलिस को निर्देश दिया है कि वह ऐसे सार्वजनिक प्रदर्शनों की अनुमति न दे, जिनका उद्देश्य मौजूदा न्यायाधीशों को व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाना, बदनाम करना या डराना हो। मुख्य न्यायाधीश एसए धर्माधिकारी की पीठ ने कहा कि यदि किसी अनुमति प्राप्त सभा में जजों पर व्यक्तिगत हमले किए जाते हैं, तो पुलिस उसे तुरंत समाप्त कर कानूनी कार्रवाई करे। यह आदेश आर. कार्तिकेयन की जनहित याचिका पर आया।

IRCTC ने रिफंड में काटा 1 रुपया, यात्री को देने पड़ेंगे 3 हजार ज्यादा

एजेंसी ● कासरगोड
editor@peoplessamachar.co.in

ट्रेन टिकट कैंसिल कराने पर सिर्फ 1 रुपये कम लौटाना IRCTC को भारी पड़ गया। केरल के कासरगोड जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने इसे सेवा में कमी और अनुचित व्यापारिक व्यवहार मानते हुए IRCTC को यात्री के पक्ष में फैसला सुनाया है। आयोग ने कंपनी को बकाया 1 रुपये के अलावा 100 रुपए मुआवजा और 3,000 रुपए मुकदमे के खर्च के रूप में देने का आदेश दिया है। दरअसल, यात्री ने 11 अगस्त 2024 को AC थ्री-टियर का टिकट 553 रुपये में बुक किया था। 20 अगस्त की यात्रा के लिए उसने 17 अगस्त को टिकट कैंसिल करा दिया। नियमों के मुताबिक उसे 341 रुपये वापस मिलने थे, लेकिन IRCTC ने केवल 340 रुपए लौटाए। इसके बाद यात्री ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई। आयोग ने कहा कि रकम भले ही छोटी हो, लेकिन ग्राहक को पूरा रिफंड मिलना चाहिए।

5 रु. के पैकेट में मिले 4 चिप्स, देने होंगे 8 हजार रु.

जयपुर। चिप्स के पैकेट में कम वजन मिलने पर जयपुर जिला उपभोक्ता आयोग ने पेप्सिको इंडिया को ग्राहक को 8,000 रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। मामला 5 रुपए के लेज चिप्स पैकेट का है, जिस पर 15 ग्राम वजन दर्ज था, जबकि ग्राहक चंद्रमण जालान के मुताबिक उसमें केवल 4 ग्राम यानी 4 चिप्स मिले थे। आयोग ने कंपनी को 5,000 रुपये मानसिक परेशानी और 3,000 रुपये कानूनी खर्च के लिए देने का निर्देश दिया। भुगतान के लिए एक महीने की मोहलत दी गई है।

PEOPLE'S UNIVERSITY
PEOPLE'S INSTITUTE OF MEDIA STUDIES
Central India's 1st AI Integrated Media Education
24 - YEARS OF - ACADEMIC EXCELLENCE

WHY CHOOSE US?
- पीपुल्स समाचार Live Newspaper Publishing Ecosystem
- PEOPLE'S UPDATE 24 x 7 Digital News Room Access
- Central India's Oldest Media Institute
- AI Powered Media Learning
- Digital Library
- Film Division
- Fully Functional Production Studio
- VFX & Animation Studio
- Digital Broadcasting Lab
- Advanced Photography Studio
- Well-Equipped Video Studio
- Media Industry Mentors
- Project-Based Learning

TRAINING & 100% PLACEMENT

Courses Offered
Hindi / English Medium
MA Journalism (Two Years) Eligibility:- Bachelor's degree in any discipline
MA Broadcasting Journalism (Two Years) Eligibility:- Bachelor's degree in any discipline
MA Mass Communication (Two Years) Eligibility:- Bachelor's degree in any discipline
B.Sc. Electronic Media (3+1 Years) Eligibility:- 10+2 exams in any discipline
MA Advertising & Public Relation (Two Years) Eligibility:- Bachelor's degree in any discipline

EARN WHILE YOU LEARN SCHOLARSHIPS AVAILABLE
REGISTER NOW ! LIMITED SEATS

OUR ALUMNI, OUR PRIDE
Shivam Pandey, Zee Studios
Priya Singh Somvanshi, India TV
Jiya Sharma, abp News
Gyanendra Tiwari, Vistaar News
Manoj Rathore, BS TV News
Vikas Saxena, Network 18
Rachna Bedi, Government of MP
Neha Yadav, Dainik Bhaskar Digital
Avanish Mishra, Tv9 Bharatvarsh
Nayera Ahuja, Actor / Model
Shaily Acharya, Aaj Tak
Neha Bhadoriya, Zee News
Saqib Khan, D B Digital, Bhopal
Akshita Soni, Ministry of Communications
Prayas Malviya, RJ Radio 91.2

INDUSTRY - CONNECTED ECOSYSTEM
CALL US TODAY
9109007361, 7770862458
0755 - 4097070
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (MP) - 462037
www. peoplesmediacollege.com
SCAN TO KNOW MORE

स्वामी पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक कुमार खुराना** द्वारा, पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. करौंद भानपुर बाइपास रोड, भोपाल-462037 (म.प्र.) से मुद्रित एवं 6 मालवीय नगर, भोपाल-462003 से प्रकाशित. **स्टेट एडिटर** : मनीष दीक्षित, **डिप्टी स्टेट एडिटर** : डॉ. राजीव अग्निहोत्री, **स्थानीय संपादक** : विक्रांत गुप्ता* आर.एन.आई.रजि. क्र. **MPHIN/2009/27277** *
समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार. डाक पंजी. क्र. म.प्र./भोपाल/4-201/2026-28 HELPLINE : प्रति बुकिंग हेतु- 9644478222, सुझाव एवं जानकारी आमंत्रित-Email : response@peoplessamachar.co.in .विज्ञापन बुकिंग हेतु- 07879831191, सामान्य जानकारी हेतु- 0755-4282126 समय - प्रातः 10 से सायं 5 बजे।